प्रकाशक
पुस्तक-भंडार, लहेरियासराय (बिहार-प्रान्त)
सर्वाधिकार सुरक्षित

मुद्रक——रा० ना० लाल, विद्यापति प्रेस, लहेरियासराय

विद्यापति की पदावली

[टिप्पणी-सहित]

संकलयिता
श्रीरामवृक्ष बेनीपुरी

बालचंद विज्जावई-भाषा। दुहु नहि लग्गई दुज्जन-हासा।
ओ परमेसर हर-सिर सोहई। ई निश्चय नाअर-मन मोहई॥
—विद्यापति-कृत 'कीर्त्तिलता'

संशोधक
कुमार गंगानन्द सिंह, एम्. ए., एम्. एल. ए.

पुस्तक-भंडार, लहेरियासराय और पटना

समर्पण

हिन्दी के उन 'सफल समालोचकों' के कुशल करों में
जो अपने फतवे को अकाट्य और अलंघनीय साबित करने के लिये
'नवरत्न' में दस रत्न घुसेड़ सकते हैं,
जो 'देव' को श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिये 'बिहारी' को,
एवं बिहारी को श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिये
कितने अन्य कवियों की
कीर्त्ति पर
सफाई के साथ पर्दा डाल सकते हैं,
जो किसी विशेष कवि के श्रद्धालु समर्थकों को
नीचा दिखाने के लिये
'दास' को आकाश पर चढ़ा सकते हैं
तथा
जो 'केशव' की कविता में 'तुलसी' की कविता से
अधिक काव्य-गुण पाते हैं—
अभिनवजयदेव
मैथिलकोकिल

विद्यापति की पदावली

का
यह संक्षिप्त संकलन
उनके नौसिखे संकलयिता द्वारा
सादर, सविनय और सभय समर्पित।

मैथिल-कोकिल

कोकिल की कलकंठता कितनी मधुर, कितनी सरस और कितनी हृदय-ग्राहिणी होती है, इसका परिचय इसीसे मिलता है कि जब संस्कृत के सहृदय विद्वानों को कविकुलगुरु महर्षि वाल्मीकि की वंदना के लिये जिह्वा खोलनी पड़ी तब उन्होंने यही कहा—

कूजन्तं रामरामेति मधुरं मधुराक्षरम्।
आरुह्य कविता-शाखां वन्दे वाल्मीकि-कोकिलम्॥

इस एक श्लोक ही में जो समस्त गुण आदिकवि की रचनाओं में हैं, उनका व्यापक निरूपण है, थोड़े-से शब्दों मे ही बहुत-कुछ कह दिया गया है। इसी प्रकार भारती के वरपुत्र विद्यापति की लोकोत्तर रचनाओं का परिचय देने, उनके माधुर्य, प्रसाद, सरसता और मनोमुग्धकारिता की व्याख्या करने के लिये उनको 'मैथिल-कोकिल' कह देना ही पर्याप्त है। आप मैथिली भाषा-राकारजनी के राकेश और कविता-कामिनी के कमनीय कान्त है। आपकी कोकिल-काकली-कलित मधुमयता, कोमल-कान्त पदावली, भावुक-हृदय-विमोहिनी भावुकता, और नव-नव-भावोन्मेषिणी प्रतिभा देखकर चित्त विमुग्ध हो जाता है। आपके इन्हीं गुणों की आकर्षिणी शक्ति का यह प्रभाव है कि केवल मैथिलीभाषा को ही आपका गर्व नहीं है, बंगभाषा और हिन्दी-भाषा-भाषी भी आपको अपनाने मे अपना गौरव समझते हैं, और आज भी हृदय से आपका अभिनन्दन करते है। तीन-तीस प्रान्तों में समान भाव से समादृत होने का गुण यदि किसी कविता में है, तो आपकी ही कविता में है, अन्य किसी की कविता को आज तक यह महत्त्व नही प्राप्त हुआ। खेद है, ऐसी अपूर्व रचना का समुचित प्रचार अब तक प्रत्येक

प्रान्त में नहीं हुआ। इसी उद्देश्य की पूर्त्ति के लिये यह संग्रह तैयार किया गया है। संग्रहकर्त्ता ने उनकी उत्तमोत्तम रचना-कुसुमावली में से सरस-से-सरस सुमनों के संग्रह करने में जिस मधुप-वृत्ति का परिचय दिया है, उसकी भूयसी प्रशंसा की जा सकती है। पाद-टिप्पणियाँ तो सोने मे सुगन्ध है। यदि आपलोगो ने इसका समुचित समादर किया तो अतीव सुन्दर आकार-प्रकार मे उक्त कविपुंगव की अधिकांश रचना आपलोगों के कर-कमलो मे अर्पित की जावेगी। उस समय मैं एक वृहत् भूमिका-द्वारा इसी महान् कवि की रचनाओ पर समुचित प्रकाश डालने की चेष्टा करूँगा। आज इन कतिपय पंक्तियो को लिखकर ही संतोष ग्रहण करता हूँ।

हिन्दू-विश्वविद्यालय,
काशी

अयोध्यासिंह उपाध्याय

द्वितीय संस्करण

हिन्दी-भाषा के प्रेमियों ने जिस प्रकार विद्यापति की पदावली के इस सचित्र-सटीक-संकलन के प्रथम संस्करण को अपनाया है उसका अनुभव कर मैं नितान्त सुखी हूँ। आज इस संकलन का दूसरा संस्करण प्रकाशित होने जा रहा है। इस उपलक्ष में सहृदय प्रकाशक महोदय तथा संकलयिताजी को मैं बधाई देता हूँ।

प्रकाशकजी के अनुरोध से बाध्य होकर संशोधन करने की दृष्टि से मैंने इसकी पुनरावृत्ति की। मुख्यतः यह श्रीयुत नगेन्द्रनाथ गुप्त के संकलन पर अवलम्बित है। जब तक उस संकलन की परीक्षा प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों के सहारे न की जायगी तब तक मूल पदों पर कलम लगाना अनुचित होगा। पर इसके लिये जितना अवकाश चाहिये वह मुझे नहीं मिल सका। इस संकलन की बड़ी माँग है, अतएव अधिक दिनों तक इसे अप्रकाशित रखना भी उचित नहीं है। मूल पदों के पाठ को मैंने ज्यों-का-त्यों रहने दिया है; क्योंकि इससे शुद्ध पाठ अब तक पाठकों को देखने का सौभाग्य नहीं हुआ है और वे इससे अभ्यस्त सा हो गये है। बिना प्रमाण के इसमें यदि हेरफेर किया जाय तो कैसे ? हाँ, कई स्थानों मे मुझे सन्देह उत्पन्न हुए थे, पर उनका निराकरण तब तक नहीं हो सकेगा जब तक हस्तलिखित प्राचीन पुस्तकों को मैं न देखूँगा।

टीका में मैंने जहाँ-तहाँ कुछ हेरफेर किया है। तत्कालीन साहित्य के अभाव के कारण विद्यापति की पदावली का अर्थ लगाना सब स्थानों में सर्वथा विवाद-शून्य नहीं रह सकता। लोग समझते होंगे कि मैथिल इन मैथिली पदों को अच्छी तरह समझते होंगे। यद्यपि साधारणतया यह ठीक है, पर सम्पूर्णतया नहीं। आधुनिक मैथिली विद्यापति के

धन्यवाद

इस पुस्तक के पदों के संकलन में मुझे नगेन्द्रनाथ गुप्त द्वारा सम्पादित और जस्टिस शारदाचरण मित्रा द्वारा प्रकाशित बँगला 'विद्यापतिर पदावली' से अधिक सहायता मिली है, अतः इन सज्जनों का मैं अत्यन्त अनुग्रहीत हूँ। 'विद्यापति का परिचय' लिखने में उक्त पुस्तक, 'मैथिलकोकिल विद्यापति', 'हिस्ट्री ऑफ तिरहुत' एवं 'मैथिली-दर्पण' से सहायता मिली है; अतः इनके लेखक भी मेरे धन्यवाद के पात्र हैं।

हिन्दू विश्वविद्यालय के अध्यापन एवं कविता-रचना से अपना अमूल्य समय बचाकर इस छोटे-से संग्रह के लिये एक छोटी—किन्तु चोखी भूमिका—लिख देने के लिये प० अयोध्यायजी का मैं चिर-ऋणी हूँ।

सुहृद्वर बाबू शिवपूजनसहाय, श्रद्धेय प० जनार्दन झा, श्री जगदीश्वर ओझा, 'मैथिली'-सम्पादक बाबू वदितनारायणलाल दास, मित्रवर श्री रामनाथ 'सुमन' प्रिय 'विकल' आदि ने इस संग्रह को उपयोगी बनाने में मेरी सहायता की है; इनके प्रति मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

सबसे अधिक धन्यवाद के पात्र हैं पुस्तक-भंडार के प्राण बाबू रामलोचनशरणजी, जिनके उत्साह-दान से ही यह पुस्तक लिखी गई है और जिन्होंने इसे सुलभ और सुन्दर बनाने में कुछ भी उठा नहीं रक्खा है।

—श्रीबेनीपुरी

विद्यापति का परिचय

Every reader of the beautiful selection of Vdiyapati's poems is sure to be rewarded with delight and pleasure that are the fruit of literary pursuits.

—The 'People', Lahore.

प्रस्तुत पुस्तक में विद्यापति के संबन्ध में जितनी जानने योग्य बातें हैं उन सबका बहुत अच्छी तरह विवेचन किया गया है। यह संस्करण बहुत ही अच्छा निकला। पाद-टिप्पणियाँ बहुत ही उपयोगी हैं। इस संस्करण की उपयोगिता के विषय में हम केवल यही कह सकते हैं कि हमारे 'एक मित्र; जो हिन्दी-साहित्य से सर्वथा विरक्त थे, इन पादटिप्पणियों की सहायता से 'विद्यापति' का अध्ययन करके ही 'हिन्दी-साहित्य' के उपासक बन गये।

—'माधुरी' (लखनऊ)

जन्मस्थान

विद्यापति का जन्म 'दरभंगा' जिले के 'बेनीपट्टी' थाने के अन्तर्गत 'बिसपी' गाँव में हुआ था। दरभंगे से जो रेलगाड़ी उत्तर-पश्चिम की ओर जाती है, उसका तीसरा स्टेशन 'कमतौल' है। कमतौल से लगभग चार मील पर यह गाँव है। विद्यापति के पूर्वज बहुत दिनों से यहीं वास करते थे। इस गाँव का पहला नाम 'गढ़-विसपी' था। इनको यह गाँव, इनके आश्रय-दाता राजा शिवसिंह की ओर से, उपहार-स्वरूप मिला था। इस दान का ताम्रपत्र भी प्राप्त हुआ है। उस ताम्रपत्र का कुछ अंश यहाँ दिया जाता है—

स्वस्तिश्रीगजरथपुरात समस्तप्रक्रियाविराजमानश्रीमद्रामेश्वरीवर-लब्धप्रसादभवानीभवभक्तिभावनापरायणरूपनारायण महाराजाधिराज-श्रीमच्छिवसिंहदेवपादस्समरविजयिनो जरैल तप्पायां 'विसपी' ग्रामवा-स्तव्य सकललोकान् भूकर्षकांश्च समादिशन्ति। ज्ञातुमस्तुभवताम्। ग्रामोऽयमस्माभिः सप्रक्रियाभिर्नवजयदेव महाराजपंडित ठक्कुर श्रीविद्या-पतिभ्यः शासनीकृत्य प्रदत्तोऽतोऽयमेतेषां वचनकरी भूकर्षणादिकर्म्मकरि-ष्यथेति॥ ल० सं० २९३ श्रावण शुदि ७ गुरौ।

इनके वंशधर बहुत दिनों तक इसी गाँव में बसते रहे। किन्तु, इधर चार पुश्त पहले, वे इस गाँव को छोड़कर इसी जिले के 'सौराठ' नामक गाँव में बस गये हैं। अँगरेजी राज्य के पहले तक वे लोग इस गाँव का उपभोग, लाखिराज के रूप में, करते थे। किन्तु अँगरेजी सरकार द्वारा सर्वे (पैमाइश) होने के समय इस गाँव का स्वत्व इनके वंशधरों से छीन लिया गया। उस समय इनके वंशधरों ने अपना स्वत्व सिद्ध करने के लिये उपर्युक्त ताम्रपत्र पेश किया था। इस ताम्रपत्र के सम्बन्ध में कुछ दिनों तक खूब विवाद चला। ग्रिअर्सन साहब इसे जाली बताते रहे। किन्तु महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री तथा अन्य वंशीय अनु-संधान-कर्त्ताओं ने इस दान-पत्र को प्रामाणिक माना है।

'बिसपी' गाँव इनको शिवसिंह ने अवश्य दिया था। विद्यापति के पुत्र सिद्ध विद्वेषी पंडित केशव मिश्र इसी दान की ओर लक्ष्य कर 'अति लुब्ध नगर-याचक' नाम से इनका उपहास किया करते थे।

बंगाली नहीं, बिहारी

इन्हें बंग-देशीय सिद्ध करने के लिये भी कोशिश हुई थी।

बात यों है कि इनकी अधिकांश रचनाएँ शृंगार-रस से ओत-प्रोत हैं। भारतीय शृंगारी कवियों के प्रधान उपास्य देव हैं—राधाकृष्ण। संस्कृत और ब्रज-भाषा का शृंगार-साहित्य राधाकृष्ण की केलि-क्रीड़ाओं से भरा पड़ा है। इन्होंने भी अपने पदों में राधाकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया है और खूब किया है। इस विषय के ऐसे मधुर और कोमल पद भाषा-साहित्य में कहीं अन्यत्र मिलना कठिन है।

जिस समय बंगाल में चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव हुआ, उस समय इस कवि-कोकिल की काकली मिथिला की गली-गली को रसप्लावित कर बंगाल के श्यामल व्योम मंडल को गुँजा रहा था। चैतन्यदेव के कानों में भी इसकी मधुर ध्वनि पड़ी। सुनते ही वे मंत्र-मुग्ध हो गये। वे ढूँढ़-ढूँढ़कर इनके पद गाने लगे। इनके अलौकिक पदों को गाते-गाते प्रेमावेश में, वे मूर्च्छित हो जाते थे!

चैतन्यदेव भारत के अवतारी पुरुषों में हैं—ऐसा सौभाग्य प्राप्त करना विद्यापति के लिये कितने गौरव की बात है!

चैतन्यदेव की शिष्य-परम्परा में विद्यापति के पद गाने की प्रथा अनुदित बढ़ती गई। यही नहीं, विद्यापति के ही अनुकरण पर कृष्णदास, नरोत्तमदास, गोविन्ददास*, ज्ञानदास, श्रीनिवास, नरहरिदास आदि बंगीय कवियों ने कविताएँ बनाना प्रारम्भ किया।

---

* 'गोविन्ददास' मैथिल कवि थे। इनके पदों का सटिप्पण संग्रह 'गोविन्दगीतावली' नाम से 'पुस्तक-भंडार' द्वारा प्रकाशित हो चुका है।

बाबू नगेन्द्रनाथ गुप्त लिखते हैं—"विद्यापतिर जे रूप अनुकरण हइआछिल, बोध हय कोन देशे कोन कविर तद्रूप हय नाइ। ... ताहाँरइ भाषा भाँगिया-चूरिया, गड़िया-गाठिया, रूप-रस, छन्दोबंध, भाव-भंगी, शब्द, उत्प्रेक्षा, उपमा, ताँहारइ पदावली हइते लइया लोकमनोमोहन वैष्णवकाव्यसमूह सृजित हइल।"

श्रीत्रैलोक्यनाथ भट्टाचार्य, एम्० ए०, बी० एल० ने जो लिखा था उसका भाव देखिये—"विद्यापति और चंडीदास की अतुलनीय प्रतिभा से समस्त बंग-साहित्य उज्ज्वल और सजीव हुआ है। वैष्णव गोविन्द-दास और ज्ञानदास से लेकर हिन्दू बंकिमचन्द्र और ब्राह्म रवीन्द्रनाथ ठाकुर तक सब ही उनलोगों की आभा से आलोकित हैं, और उनलोगों का अनुकरण करके कविता-रचना में व्यस्त पाये जाते है।"

फल यह हुआ कि विद्यापति बंगालियों के रगरग में प्रवेश कर गये। सैकड़ों वर्षों तक लगातार बंगालियों द्वारा गाये जाने के कारण इनके बंगदेशीय पदों का रूप भी ठेठ बँगला हो गया। अब तो बंगाली लोग यह सर्वथा भूल ही गये कि 'विद्यापति बंगाली नहीं, मैथिल थे'।

बंगाली भाई अपनी कुशाग्र बुद्धि के लिये प्रसिद्ध है। उन लोगों ने इनका निवास-स्थान भी बंगाल ही में ढूँढ निकाला! यही नहीं, 'शिवसिंह' नामक एक बंगाली राजा भी कहीं से टपक पड़े—'रानी लखिमा देवी' भी मिल गई! यों सब प्रकार से सिद्ध हो गया कि 'विद्यापति ठेठ बंगाली थे!

बँगला १२८२ साल में (स्वर्गीय) राजकृष्ण मुखोपाध्याय ने पहले-पहल 'वङ्गदर्शन' नामक पत्र में यह प्रकाशित किया कि 'विद्यापति बंगाली नहीं, मैथिल थे'। इसके प्रमाण में उन्होने उपर्युक्त ताम्रपत्र आदि पेश किये। फिर तो सारे बंगाल में कोलाहल मच गया। विद्यापति पर बंगाली लोग इतने फिदा थे कि उनका अन्यदेशीय सिद्ध होना वे सुनना नहीं चाहते थे।

उस समय एक प्रसिद्ध बँगला-लेखक ने यह अन्दाज लड़ाया था कि विद्यापति बंगाली ही थे—पहले बंगाली लोग मिथिला में विद्याध्ययन को

जाते थे—सम्भव है, विद्यापति यहाँ से विद्याध्ययन को गये हों और वहाँ अपनी प्रतिभा से राजा शिवसिंह को प्रसन्न कर गाँव प्राप्त किया हो और बस गये हो।

किन्तु ये सब गपोड़-बाजियाँ अब गलत साबित हो चुकी हैं। महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री, जस्टिस शारदाचरण मित्र, बाबू नगेन्द्रनाथ गुप्त आदि सभी बंगीय विद्वानों ने यह कबूल कर लिया है कि ये मिथिला-निवासी थे और इन्होंने मैथिली भाषा में कविता की है।

हमें धन्यवाद देना चाहिये श्रीयुत ग्रिअर्सन साहब को, जिन्होंने सबसे पहले विद्यापति का बिहारी होना सिद्ध किया था।

जन्म-काल

प्राचीन कवियों की तरह विद्यापति के जन्म और मृत्यु के समय भी निश्चित नहीं हैं। किंवदन्ती तथा स्फुट पदों के आधार पर ही इसकी विवेचना करना सम्प्रति संभव है।

पता तो केवल इसी का लगता है कि लक्ष्मणाब्द २९३ या शकाब्द १३२४ में देवसिंह मरे थे, उसी साल शिवसिंह राजगद्दी पर बैठे थे, और राजगद्दी पर बैठने के छः महीने के अन्दर उन्होंने विद्यापति को 'बिसपी' गाँव उपहार में दिया था।

शिवसिंह के पिता देवसिंह की मृत्यु के विषय में विद्यापति का एक पद यों है—

अनल[3] रन्ध्र[९] कर[२] लक्खन नरवइ सक समुद्द[४] कर[२] अगिनि[3] ससी[१]।
चैत कारि छठि जेठा मिलिओ बार बेहप्पय जाहु लसी॥
देवसिंह जू पुहुमि छड्डिअ अद्धासन सुरराय सरू। इत्यादि

बाबू ब्रजनन्दन सहाय ने अपने 'मैथिल-कोकिल विद्यापति' ग्रंथ में लिखा है कि "बिसपी गाँव प्राप्त करने के समय विद्यापति की अवस्था केवल बीस वर्ष की थी —इसके पहले विद्यापति ने 'कीर्त्तिलता' नाम की पुस्तक लिखी थी। इस प्रकार सहायजी उसे १६ की अवस्था में लिखी

हुई बताते हैं। सहायजी का यह कथन अनुमान-विरुद्ध तथा ऐतिहासिक प्रमाणों से असत्य सिद्ध होता है।

सबसे प्रधान कारण तो यह है कि शिवसिंह गद्दी पर बैठने के तीन वर्ष के बाद ही मुसलमानों से युद्ध करते हुए पराजित होकर किसी अज्ञात स्थान में चले गये, जहाँ से वे पुनः नहीं लौटे— सम्भवतः वे उसी युद्ध में मारे गये। इतिहास से यह * सिद्ध है, और स्वयं सहायजी ने भी इसे स्वीकार किया है। इससे तो यही सिद्ध होता है कि कुल तेईस वर्ष की अवस्था तक ही विद्यापति और शिवसिंह की संगति रही।

विद्यापति के अधिकांश पदों में शिवसिंह का नाम है। क्या यह कभी सम्भव हो सकता है कि केवल तीन-चार वर्षों के अन्दर ही इतने पद लिखे गये हों? अनुमान की बात जाने दीजिये, इतिहास भी इसके विरुद्ध है।

सहायजी ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि विद्यापति बचपन में अपने पिता 'गणपति ठाकुर' के साथ राजा गणेश्वर के दरबार में आते-जाते थे। नैपाल- दरबार के पुस्तकालय में विद्यापति रचित 'कीर्त्तिलता' की पूरी पुस्तक महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्रीजी ने देखी थी और उसकी नकल भी उन्होंने करा ली थी। उस 'कीर्त्ति-लता में लिखा हुआ है कि २५२ लक्ष्मणाब्द में राजा गणेश्वर की मृत्यु हुई थी। अतः राजा गणेश्वर की मृत्यु के पहले तो विद्यापति का जन्म अवश्य हो गया होगा—वे ऐसी अवस्था के जरूर रहे होंगे कि दरबार में अपने पिता के साथ जा सकें। २९२ लक्ष्मणाब्द में यदि विद्यापति केवल २० वर्ष के थे, तो २५२ लक्ष्मणाब्द में वे राजा गणेश्वर के दरबार में कैसे आ-जा सकते थे—उस समय तो उनका जन्म भी न हुआ होगा!

---

*'मिथिला दर्पण' के रचयिता ने देवसिंह के बाद शिवसिंह का ४६ वर्षों तक राज करने की बात लिखी है। किन्तु 'मिथिलादर्पण' का काल-निर्णय नितांत अशुद्ध जान पड़ता है। यहाँ तक कि उसमें दी हुई राजाओं की वंशावली भी अशुद्ध है।—लेखक

बात यों है कि सहायजी को बाबू अयोध्याप्रसाद खत्री-लिखित 'मिथिला-राज्य की वंशावली' ने धोखा दिया है। खत्रीजी के कथनानुसार शिवसिंह के पिता देवसिंह की मृत्यु १४४६ ईसवी में हुई थी, जो लक्ष्मणाब्द २४७ होता है *। सहायजी ने स्वयं इसका खंडन किया है; क्योंकि विद्यापति के कथनानुसार लक्ष्मणाब्द २९३ में देवसिंह की मृत्यु हुई था। यों खत्रीजी ने सहायजी के गणनानुसार ४६ वर्ष की भूल की है!

किन्तु एक जगह खत्रीजी के समय को गलत मानकर भी दूसरी जगह सहायजी ने उसे प्रामाणिक मान लिया है! 'दुर्गाभक्ति-तरंगिणी' नामक पुस्तक विद्यापति ने राजा नरसिंहदेव के समय में लिखना शुरू किया था, और उनके बाद के राजा धीरसिंह के समय में समाप्त किया था। नरसिंहदेव का समय खत्रीजी ने १४७० ई० लिखा है।- सहायजी ने इस समय को प्रामाणिक मान लिया है!

जब १४७० ई० के बाद तक विद्यापति के जीवित रहने की बात स्वीकार कर ली गई, तब उनके जन्म-संवत् को आगे बढ़ाना सहायजी के लिये जरूरी था। किन्तु सोचना तो यह था कि जिस प्रकार देवसिंह की मृत्यु के विषय में खत्रीजी ने ४६ वर्ष की भूल की है, वही ४६ वर्ष की भूल यहाँ भी की होगी। खत्रीजी की यह भूल भी इतिहास-सिद्ध है।

स्वयं सहायजी ने अपनी पुस्तक के पृष्ठ २० में लिखा है कि नरसिंह-देव के पुत्र धीरसिंह के राजत्वकाल में 'सेतुबंध' नामक प्राकृत-ग्रंथ की 'सेतुदर्पणी' नामक टीका लिखी गई थी, जिसके अनुसार ३२१ लक्ष्मणाब्द

---

* लक्ष्मणाब्द और ईसवी सन् के तारतम्य में भिन्न-भिन्न ऐतिहासिकों के भिन्न-भिन्न मत हैं। सहायजी ने शिवसिंह के राज्यारोहण काल (२९३ ल० सं०) को १४०० ई० माना है, 'हिस्ट्री आफ तिरहुत' के रचयिता ने इसे १४१२ ई० लिखा है, और मेरे हिसाब से यह १४०२ ई० पड़ता है।—लेखक

मे धीरसिंह सिंहासन पर विराजमान बतलाये गये हैं। ३२१ लक्ष्मणाब्द १४२८ ई० में पड़ता है *। सोचने की बात है कि जब पुत्र १४२८ ई० में राजगद्दी पर बैठा था, तब उसका पिता १४७० में कैसे राजा हुआ? बस, साफ प्रकट है कि खन्नीजी ने यहाँ भी ४६ वर्ष की गलती की है।

१४७० में ४६ घटा देने पर १४२४ ई० में नरसिंहदेव का राजा होना सिद्ध होता है। नरसिंहदेव ने, सहायजी के ही कथनानुसार, एक ही वर्ष तक राज किया था। सम्भव है, १४२५ में वे मर गये हों और १४२८ में उनके पुत्र धीरसिंह राजगद्दी पर विराजमान रहे हों। 'सेतुदर्पणी' से भी यही पता चलता है।

इसी ४६ वर्ष के फेर में पड़कर जहाँ सहायजी ने केवल २० वर्ष की अवस्था में शिवसिंह और विद्यापति की भेंट कराकर तीन ही वर्षों में उनका चिरवियोग कराया, वहाँ विद्यापति की शताधिक वर्ष की अवस्था का भी भ्रम उन्हें हो गया था—जिसका औचित्य प्रमाणित करने के लिये आपने जमीन-आसमान का कुलावा मिलाया है, निजी और सार्वजनिक सब प्रमाणों को पेश किया है।

सहायजी को एक और तिथि ने भी धोखा दिया है। आपने पृष्ठ २३ में लिखा है कि ३४९ लक्ष्मणाब्द में इनके अपने हाथ से भागवत-पोथी की नकल करना सिद्ध होता है। यह गलत है। नगेन्द्रनाथ गुप्त ने मैथिल कविवर 'चंदा झा' के साथ स्वयं 'तरौनी' जाकर उस पुस्तक को देखा था। उस पुस्तक के अंत में लिखा है—"शुभमस्तु सर्वार्थगता ल० सं० ३०९ श्रावण शुदि १५ कुजे राजाबनौली ग्रामे श्रीविद्यापतिर्लिपिरियमिति।" इस ३०९ को ही सहायजी ने भ्रमवश ३४९ मान लिया है!

अब यथार्थ बात सुनिये। वह इतिहास और जनश्रुति दोनों पर अवलम्बित है, और आपको युक्तियुक्त भी मालूम पड़ेगी।

एशियाटिक सोसाइटी में एक प्राचीन हस्तलिखित पोथी है, जो १३२२ शकाब्द (=२९० लक्ष्मणाब्द) की लिखी हुई है। वह पोथी

---

* सहायजी की गणना के अनुसार।—लेखक

शिवसिंह की राजधानी 'गजरथपुर' में विद्यापति की प्रेरणा से लिखी गई थी। दो ब्राह्मणों ने उसे लिखा था। उसमें विद्यापति को 'सप्रक्रिय सदुपाध्याय ठक्कुर श्री विद्यापति' लिखा है, और शिवसिंह का नाम 'महाराजा' की उपाधि से युक्त है।

इससे दो बातों का पता चलता है। एक यह कि शिवसिंह अपने पिता के जीवनकाल में ही 'महाराजा' कहलाते थे। [मालूम होता है, वृद्ध पिता ने अपना शासन-भार पुत्र को ही सौंप दिया था और जनता शिवसिंह को ही अपना अधिपति मानती थी।] दूसरी बात यह प्रकट होती है कि शिवसिंह के सिंहासनारोहण के पहले से ही विद्यापति दरबार में रहते थे। देवसिंह के नाम से विद्यापति ने कुछ पद भी बनाये हैं।

हाँ, तो यह सिद्ध है कि पिता की मृत्यु के पहले से ही शिवसिंह राज्य-शासन करते थे। मिथिला में यह जनश्रुति है कि शिवसिंह पचास वर्ष की अवस्था में राजगद्दी पर बैठे थे और विद्यापति उनसे दो वर्ष बड़े थे। अतः शिवसिंह के राज्यारोहण के समय विद्यापति की अवस्था ५२ वर्ष की थी।

यदि यह जनश्रुति तथ्यपूर्ण मान ली जाय, तो प्रायः हम सत्य के निकट पहुँच सकेंगे; क्योंकि विद्यापति को उपर्युक्त ताम्रपत्र में 'अभिनव जयदेव' लिखा है। उस समय तक विद्यापति की कीर्त्ति चारों ओर फैल गई रही होगी। इनकी कविता के माधुर्य पर मुग्ध होकर लोग इन्हें 'अभिनव जयदेव' कहने लगे थे। इनकी कविता राजा के अन्तःपुर से लेकर गरीबों की झोंपड़ियों तक में गूँज रही थी। राजसिंहासन पर बैठने के समय शिवसिंह अपने प्यारे सहचर विद्यापति को कैसे भूल सकते थे? जिसकी कविता-सुधा का पान कर वे मस्त बने थे, जिसकी कविता उन्हें और उनकी सहधर्मिणी 'लखिमा' को अमर कर चुकी थी, उसे वे कैसे कुछ पुरस्कार न देते? अतः राजगद्दी पर बैठने के कुछ ही दिनों के बाद उन्होंने विद्यापति को 'बिसपी' गाँव प्रदान किया।

बिसपी गाँव २९३ लक्ष्मणाब्द में विद्यापति को दिया गया था। उस समय उनकी अवस्था लगभग ५२ वर्ष की होगी। अतः उनका जन्म २४१ लक्ष्मणाब्द में, या संवत् १४०७ विक्रमीय (=सन् १३५० ई०) में, होना सम्भव है।

इस कथन की पुष्टि पूर्वोक्त राजा गणेश्वरसिंह के दरबार में विद्यापति के आने-जानेवाली बात से भी होती है। 'कीर्त्तिलता' के अनुसार राजा गणेश्वर २५२ लक्ष्मणाब्द में परलोकवासी हुए थे। उस समय विद्यापति १०—११ वर्ष के रहे होंगे। तभी तो इनके पिता इन्हें राजदरबार में ले जाते थे।

वंश-विवरण

विद्यापति मैथिल ब्राह्मण थे। इनका मूल 'बिसइवार' और आस्पद 'ठाकुर' था।

मैथिलों में पंजी-प्रथा का प्रचलन है। जितने मैथिल ब्राह्मण और कर्ण कायस्थ हैं, सभी के नाम, पुश्त-दर-पुश्त, एक पोथी मे लिखे हुए है। इस पोथी को 'पंजी' कहते हैं।

पंजी से पता चलता है कि 'गढ़बिसपी' में कर्मादित्य त्रिपाठी नामक ब्राह्मण रहते थे। थे राजमंत्री थे। थे विद्यापति के वंश के आदि-पुरुष 'विष्णुशर्मा ठाकुर' के पोते थे।

कर्मादित्य के बाद इनके वंश में जितने महापुरुषों ने जन्म लिया, सभी तत्कालीन मिथिला के राजा के दरबार मे उच्च पदों पर काम करते रहे—कोई राजमंत्री थे, कोई राजपंडित—किसी को 'महामहत्तक' का उपाधि प्राप्त हुई, तो किसी को 'सान्धि-विग्रहिक' की।

इनका वंश अपनी विद्वत्ता और बुद्धिमत्ता के कारण उस समय मिथिला में बेजोड़ था। इनके वंश में कितने ही लेखक और कवि भी हो गये हैं।

कर्मादित्य के पोते वीरेश्वर ठाकुर ने, जो नान्य-वंशी राजा शत्रुसिंह

एवं उनके पुत्र हरिसिंहदेव * के राजमंत्री भी थे, 'छान्दोग्य-दशकर्मपद्धति' की रचना की थी। अभी तक इसी पुस्तक के अनुसार बिहार में दशकर्म किये जाते हैं।

वीरेश्वर के सोदर भाई धीरेश्वर, जो विद्यापति के निज प्रपितामह थे, 'महावार्त्तिकनैबन्धिक' नाम से प्रख्यात थे। वीरेश्वर के पुत्र चण्डेश्वर ने 'कृत्य-चिंतामणि', 'विवादरत्नाकर', 'राजनीति-रत्नाकर' आदि सप्तरत्नाकरों की रचना की थी। 'राजनीति-रत्नाकर' एक अत्यन्त बहुमूल्य ग्रन्थ है। प्राचीन भारतीय राजनीति पर इससे बहुत-कुछ प्रकाश पड़ता है। वे उपर्युक्त हरिसिंहदेव के मंत्री एवं महाभत्तक सान्धि-विग्रहिक थे।

विद्यापति के पिता पण्डित गणपति ठाकुर भी राजमंत्री थे। वे एक अच्छे कवि थे। उन्होंने 'गंगाभक्ति-तरङ्गिणी, नाम की एक पुस्तक की रचना की थी।

यों देखा जाता है कि विद्यापति का वंश सरस्वती का अपूर्व कृपापात्र रहा है। जिस प्रकार इनके पूर्वजों ने राज्यकर्म में अपनी अपूर्व चातुरी दिखलाई थी, उसी प्रकार सरस्वती-सेवा में भी वे लोग पीछे नहीं रहे हैं। ऐसे प्रतिभावान् कुल में उत्पन्न होकर विद्यापति ने जो कुछ काव्य-कुशलता दिखलाई है, वह स्वाभाविक ही है।

प्रारम्भिक जीवन

विद्यापति के पिता गणपति ठाकुर राजा गणेश्वर के सभापंडित थे। इनकी माता का नाम था 'हाँसिनी देवी'।

वह पिता धन्य है, जिसे ऐसा पुत्ररत्न प्राप्त हुआ था। वह माता भी धन्य है, जिसने ऐसे पुरुषरत्न को अपने गर्भ में धारण किया था। विसपी

* हरिसिंहदेव शिवसिंह से बहुत पहले प्रसिद्ध 'सिमराँव गढ़' के अधिपति थे। उन्होंने नेपाल को जीता था।—लेखक

गाँव की प्रत्येक कणा पुण्यमय और धन्य है, जहाँ ऐसे कविकोकिल ने अपना जीवन व्यतीत किया था।

कहा जाता है, गणपति ठाकुर ने कपिलेश्वर महादेव की आराधना करके विद्यापति-सा पुत्र-रत्न प्राप्त किया था।

विद्यापति ने सुप्रसिद्ध हरिमिश्र से विद्याध्ययन किया था और उनके भतीजे सुख्यात पक्षधर मिश्र इनके सहपाठी थे। विद्यापति अपने पिता के साथ राजा गणेश्वर के दरबार मे बचपन से ही आया-जाया करते थे।

गणेश्वर के बाद कीर्त्तिसिंह राजा हुए। विद्यापति उनके दरबार मे आने-जाने लगे। प्रारम्भ से ही इनमे प्रतिभा की झलक दीख पड़ती थी। कीर्त्तिसिंह के दरबार मे, मालूम होता है, ये कुछ अधिक काल तक रहे होंगे, क्योंकि कीर्त्तिसिंह के नाम पर ही इन्होंने अपना पहला ग्रन्थ 'कीर्त्तिलता' रचा था। यह पूरा ग्रन्थ नैपाल के राज-पुस्तकालय में है। मिथिला में इस ग्रन्थ का केवल फुटकर अंश मिलता है।

'कीर्त्तिलता' कवि की तरुण वयस की रचना है। इसकी भाषा संस्कृत प्राकृत-मिश्रित मैथिली है। कवि ने इस भाषा का नामकरण 'अवहट्ट' भाषा किया है। 'कीर्त्तिलता' के प्रथम पल्लव मे कवि ने स्वयं कहा है—

देसिल बअना सब जन मिट्ठा।
ते तैसन जम्पओ अवहट्ठा॥

'देशी भाषा सबको मीठी लगती है, यही जानकर मैंने अवहट्ट भाषा मे इसकी रचना की है।'

किन्तु इस पुस्तक की रचना के समय, मालूम होता है, कवि अपनी काव्य-कुशलता के लिये बहुत प्रसिद्ध हो गये थे। इनकी भाषा पर सभी मुग्ध थे। इनका प्रतिद्वन्द्वी उसी अवस्था में कोई नहीं था। ये अभिमान के साथ इस पुस्तक के प्रथम पल्लव मे लिखते हैं—

बालचन्द विज्जावइ भाषा। दुहु नहि लग्गइ दुज्जन हासा॥
ओ परमेसर हर-सिर सोहइ। इ निच्चय नायर-मन मोहइ॥

"बाल-चन्द्रमा और विद्यापति की भाषा—इन दोनों पर दुष्टों की हँसी लग नहीं सकती। वह (बालचंद्रमा) देवता के रूप में शिव के सिर पर सोहता है और यह (विद्यपति की भाषा) निश्चय-पूर्वक नागरों का—सुचतुर भाषा-पंडितों का—मन मोहती है।"

इस पद के एक-एक शब्द से कवि का अभिमान टपकता है! 'जयदेव' के समान इन्हें भी अपनी भाषा पर नाज था। बात भी ठीक है। हम दावे के साथ कह सकते हैं कि भाषा की मिठास और कोमलता की दृष्टि से तो इनका कोई भी प्रतिद्वंद्वी हिन्दी-साहित्य में नहीं है।

कीर्त्तिसिंह के बाद शिवसिंह के पिता देवसिंह राजा हुए। देवसिंह के समय में राज्यशासन का भार शिवसिंह के ही कंधों पर था। उसी अवसर पर विद्यापति और शिवसिंह में घनिष्टता हुई। तब से विद्यापति शिवसिंह के अन्तिम समय तक उन्हीं के पास रहे।

संस्कृत-रचनाएँ

इसमें सन्देह नहीं कि संस्कृत-साहित्य का विद्यापति ने पूरी तरह से अनुशीलन किया था। इसका प्रमाण इनकी लिखी हुई संस्कृत की अनेकानेक पोथियाँ हैं।

प्रथम रचना उपर्युक्त 'कीर्त्तिलता' है।

दूसरी पोथी 'भू-परिक्रमा' है। यह राजा देवसिंह की आज्ञा से लिखी गई थी। इसमें नैतिक शिक्षा से भरी कहानियाँ हैं। इसीका बृहद् रूप 'पुरुष-परीक्षा' है।

तीसरी पोथी है—'पुरुष-परीक्षा'। मालूम होता है, यह उस समय की रचना है जब इनके मस्तिष्क का पूरा विकास हो चुका था। यह राजा शिवसिंह की आज्ञा से, उन्हीं के राजत्वकाल में, लिखी गई थी। इसमें ललित कथाओं के रूप में धार्मिक एवं राजनीतिक विषयों का वर्णन है। इसमें भी कवि ने श्रृङ्गार-रस के परदे में राजनीति और धर्म की शिक्षा दी है। इस पुस्तक का बहुत मान है। १८३० ईसवी में

इसका अँगरेजी में अनुवाद हुआ था। यह अनुवाद, लार्डबिशप टर्नर के परामर्श से, राजा कालीकृष्ण बहादुर ने किया था। फोर्टविलियम-कालेज में पहले यह पाठ्य पुस्तक का तरह पढ़ाई जाती थी। उक्त कालेज के बङ्गभाषा के अध्यापक हरप्रसाद राय ने १८१५ ई० में इसका भाषानुवाद किया था। ※

चौथी पुस्तक 'कार्त्ति-पताका' है। इसमें मैथिली भाषा मे लिखी गई प्रेम-सम्बन्धी कविताएँ हैं।

पाँचवीं 'लिखनावली' है, जिसमे संस्कृत मे पत्रव्यवहार करने की रीति वर्णित है। यह रजाबनौली के अधिपति 'पुरादित्य' के लिये, २९९ लक्ष्मणाब्द में, लिखी गई थी। इसी रजाबनौली में विद्यापति ने ३०९ लक्ष्मणाब्द में अपने हाथ से 'भागवत' लिखकर समाप्त की थी।

छठी पुस्तक 'शैव-सर्वस्व-सार' है। यह शिवसिंह की मृत्यु के बहुत दिनों के बाद, रानी विश्वासदेवी के समय में, लिखी गई थी। इसमें भवसिंह से लेकर विश्वासदेवी तक के समय के राजाओं की कीर्ति-कथा है एवं शिव की पूजा की विधि लिखी हुई है।

सातवीं पुस्तक 'गंगा-वाक्यावलि' है, जो विश्वासदेवी के ही लिये लिखी गई थी।

आठवीं पुस्तक है – 'दान-वाक्यावलि'। यह राजा नरसिंह देव की स्त्री 'धीरमती' को समर्पित की गई है।

नवीं पुस्तक 'दुर्गाभक्ति-तरंगिणी' दुर्गा-पूजा के प्रमाण और प्रयोग पर लिखी गई है। इसका निर्माण नरसिंहदेव के कहने से हुआ था। धीरसिंह के समय में यह पूरी हुई थी। इसमें धीरसिंह के भाई भैरवसिंह और चन्द्रसिंह के भी नाम आये हैं।

※ 'पुरुष परीक्षा' का शुद्ध हिन्दी-अनुवाद 'पुस्तक-भंडार' से एक रुपये मे मिल सकता है।— प्रकाशक

इनके अतिरिक्त विभाग-सार (स्मृति-ग्रंथ), वर्षकृत्य और गया-पत्तन नामक संस्कृत-पुस्तकें भी इन्हीं की हैं।

अबतक मिथिला में खोज का काम कुछ नहीं हुआ है। सम्भव है, इनकी लिखी और भी संस्कृत-पुस्तके हों, जो अभी तक छिपी पड़ी होंगी; क्योंकि ये दीर्घजीवी पुरुष थे। किन्तु केवल उपर्युक्त पुस्तकों के देखने से ही इनके प्रगाढ़ पांडित्य का परिचय मिलता है।

हिन्दी के लिये तो यह नितान्त गौरव की बात है कि उसका एक प्रथम श्रेणी का कवि संस्कृत-साहित्य में भी अपना खास स्थान रखता है।

उपाधियाँ

हिन्दी में आजकल प्रत्येक कवि अपना एक-एक उपनाम रखता है। किन्तु प्राचीन हिन्दी-कवियो में भी उपनाम देखे जाते है। हाँ, आजकल के उपनाम और प्राचीन समय के उपनाम मे एक गहरा भेद है। कोई राजा या प्रसिद्ध व्यक्ति, कवि की काव्य-कुशलता देखकर उसी के अनुसार, उपाधि-प्रदान करता था। वही उपाधि कवि का उपनाम होती थी। प्राचीन हिन्दी-कवियों में 'बिहारी', 'भूषण' आदि जो उपनाम देखे जाते है, वे सब राज-प्रदत्त उपाधियाँ हैं।

विद्यापति को भी कई उपाधियाँ प्राप्त हुई थी। 'अभिनव जयदेव' की उपाधि तो सर्वप्रसिद्ध है। 'बिसपी' गाँव का जो ताम्रपत्र है, उसमे भी विद्यापति 'अभिनव जयदेव' कहे गये है। मालूम होता है, यह उपाधि स्वयं शिवसिंह ने दी थी। विद्यापति इस उपाधि के सर्वथा योग्य भी थे।

जिस प्रकार संस्कृत-साहित्य मे, मधुर शृङ्गार वर्णन मे, जयदेव का जोड़ नही है, उसी प्रकार इस विषय मे विद्यापति भी भाषा-साहित्य मे अपना जोड़ नहीं रखते। उक्त उपनाम से इन्होने कुछ कविताएँ भी की हैं। एक पद यों है—

सुकवि नवजयदेव भनिअ रे।
देवसिंह नरेन्दनन्दन।
सेतु नरवइ कुलनिकन्दन।
सिह सम सिवसिह राया।
सकल गुनक निधान गनिअ रे॥

इनकी दूसरी उपाधि 'कविशेखर' है। इस नाम से भी इनकी बहुत-सी रचनाएँ है। न मालूम, यह उपाधि किसने दी थी। 'बिसपी' ग्राम के दानपत्र मे यह उपाधि नहीं है।

कविकंठहार और कविरंजन—इन दो नामों से भी इनकी अधिक कविताएं हैं।

दशावधान और पंचानन की उपाधियाँ भी इनकी कही जाती है।

कुछ कविताएँ चम्पति वा विद्यापति चम्पई नाम से भी है।

'दशावधान' नाम से कुछ कविताएँ भी हैं। यह उपाधि, कहा जाता है, दिल्लीश्वर ने दी थी।

धर्म-सम्प्रदाय

इनकी कविताएँ विशेषतः राधाकृष्ण-विषयक हैं। अतः लोगो की धारणा है कि वैष्णव रहे होगे। बंगाल में भी पहले यही धारणा थी। बाबू व्रजनन्दन सहाय ने अपने समर्पणपत्र में इन्हे 'वैष्णव-कवि-चूड़ामणि' लिखा है। किन्तु जनश्रुति और प्रमाण इसके विरुद्ध हैं।

बात यों है कि थे शृङ्गारिक कवि थे। शृङ्गार के आराध्य देव श्रीकृष्णजी ठहरे। अतः शृङ्गारिक वर्णन में राधाकृष्ण के रास-विलास का ही सहारा लिया जाता है। सभी भारतीय शृंगारिक कवियों ने इसी युगल मूर्त्ति को लक्ष्य कर शृंगारिक रचनाएँ की हैं।

किन्तु इसी से किसी कवि को वैष्णव मान लेना ठीक नहीं। इनके पिता शैव थे। शिव की उपासना के बाद ही उन्होने यह पुत्ररत्न प्राप्त

किया था। ऐसी अवस्था में इनका शैव होना बहुत सम्भव है। जनश्रुति भी ऐसी ही है। यही नहीं, इनका पद यों है—

आन चान गन हरि कमलासन
सब परिहरि हम देवा।
भक्त-बछल प्रभु बान महेसर
जानि कएलि तुअ सेवा॥

"कोई चन्द्र की पूजा करते हैं। कोई विष्णु की पूजा करते हैं। किन्तु मैंने सबको छोड़ दिया। हे वाण-महेश्वर, भक्तवत्सल जानकर मैंने तुम्हारी ही सेवा की।"

ये वाण-महेश्वर कौन हैं? 'बिसपी' से उत्तर 'भेड़वा' नामक एक गाँव में आज भी वाणेश्वर–महादेव है। कहते है कि ये इसी महादेव की उपासना करते थे।

वही नहीं, इनके बनाये हुए अनेकानेक शिवगीत या नचारियाँ हैं, जो मिथिला में इनकी पदावली से भी अधिक प्रसिद्ध है। मिथिला में इनकी पदावली तो विशेषतः स्त्रियों में प्रचलित है। अधिकतर स्त्रियाँ ही इनके पद गाती है। पुरुषों में तो नचारियाँ ही प्रसिद्ध है। तीर्थ-स्थानों को जाती हुई झुंड-की-झुंड कोकिलकंठी रमणियाँ जिस प्रकार इनके मधुर पद गाती-झूमती जाती हैं, उसी प्रकार तीर्थयात्री पुरुष के झुंड बड़े प्रेम से नचारियाँ गाते हैं।

कहते है, स्वयं महादेवजी इनकी भक्ति पर मुग्ध थे।

एक दिन एक अपरिचित आदमी इनके निकट आया, और इनकी नौकरी करने की अनुमति माँगी। इन्होंने उसे रख लिया। उसका नाम 'उगना' था—कोई-कोई 'उदना' भी कहते है। 'उगना' के रूप में स्वयं महादेवजी थे।

'उगना' इनके यहाँ रहने लगा। वह सदा इनकी सेवा में लीन रहता। एक दिन उसके साथ ये कहीं जा रहे थे। रास्ते में इन्हें प्यास

लगी। उससे कहा। वह चल पड़ा। थोड़ी ही देर में वह एक लोटा पानी लेकर लौटा। ये उसे पीने लगे।

किन्तु, पीने पर इन्हें मालूम हुआ कि यह पानी गंगा का है। पूछा—"उगना, यह पानी कहाँ से लाया है?"

'उगना' ने कहा—"निकट के ही कुँए से!"

इन्होंने कहा—"यह जल कुँए का हो नहीं सकता, यह तो गंगाजल है।"

बहुत कहने-सुनने पर भी जब इनको सन्तोष न हुआ, तब 'उगना' ने अपना यथार्थ रूप प्रकट किया। स्वयं महादेव 'उगना' के रूप मे थे! यह पानी उन्हीं की जटा का था!

उस जगह, निकट में, कोई कुँआ या तालाब न पाकर महादेव ने अपनी जटा से पानी लेकर इन्हें दिया था। महादेव ने कहा—"देखो, तुम मेरे पूर्ण भक्त हो। मै तुमसे अलग नहीं रहना चाहता। किन्तु प्रतिज्ञा करो कि तुम कभी यह बात किसी से न कहोगे। खबरदार, जिस दिन यह बात प्रकट करोगे, उसी दिन मैं अन्तर्द्धान हो जाऊँगा।"

'उगना' इनके पास रहने लगा। किन्तु ये अब उसे कभी कोई नीच काम करने को न कहते। एक दिन इनकी स्त्री ने उससे कुछ लाने के लिये कहा। उसके लाने मे देर हुई। ब्राह्मणी बिगड़ पड़ी। ज्योंही वह निकट आया, एक चैला लेकर टूट पड़ी। यह देखकर ये चिल्ला उठे—"हा-हा! यह क्या कर रही हो? साक्षात् शिव पर प्रहार!!"

उसी क्षण 'उगना' अन्तर्द्धान हो गया। विद्यापति पागल होकर गाने लगे--

उगना रे मोर कतए गेला।
कतए गेला सिव कीदहु भेला॥
भॉग नहि बटुआ रुसि बैसलाह।
जोहि हेरि आनि देल हँसि उठलाह॥

जे मोर कहता उगना उदेस।
ताहि देवओं कर कँगना बेस॥
नन्दन-बन में भेटल महेस।
गौरि मन हरखित मेटल कलेस॥
विद्यापति भन उगना सों काज।
नहि हितकर मोर त्रिभुवन राज॥

इस तरह के कई पद हैं।

यद्यपि इस नास्तिकवाद के वैज्ञानिक युग मे इस कथा पर लोगो का विश्वास न जमेगा . किन्तु ऐसी घटनाओं से प्राचीन भारतीय इतिहास भरा पड़ा है। इन सब बातों से यही सिद्ध होता है कि ये वैष्णव नही, शैव थे। हाँ, यह बात निस्सन्देह सत्य है कि ये आज-कल के शैवों की तरह विष्णुद्रोही नहीं थे। ये शिव और विष्णु को एक ही रूप की दो कलाएँ मानते थे। इनका यह पद्य है—

भल हरि भल हर भल तुअ कला।
खन पित बसन खनहि बघछला।—इत्यादि

साथ-ही-साथ, देवियों—खासकर 'दुर्गा'—की स्तुति जो इन्होंने की है, उससे इनके शाक्त होने के विषय मे जरा भी सन्देह नही हो सकता। इनकी आलोचना करने पर ऐसा ही विश्वास दृढ़ होता है कि आधुनिक मैथिलों की तरह ये शिव, विष्णु तथा चंडी—तीनों—को मानते थे; पर किसी एक विशेष सम्प्रदाय के अनुयायी नही थे।

यदि आप आज मैथिलों के सिर का चन्दन देखेंगे तो बात स्पष्ट हो जायगी। वे एक ही साथ भस्मत्रिपुंड् भी धारण करते हैं, श्रीखण्ड-चन्दन भी और सिन्दुर-बिन्दु भी उपर्युक्त तीनो देवताओं की ये तीनो निशानियाँ है वे तीनों को समान आदर की दृष्टि से देखते हैं; पर किसी एक सम्प्रदाय के नहीं हैं।

आश्रयदाता शिवसिंह

इनके प्रधान आश्रयदाता राजा शिवसिंह थे। उन्हीं की छत्र-छाया में रहकर इन्होंने अपने अधिकांश पदों की रचना की थी। जिस प्रकार शिवसिंह ने प्रचुर सम्पत्ति देकर इन्हें सांसारिक झंझटों से मुक्त कर दिया था, उसी प्रकार बदले में इन्होंने उनका और उनकी धर्मपत्नी 'लखिमा देवी' का नाम अपने पदों में देकर उन्हें अजर-अमर बना दिया है। शिवसिंह का भौतिक दान तो थोड़े ही दिनों में विलीन हो गया, किन्तु इन्होंने जो उन्हें यश का दान दिया वह अनन्त काल तक संसार में विद्यमान रहेगा।

ये शिवसिंह कौन थे?

मिथिला के नवीन युग के शासकों में 'सिमराँव' और 'सुगाँव' के राजघराने अधिक प्रसिद्ध हैं। राजा शिवसिंह 'सुगाँव'–राजघराने में हुए थे। 'सुगाँव-राजघराने' के पहले 'सिमराँव'-राजघराने के लोग शासन करते थे। उनकी राजधानी 'सिमराँव- गढ़' में थी—जो वर्त्तमान चम्पारण जिले में है।

सिमराँव के राजा क्षत्रिय थे। इस राज्य के संस्थापक नान्यदेव थे। इसी राजकुल में सुप्रसिद्ध हरिसिंहदेव हुए थे जिन्होंने नैपाल-विजय किया था। हरिसिंहदेव के मंत्री विद्यापति के पूर्वज चंडेश्वर थे और उनके राजपंडित कामेश्वर ठाकुर।

कहा जाता है कि एक समय हरिसिंहदेव ने एक वृहद्- यज्ञानुष्ठान किया था। किन्तु अन्य राजाओं द्वारा यज्ञ भ्रष्ट कर दिया गया, जिससे विरक्त होकर वे जंगल में चले गये।

इसी समय सुअवसर पाकर दिल्ली के बादशाह ने मिथिला पर चढ़ाई की। मिथिला में उस समय अराजकता फैल रही थी। दिल्लीश्वर का चिर मनोरथ पूरा हुआ—मिथिला का शासन-सूत्र मुसलमानों के हाथ आया।

इस अवसर पर राजपंडित कामेश्वर ठाकुर ने वादशाह से भेंट की। वादशाह* उनके गुण से अत्यन्त संतुष्ट हुए—उनके अस्वीकार करने पर भी उन्हीं को मिथिला-प्रदेश का शासक नियुक्त किया। तभी से मिथिला का शासन ब्राह्मणों के हाथ आया।

कामेश्वर ठाकुर 'ओयनवार' ब्राह्मण थे। उनके पूर्वपुरुष पं० ओयन ठाकुर ने किसी राजा से—सम्भवतः नान्यदेव से—'ओयनी' नामक गाँव उपहार में पाया था। 'ओयनी' (वैनी) गाँव दरभंगा जिले में पूसा-रोड स्टेशन के निकट है। 'ओयनी' गाँव मे वसने के कारण इस वंश को 'ओयनवार वंश' कहते है।

ओयनवार-वंश के सबसे प्रथम राजा यही कामेश्वर ठाकुर हुए। उनके वाद उनके पुत्र भोगेश्वर, और भोगेश्वर के वाद उनके पुत्र गणेश्वर, राजा हुए। गणेश्वर के दो बेटे थे-वीरसिंहदेव और कीर्त्तिसिंह। इन्हीं कीर्त्तिसिंह के दरबार मे विद्यापति ने कीर्त्तिलता का निर्माण किया था। कीर्त्तिसिंह और उनके भाई वीरसिंह निःसन्तान मरे, तब भोगेश्वर के भाई भवसिंह के बेटे देवसिंह राजा हुए।

राजा शिवसिंह महाराज देवसिंह के पुत्र थे। उनकी राजधानी 'गजरथपुर' नामक नगर में वागमती नदी के किनारे थी।

यह गजरथपुर कहाँ है? दरभंगे से ४–५ मील पूर्व-दक्षिण कोने पर 'सिवईसिंहपुर' नामक एक गाँव है। लोगों का कहना है, उसी का दूसरा नाम गजरथपुर था। वहाँ जाकर पता लगाने पर एक वृद्ध ब्राह्मण से मालूम हुआ कि यही शिवसिंह की राजधानी थी—इधर भी उस गढ़ को खोदने से कभी-कभी सोना-चाँदी द्रव्य मिलते थे, किन्तु अब गढ़ का कहीं पता नहीं है—जहाँ पहले गढ़ था, वहाँ अब खेत लहरा रहे है।

---

*उस समय तुगलक-वंशी पठान-सम्राट् गयासुद्दीन का राज्यकाल था।—लेखक

शिवसिंह के प्रति विद्यापति की इतनी अनुरक्ति देखकर, मालूम होता है, वे बड़े ही रसिक और काव्यमर्मज्ञ* पुरुष थे। विद्यापति के पदों में उनके नाम के साथ-साथ उनकी प्राणप्रिया महारानी लखिमा देवी का भी नाम है। इस प्रकार रानी का नाम पदों में देने से लोगों ने उलटा-सीधा बहुत-कुछ अनुमान किया है। किन्तु यथार्थ बात तो यों है कि विद्यापति ने जहाँ कहीं किसी राजा का नाम दिया है, वहाँ साथ-ही-साथ साधारणतया उसकी रानी का भी नाम दिया है।

शिवसिंह और लखिमा देवी के नाम पदों में होने के विषय में मिथिला में यह प्रवाद है कि विद्यापति जिन पदों की रचना करते थे, वे सब राजा के अन्तःपुर में गाये जाते थे। राजा-रानी दोनों अन्तःपुर में एकत्र बैठते, उनके चारों ओर स्त्रियाँ आ बैठतीं। उस समय 'केटी' (चेरी) नाम की गायिकाओं की श्रेणी राजा और रानी की भणिता से युक्त विद्यापति के पद गाने लगती।

'केटी' स्त्रियाँ गान-विद्या में निपुण होती थीं। वे महल में किसी काम के लिये नियुक्त की जाती थीं।

इनके पदों में लखिमा के अतिरिक्त शिवसिंह की अन्य रानियों के भी नाम आये हैं। सम्भवतः लखिमादेवी ही पटरानी रही हों, या उन्हीं पर राजा की सबसे अधिक आसक्ति रही हो।

शिवसिंह जिस प्रकार कलाविद् थे, उसी प्रकार वीर योद्धा भी थे। उनको यह बात बहुत अखरती रही कि यवनों के वे अधीन हैं। पिता के जीवन में ही एक बार उन्होंने दिल्ली 'कर' भेजना बन्द कर दिया, जिसपर मुसलमानी फौज मिथिला आई। दैव-दुर्विपाक से शिवसिंह कैद

* विद्यापति के ही समान अन्य कितने कवि भी शिवसिंह के दरबार में थे। कहते हैं कि उन्हीं में से एक उमापति थे, जो 'पारिजात हरण' और 'रुक्मिणी-परिणय नामक भाषा नाटकों के रचयिता कहे जाते हैं। लोग पहले इन दोनों नाटकों के रचयिता विद्यापति को ही मानते थे। —लेखक

करके दिल्ली ले जाये गये। देवसिंह ने अधीनता स्वीकार कर अपना राज्य तो प्राप्त कर लिया, किन्तु पुत्रशोक से पीड़ित रहने लगे।

इधर विद्यापति को भी शिवसिंह के बिना चैन कहाँ? लखिमा की दशा का क्या पूछना! तब ये अपनी जान पर खेलकर शिवसिंह का उद्धार करने पर तुल गये। दिल्ली पहुँचे। वहाँ जाकर अपना परिचय दिया। सुलतान ने हुकुम दिया – अगर शायर हो, तो कुछ करामात दिखाओ। इन्होंने कहा कि मैं अदृष्ट का दृष्टवत वर्णन कर सकता हूँ। सुलतान ने एक सद्यःस्नाता सुन्दरी का वर्णन करने को कहा। ये गाने लगे –

कामिनी करए सनाने।

हेरितहि हृदय हनए पँचबाने।—आदि

सुलतान को इससे भी संतुष्टि नहीं हुई। विद्यापति एक काठ के संदूक में बंद किये गये और वह संदूक कुँए मे लटका दिया गया। ऊपर एक सुन्दरी स्त्री आग फूँकती हुई खड़ी की गई। तब इनसे कहा गया कि ऊपर जो कुछ है उसका वर्णन करो। ये संदूक के अन्दर से गाने लगे—

सजनी निहुरि फुकु आगि।
तोहर कमल भमर मोर देखल
मदन ऊठल जागि।
जो तोहे भामिनि भवन जएबह
ऐबह कोनह बेला।
जों ए संकट सौं जी बाँचत
होयत लोचन मेला॥

बादशाह अत्यन्त प्रसन्न हुआ। राजा शिवसिंह छोड़ दिये गये। तब इन्होंने निम्नलिखित पद कहा—

भन विद्यापति चाहथि जे विधि
करथि से से लीला।

राजा सिवसिह बँधन मोचल
तखन सुकवि जीला ॥

राजा शिवसिह की दानशीलता की कहानियाँ अभी तक मिथिला मे प्रचलित हैं। उन्होने अपने पिता का तुलादान कराया था। कितने ही तालाव खुदवाये थे। प्राचीन कमला नदी के किनारे 'लहेरा' नामक गॉव मे घोड़दौड़' नामक एक तालाव खुदवाया था। कहते है, उन्होने वहाँ अपना निवासस्थान भी बनाया था। उसका भग्नावशेष अभी तक पाया जाता है। मधुबनी (दरभंगा) से दक्षिण 'पतौल' नामक गॉव मे उनका खुदवाया हुआ एक तालाव है, जिसके विषय मे यह कहावत प्रसिद्ध है –

पोखरि रजोखरि और सब पोखरा।
राजा सिवसिंह और सब छोकरा ॥

वे बहुत दिनो तक युवराज के रूप मे कार्य करते रहे, किन्तु प्रजा उन्हे ही अपना राजा समझती थी। देवसिह तो नाम-मात्र के राजा थे। युवराजावस्था मे ही शिवसिह 'महाराज' कहे जाते थे।

ल० २९३ मे देवसिह की मृत्यु हुई। ठीक उसी समय दिल्लीश्वर ने भी मिथिला पर चढ़ाई कर दी। दिल्लीश्वर के साथ बंगाल के नवाब भी थे। शिवसिह के लिये बड़े संकट का समय था। एक ओर पिता का श्राद्धादि कर्म, दूसरी ओर युद्ध का आयोजन!

विद्यापति ने प्राकृत मिश्रित एक पद मे शिवसिह की इस विजय की चर्चा यों की है—

अनल रंध्र कर लक्खन नरवइ, सक समुद्द कर अगिन ससी।
चैत कारि छठि जेठा मिलिओ, बार बेहप्पय जाहु लसी ॥
देवसिंह जू पुहमी छड्डिअ अद्धासन सुरराए सरु।
दुहु सुरतान नीदे अब सोअओ तपन हीन जग तिमिर भरु ॥
देखहु ओ पृथिवी के राजा, पौरुस माझ पुन्न बलिओ।
सत बले गंगा मिलिअ कलेवर, देवसिह सुरपुर चलिओ ॥

एकदिस सकल जवन वल चलिओ, ओकादिस से जमराए च।
दूओ दलटि मनोरथ पुरओ, गरुअ दाप सिवसिंघ करू॥
सुरतरु कुसुम घालि दिसि पूरिओ, दुन्दुभिसुन्दर साद धरू।
वीर छत्त देखन को कारन, सुरगन सते गगन भरू॥
आरम्भिए अन्तेष्टि महामख, राजसूअ असमेध जहाँ।
पंडित घर अचार बर बानिज, जाचक कौं घर दान कहाँ॥
विज्जावइ कविवर यहु गावय, मानव मन आनन्द भओ।
सिंहासन सिवसिंह बइठ्ठो, उच्छवै बैरस बिसरि गओ॥

शिवसिंह ने राजगद्दी पर बैठते ही उनको बिसपी गाँव उपहार में दे दिया। राज्यारोहण के तीनहीं वर्ष बाद पुनः यवन-सेना मिथिला पर आ चढ़ी। पहली बार पराजित होने के कारण स्वभावतः बादशाह ने बड़ी तैयारी की थी। शिवसिंह दूरदर्शी थे, भविष्य समझ गये। किन्तु तो भी अधीनता स्वीकार करना उन्हें नापसन्द हुआ। उन्होंने अपनी स्त्रियों को, विद्यापति के साथ, अपने मित्र राजा पुरादित्य के पास 'रजा-बनौली' (नैपाल-तराई) भेज दिया।

राजा पुरादित्य द्रोणवार-कुल के ब्राह्मण थे। बड़े ही प्रताप-शाली थे। अपने बाहुबल से सप्तरी-परगना जीतकर उसमें अपना राज्य स्थापित किया था। विद्यापति अपनी 'लिखनावली' में लिखते हैं—

जित्वा शत्रुकुलं तदीय वसुभिर्येनार्थिनस्तर्पिता।
दोर्दर्पार्जित सप्तरीजनपदे राज्यस्थितिः कारिता।
संग्रामेऽर्जुन भूपतिर्विनिहतो वन्धोनृशंसायितः।
तेनेयं लिखनावली नृपपुरादित्येन निर्मापिता॥

शिवसिंह, सेना के साथ, बादशाह से जा भिड़े। वे शाही सेना का व्यूह भेदकर बादशाह के निकट पहुँच गये और अपनी तलवार से उसका शिरस्त्राण उड़ाते हुए फिर बाहर निकल आये। उनकी वीरता पर

बादशाह मुग्ध हो गया। यवन-सेना उनके पीछे दौड़ी, तो बादशाह ने मना कर दिया।

शिवसिंह वहाँ से नैपाल की ओर जंगल में चले गये और पुनः अपने राज्य में न लौटे। कोई-कोई कहते हैं, वे मारे गये।

उनकी मृत्यु—अथवा पलायन—के बाद, मालूम होता है, विद्यापति बहुत दिनों तक लखिमा देवी* के साथ रजाबनौली में ही रहे, क्योंकि यहीं पर २९९ लक्ष्मणाब्द में यहाँ के राजा पुरादित्य के लिये इन्होंने 'लिखनावली' लिखी। यही नहीं, ३०९ लक्ष्मणाब्द में इन्होंने स्वलिखित भागवत की पोथी भी यहीं समाप्त की।

'लिखनावली' के बाद इन्होंने शिवसिंहके भाई पद्मसिंह की स्त्री विश्वासदेवी के लिये दो ग्रन्थ लिखे। इन दोनों ग्रन्थों में समय नहीं दिये गये हैं।

पद्मसिंह के उत्तराधिकारी हरिसिंह के लिये इन्होंने 'विभागसार' की रचना की थी। उनकी स्त्री धीरमती के लिये 'दानवाक्यावली' लिखी थी।

इनकी अन्तिम रचना 'दुर्गा-भक्ति-तरंगिणी' है। यह नरसिंहदेव के समय में प्रारम्भ की गई थी और धीरसिंह के राजत्वकाल में समाप्त हुई थी।

धीरसिंह का समय, 'सेतुदर्पिणी' के अनुसार, ३२१ लक्ष्मणाब्द है। अतएव, इस समय तक, अर्थात् संवत् १४८७ वि० या १४३०† ई० तक इनका जीवित रहना सब प्रकार से सिद्ध है।

---

*लखिमा देवी की विद्वत्ता, चतुरता और प्रत्युत्पन्नमतित्व की अनेक जनश्रुतियाँ मिथिला में प्रचलित हैं। किसी-किसी ऐतिहासिक के मत से उन्होंने शिवसिंह के बाद ६ वर्ष तक राज भी किया था। किन्तु स्वयं विद्यापति ने कहीं भी इसकी ओर इशारा तक नहीं किया है। अतः यह बात अप्रामाणिक मालूम होती है। —लेखक

† 'हिस्ट्री आफ तिरहुत' में ३२१ लक्ष्मणाब्द को १४३९ ई० लिखा है। —लेखक

मृत्यु-काल

३२१ लक्ष्मणाब्द तक इनका जीवित रहना सिद्ध होता है। धीरसिंह के बाद के किसी राजा के नाम से ‡ लिखी गई इनकी कोई पुस्तक नहीं मिलती है। इससे अनुमान होता है कि धीरसिंह के राजत्वकाल में ही या उनके थोड़े ही दिनों के बाद इनकी मृत्यु हो गई। इनका एक पद यों है—

सपन देखल हम सिवसिंघ भूप।
बतिस बरस पर सामर रूप॥
बहुत देखल गुरुजन प्राचीन।
आब भेलहुँ हम आयुबिहीन॥
सिमटु सिमटु निअ लोचन नीर।
ककरहु काल न राखथि थीर॥
विद्यापति सुगतिक प्रस्ताव।
त्याग के करुणा रसक सुभाव॥

इससे पता चलता है कि शिवसिंह के मृत्यु के बत्तीस वर्ष बाद विद्यापति ने उन्हें स्वप्न में देखा था। ऐसी प्राचीन धारणा है कि 'बहुत दिनों पर यदि अपना कोई मृत प्रेम-पात्र मलिन वेश में दीख पड़े, तो मृत्यु निकट समझनी चाहिये'। यही भाव बड़े ही कारुनिक शब्दों में उपर्युक्त पद में वर्णित है।

---

‡ विद्यापति के एक पद में 'कंसदलन नारायण सुन्दर तसु रंगिनि पए होई' ऐसी भणिता है। मैंने भ्रमवश पहले इस 'कंश-दलन-नारायण' को 'कंस-नारायण' नामक मिथिला का राजा समझा था। एक तो नाम में ही भेद है, दूसरे राजा का वर्णन है, अतः वहाँ कृष्ण अर्थ है। 'कंस नारायण' विद्यापति की मृत्यु के बहुत पश्चात् राजा हुए थे।—लेखक

शिवसिंह २९६ लक्ष्मणाब्द में मरे थे अतः ३२८ लक्ष्मणाब्द मे विद्यापति ने उक्त स्वप्न देखा होगा, जो विक्रमीय संवत १४९४ होता है। यदि हम इस स्वप्न के तीन वर्ष के बाद इनकी मृत्यु मान लें, तो ये नव्वे वर्ष की अवस्था में, संवत् १४९७ वि० में (या १४४० ईसवी म , मरे थे। श्रीनगेन्द्रनाथ गुप्त ने भी इसी समय को प्रामाणिक माना है।

उस समय ये बूढ़े हो चले थे। जन्म-भर शृंगार-रचना मे व्यस्त रहने के कारण अन्तिम समय में संसार से इन्हें विरक्ति हो गई थी। इन्हें अपना भविष्य अन्धकारमय प्रतीत होता था — निराशा की काली घटाने इनके हृदय-व्योम को आच्छादित कर लिया था। ये अत्यन्त करुण-स्वर मे गाते है—

तातल सैकत बारि-बुँद सम, सुत मित रमणि समाज।
तोहें बिसरि मन ताहि समर्पिनु अब मझु हब कौन काज॥
माधव, हम परिनाम निरासा।
तुहु जगतारन दीन दयामय अतए तोहर बिसबासा॥
आध जनम हम नींद गमायनु जरा सिसु कत दिन गेला।
निधुबन रमनि रभसरँग मातनु तोहे भजब कओन बेला॥

इन्होंने अपनी कविता-रचना द्वारा प्रचुर सम्पत्ति प्राप्त की थी। वृद्धावस्था में इस धन को देख-देखकर कहते हैं—

जतन जतेक धन पापे बटोरल मिलि-मिलि परिजन खाए।
मरनक बेरि हरि कोई न पूछए करम संग चलि जाए॥
ए हरि बन्दों तुअ पद नाय।
तुअ पद परिहरि पाप-पयोनिधि पारक कओन उपाय॥
जावत जनम नहि तुअ पद सेबिनु जुबती मतिमय मेलि।
अमृत तजि किए हलाहल पीअनु सम्पद अपदहि भेलि॥

ये अपनी उमर की ओर लक्ष्य कर कहते हैं—

बयस, कतह चल गेला।
तोहें सेवइत जनम बहल, तइओ न अपन भेला॥

वयस, तुम कहाँ चले गये। तुम्हें सेवते हुए अपना जन्म बिता दिया; किन्तु तुम अपने न हुए !

कहा जाता है, अपना मृत्यु-समय निकट आया जान ये अपने घर के लोगों से विदा लेकर गंगा-सेवन को चले। गंगा-सेवन की प्रथा मिथिला में अद्यावधि प्रचुरता से प्रचलित है। गंगा-यात्रा के अवसर पर इन्होंने अपने पुत्र को बहुत-कुछ उपदेश दिया। कहा—"बेटा, प्रजारंजन करना, अतिथि-सत्कार में कभी न चूकना, दूसरे की स्त्री को माता के तुल्य जानना।"

पश्चात् ये अपनी कुल-देवी विश्वेश्वरी के निकट गये। देवी से जाने की अनुमति माँगी। कहा—"माँ, अब गंगा जा रहा हूँ। जन्म-भर शिव की आराधना की। अब विदा दो।"

घर पर सभी को सन्तोष दे, पालकी पर चढ़कर गंगा की ओर चले। राह में जब गंगा से कुछ दूर पर ही थे, तब अपनी पालकी रखवा दी। एक अभिमानी भक्त की तरह कहा— "मैं इतनी दूर से मैया के निकट आया, क्या मैया मेरे लिये दो कोस आगे नहीं बढ़ आवेगी ?"

रात बीती। दूसरे ही दिन लोग दृश्य देखकर अवाक् रह गये। गंगा अपनी धारा छोड़, दो कोस की दूरी पर, पहुँच गई थी !!

आज तक उस स्थान पर गंगा की धारा टेढ़ी नजर आती है। उस स्थान का नाम 'मऊ बाजितपुर' है। यह दरभंगा जिले में है। यहीं इनकी मृत्यु हुई।

इनकी चिता पर एक शिव-मन्दिर की स्थापना की गई। यह शिव-मंदिर आजतक विद्यमान है। इनकी मृत्यु-तिथि के विषय में एक पद प्रचलित है।

विद्यापतिक आयु अवसान।
कातिक धवल त्रयोदसि जान॥

इसके अनुसार इनकी मृत्यु कार्तिक शुक्ला त्रयोदशी को हुई। यह तिथि प्रामाणिक समझ पड़ती है। कार्त्तिक महीने में गंगा-सेवन करने का, हिन्दू-शास्त्र के अनुसार, बड़ा महत्त्व है। इनकी मृत्यु गंगा-तट पर

हुई थी—जब कि ये गंगा-सेवन करने गये थे। अतः इस तिथि को अप्रामाणिक मानने का कोई कारण नहीं।

हस्ताक्षर

विद्यापति, प्राचीन हिन्दी-कवि चन्द बरदाई को छोड़कर, सभी प्रसिद्ध हिन्दी-कवियों से पहले हुए थे। इनके हाथ की लिखी हुई इनकी निजी रचना—पदावली या संस्कृत-पोथियाँ—नहीं पाई जाती। हाँ, एक 'सटीक भागवत' की पोथी इनके हाथ की लिखी अवश्य पाई जाती है। यह पुस्तक दरभंगे से बारह कोस दूर 'तरौनी' नामक गाँव में जयनारायण झा की विधवा पत्नी के पास सुरक्षित है। दरभंगा-जिले की पंडितमंडली का पूरा विश्वास है, और जनश्रुति से भी यह सिद्ध है कि यह विद्यापति के हाथ से लिखी गई थी। यह ताल-पत्र पर लिखी हुई है। प्रत्येक पत्र की लम्बाई दो फीट और डेढ़ इंच तथा चौड़ाई सवा दो इंच के लगभग है। पत्र की संख्या ५७६ है। पत्र के दोनों ओर लिखावट है। प्रत्येक पृष्ठ में छः पंक्तियाँ हैं। लिपि स्पष्ट, अक्षर की आकृति बड़ी, प्रत्येक अक्षर अलग-अलग, विराम और विभाग का चिह्न सर्वत्र विद्यमान। लिखावट सुन्दर, कहीं भी एक अशुद्धि अथवा लिपिदोष नहीं। रोशनाई प्रायः सर्वत्र स्वच्छ। अन्तिम पत्र काष्ठ के वेष्टन घर्षण और बन्धन के कारण जीर्ण हो गया है और लिखावट भी अस्पष्ट हो गई है। ग्रन्थ के शेष में लिखा है—

"शुभमस्तु सर्व्वार्थगता संख्या ल० सं० ३०९ श्रावणशुक्ल १५ कुजे रजाबनौलीग्रामे श्रीविद्यापतिलिपिरियमिति।"

अन्तिम दो अक्षर 'मिति' पत्रांश से छिन्न हो गया है। 'रजाबनौली' गाँव दरभंगे से प्रायः १५ कोस उत्तर है। शिवसिंह २९३ लक्ष्मणाब्द में राज्यासन पर बैठे थे। उनकी मृत्यु उसके तीसरे साल हुई थी। इस तरह उनकी मृत्यु के तेरह साल बाद की यह पोथी है।

मालूम होता है, शिवसिंह की मृत्यु के बाद इनका जी सांसारिक कार्यों से उचट गया था—कम-से-कम शृंगारिक रचनाओं की ओर से।

मित्र-वियोग होने पर ऐसा होना सम्भव भी है। इसी शोकावस्था में, अपने चित्त की शान्ति के लिये, इन्होंने यह कष्टकर कार्य प्रारम्भ किया हो तो आश्चर्य नहीं।

परिवार

इनके बेटे का नाम 'हरपति' था। इनके एक पद में उनका नाम आया है। इनके एक कन्या भी थी। मिथिला में यह प्रवाद है कि इनकी लड़की का नाम 'दुलही' था। इन्होंने कितने पद ऐसे बनाये हैं, जिनमें पति-गृह-गमन के समय कन्या को उपदेश दिया गया है। उन पदों में 'दुलही' शब्द आया है। कहते हैं, ये पद इन्होंने अपनी पुत्री को ही सम्बोधित कर लिखे थे।

'दुलही' का अर्थ नववधू भी होता है। न मालूम, क्या रहस्य है? मिथिला के एक वृद्ध ब्राह्मण के घर में एक पद प्राप्त हुआ है, जिससे सिद्ध होता है कि इनकी लड़की का नाम 'दुलही' था। अन्तिम काल में ये कहते हैं—

दुल्लहि, तोहर कतय छथि माए।
कहुन ओ आवथु एखन नहाए॥

'दुलही' तुम्हारी माँ कहाँ हैं? कहो न, वे इस समय स्नान कर आवें।'

दरभंगे के वर्त्तमान राजवंश में 'नरपति ठाकुर' नामक राजा हो गये हैं। उनके दरबार में 'लोचन' नामक एक कवि थे। लोचन ने 'रागतरंगिणी' नामक एक पुस्तक का संकलन किया था। उसमें उसने विद्यापति के बहुत-से पद रक्खे हैं।

'रागतरंगिनी' में एक कविता 'चन्द्रकला' नामक एक रमणी की बनाई हुई पाई जाती है। लोचन ने इस कविता पर टिप्पणी की है—"इतिश्रीविद्यापतिपुत्रवध्वाः"। इससे मालूम होता है, 'चन्द्रकला' विद्यापति की पतोहू थी। यहाँ पर चन्द्रकला की उस कविता को उद्धृत करने का लोभ हम संवरण नहीं कर सकते—

स्निग्ध कुञ्चित कोमलं कच गंडमंडित कोमलम् ।
अधर बिम्ब समान सुन्दर शरदचन्द्रनिभाननम् ॥
जय कम्बु कंठ विशाल लोचन सारमुज्ज्वल सौरभम् ।
बाहुवल्लि मृणाल पंकज हार शोभित ते शुभम् ॥
शोभय सुन्दरि मम हृदयम् ।
गदगद हास सुदति निपुणम् ॥
उर पीन कठिन विशाल कोमल याति युग्म निरंतरम् ।
श्रीफला कमला विचित्र विधातु निर्मल कुच वरम् ॥
श्यामा सुवेषा त्रिवलि रेखा जघनभार विलम्बिते ।
मत्त गज-कर जघन युगवर गमन गति वरटा-जिते ॥
सुललित मन्द गमन करई ।
जनि पति संग वरटा भमई ॥
अतिरूप यौवन प्रथम सम्भव कि वृथा कथया प्रिये ।
तेजह रूप-विमोह परिहरि शोक चिन्तित चिन्तये ॥
उपयात मदन-व्याधि दुःसह दहए पावक से बनम् ।
पवन दिसे दिसे दहए पावक युग्मदारज सम्वरम् ॥
श्यामा सवन्दिते ।
अति समय गीत सुशोभिते ॥
आत्म दान समान सुन्दरि धार वर्षति सिञ्चये ।
सिञ्चह सुन्दरि मम हृदयम् ।
अधर-सुधा मधुपानमियम् ॥
चन्द्र कवि जयदेव मुद्रित मान तेज तोहें राधिके ।
वचन मम धर कृष्णमनुसर किन्तु कामकला शुभे ।
चन्द्रकला हे वचन करसी ।
मानिनि माधवमनुसरसी ॥

सहपाठी पक्षधर मिश्र

पक्षधर मिश्र मिथिला के प्रकांड विद्वान हो गये हैं। वे विद्यापति के सहपाठी थे। इन्होने 'बिसपी' गाँव में एक अतिथिशाला बनवा रक्खा थ.। प्रतिदिन भोजन के पश्चात् ये स्वयं अतिथिशाला में जाते और अतिथियों से वार्त्तालाप करते।

प्रवाद है कि एक दिन जब ये अतिथिशाला मे गये तब सभ। अतिथि इनकी अभ्यर्थना मे खड़े हो गये। केवल कोने मे एक अत्यन्त कृश पुरुष बैठा ही रहा। इनके पूछताछ करन पर मालूम हुआ कि उसने भोजन नहीं किया है। उस पुरुष की दुर्बलता पर इनके मुख से सहसा निकल गया—

"प्राघुणो घुणवत् कोणे सूक्ष्मत्वान्नोपलक्षितः।"

'घर के कोने मे सूक्ष्म कीट-(घुन)-वत अतिथि सूक्ष्मतावशतः नहीं दीख पड़े।'

बैठे हुये पुरुष ने तुरत उस श्लोक की पूर्ति करते हुए उत्तर दिया—

"नहि स्थूलधियः पुंसः सूक्ष्मे दृष्टिः प्रायते॥"

'स्थूलबुद्धि पुरुष को सूक्ष्म पदार्थ नहीं दीख पड़ता।'

बोली सुनते ही ये अपने सहपाठी को पहचान गये। उन्हें आदरपूर्वक अपने घर ले आये। पक्षधर मिश्र सम्भवतः इनसे कुछ छोटे थे। उनके स्वहस्तलिखित एक 'विष्णुपुराण' मे ३४५ लक्ष्मणाब्द लिखा हुआ है।

विद्वेषी केशव मिश्र

बड़े लोगो के प्रति उनके अड़ोस-पड़ोसवाले सदा द्वेष-भाव रखते हैं, यह बात स्वयंसिद्ध है। इनके भी कुछ लोग विद्वेषी थे। ये शिवभक्त थे। शिव की पूजा करते समय, भावावेश मे, निज प्रणीत नचारी गाते-गाते, ये नाचने तक लगते थे। इसी कारण कुछ लोग इन्हें 'नर्त्तक' नाम से चिढ़ाते थे।

ऐसा प्रवाद है, इनके एक और प्रसिद्ध विद्वेषी हो गये हैं, जिनका नाम है, 'केशव मिश्र'। इनका समय ४७२ लक्ष्मणाब्द है अर्थात इनके लगभग सौ वर्ष पश्चात्।

मिश्रजी प्रसिद्ध शाक्त थे। 'द्वैत-परिशिष्ट' नामक स्वरचित ग्रन्थ में उन्होंने 'देवीभागवत' को प्रामाणिक ग्रन्थ प्रतिपादित किया है।

विद्यापति ने अपने हाथ से श्रीमद्भागवत लिखा था, इसलिये मिश्रजी इनसे चिढ़-से गये थे। वे इनका 'अतिलुब्ध नगरयाचक' नाम से उपहास करते थे। इन्होंने 'बिसपी' गाँव उपहार-रूप में ग्रहण किया था—इसीलिये ये 'नगरयाचक' थे! द्वेष का कोई ठिकाना है!

मिश्रजी शिवसिंह के कुल की दौहित्र-संतान थे—राजकुटुम्ब के पुरुष थे। अतएव ऐसी उद्दंडता—ऐसी विद्वेषबुद्धि—स्वाभाविक भी है!

पदावली

यद्यपि इन्होंने लगभग एक दर्जन संस्कृत-ग्रन्थों का निर्माण किया था, तथापि इनकी प्रसिद्धि का खास कारण है इनकी 'पदावली'।

गाने योग्य छन्द 'पद' कहे जाते हैं। इन्होंने जितने छन्द बनाये, सभी संगीत के सुर-लय से बंधे हुए हैं। इन्होंने कविता में जयदेव को आदर्श माना है—लोग इन्हें 'अभिनव जयदेव' कहते भी थे। अतः, जयदेव के ही समान, ये संगीत-पूर्ण कोमल-कान्त पदावली में शृंगारिक रचना करते थे।

राजा नरपति ठाकुर के दरबारी कवि 'लोचन' ने अपनी 'रागतरंगिणी' में लिखा है कि 'सुमति' नामक एक कलाविद् कायस्थ कत्थक के लड़के 'जयत' को राजा शिवसिंह ने विद्यापति के निकट रख दिया था· विद्यापति पद तैयार करते थे, जयत उसका 'सुर' ठीक करता था—

सुमतिसुतोदयजन्मा जयतः शिवसिंहदेवेन।
पंडितवरकविशेखर विद्यापतये तु सन्न्यस्तः ॥

बिना संगीत का मर्म जाने संगीतमय पदों की रचना नहीं की जा सकती। मालूम होता है, ये स्वयं भी गान-विद्या में पारंगत थे।

इनके पदों में कहीं-कहीं छन्दोभंग-सा दीख पड़ता है। किन्तु, सूरदास के पदों में भी यही बात पाई जाती है। पर संगीत के सुर-लय के अनुसार जो पद बनाये जाते है, उनमें 'ध्वनि' का ही विचार किया जाता है—अक्षर और मात्रा का नहीं। इसीलिये संगीत से अपरिचित व्यक्तियों को इनके पदों में छन्दोभंग का आभास मिल जाता है।

पदावली का रूप

इन्होंने कितने पद बनाये थे, इसका भी अभी तक पूरा पता नहीं चलता है। श्री नगेन्द्रनाथ गुप्त ने ९४५ पदों का संग्रह प्रकाशित किया

था। बाबू व्रजनन्दनसहायजी का संग्रह इससे बहुत छोटा है, तथापि उसमें कुछ ऐसे पद है, जो नगेन्द्रनाथ गुप्तवाले संस्करण में नहीं है। सहायजी के नये पदों मे नचारियों की ही प्रधानता है।

किन्तु अभीतक इनके बहुत-से अनूठे पद अप्रकाशित ही है। मिथिला की स्त्रियाँ जिन पदों को विवाह के अवसर पर गाती है उनका, तथा बहुत-सी नचारियों का, अभी संकलन नहीं हुआ है।

पदावली के प्राचीन संस्करणों को देखने से पता चलता है कि इन्होने पदों की रचना विषय-विभाग के अनुसार नहीं की थी। 'बिहारी' के ही समान ये भी, जब उमंग में आते थे, रचना कर डालते थे। पीछे लोगो ने उनका अलग-अलग विभाग कर सजा लिया।

पदावली की हस्तलिखित पोथियाँ

यों तो इनके अधिकांश पद लोगो को कंठस्थ ही है और उन्ही का संग्रह 'पदकल्पतरु' आदि बँगला के प्राचीन संग्रह-ग्रंथों मे है, किन्तु हाल मे तीन प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथ मिले हैं जिनसे इनके कितने नवीन पद प्राप्त हुए है, एवं पदावली की प्रामाणिकता का पूरा पता चला है।

उन ग्रन्थों मे सबसे प्राचीन और प्रामाणिक तालपत्र पर लिखी हुई एक पोथी है। यह पोथी भी विद्यापति-लिखित 'भागवत' के साथ 'तरौनी' ग्राम के उन्ही स्वर्गीय पंडितजी के घर मे सुरक्षित पाई गई है। कहा जाता है कि विद्यापति के प्रपौत्र ने इसे लिखा था। इस पोथी की लिखावट और इसके तालपत्र को देखने से मालूम होता है कि कम-से-कम तीन सौ वर्षों का यह प्राचीन है। लापरवाई से रखने के कारण यह पोथी जीर्ण-शीर्ण हो गई है। पहला और दूसरा पत्र गायब है। फिर नवाँ नहीं है। इसके बाद ८१ से लेकर ९९ पत्र तक एकदम नहीं हैं। १०२ नम्बर का पत्र भी गायब है। १३२ पत्र के बाद का कुछ भी अंश नहीं मिलता। सम्पूर्ण पोथी न होने के कारण यह पता नहीं चलता कि यह कब लिखी गई, किसने इसे लिखा और कुल कितने पद इसमें थे। इस पोथी में लगभग ३५० पद बचे हुए हैं।

दूसरी पोथी नैपाल में पाई गई है। महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री ने प्रथम-प्रथम इसे नैपाल-दरबार के पुस्तकालय में देखा था। यह पोथी बहुत सुरक्षित है, किन्तु इस पोथी की भाषा में नैपाल-तराई (मोरँग) की बोली की छाप स्पष्ट दीख पड़ती है। मालूम होता है, इसे किसी मोरँग-निवासी ने लोगों से सुनकर लिखा था, जिससे ऐसी गलती हुई है। इस पोथी मे लगभग ३०० पद हैं।

तीसरी पोथी है पूर्वोक्त रागतरंगिणी। इसमें लोचन ने विद्यापति के बहुत-से पद रक्खे हैं। प्रत्येक पद के राग का निर्णय भी किया है। छन्द के नियम और मात्राओं की संख्या भी दी है। यह ढाई सौ वर्ष की प्राचीन पोथी है। लोचन ने लिखा है—'अपभ्रंश भाषा की रचना प्रथम-प्रथम विद्यापति ने ही की'।

पदावली की भाषा

पदावली की भाषा भी अबतक विवाद-ग्रस्त रही है। बंगाली लोग इनको बँगला का प्रथम कवि या वंगभाषा का प्रवर्त्तक मानते हैं। इसी लिये उनलोगों ने इनको बंगाली सिद्ध करने की भी चेष्टा की थी। किन्तु अब तो यह सब प्रकार सिद्ध हो गया कि ये मैथिल थे।

मैथिलों की एक खास बोली है—'मैथिली'। विद्यापति भी मैथिल थे, अतः मैथिल लोग इन्हें अपनी बोली मैथिली का प्रथम कवि मानते हैं। सचमुच यही ठीक है।

किन्तु यह मैथिली बोली किस भाषा की शाखा है—वंगभाषा की या हिन्दी-भाषा की? बाबू नगेन्द्रनाथ गुप्त ने मैथिली को ब्रज-बोली (या हिन्दी) की एक शाखा माना है।

गुप्तजी 'प्राच्य-विद्या-महार्णव' कहे जाते हैं। उनका निर्णय अधिक मूल्य रखता है। हमारी राय भी उनसे मिलती है।

मिथिला वंग-देश से सटी हुई है। विद्यापति का जन्म दरभंगे में हुआ था, जो द्वारवंग या 'बंगाल का द्वार' है। इसलिये मैथिली पर वंगभाषा का प्रभाव जरूर पड़ा है। यदि हम कह सकें, तो कह सकते हैं कि मैथिली का शरीर हिन्दी का है, और उसकी पोशाक बँगला की।

जिस प्रकार कोई हिन्दुस्तानी, अँगरेजी पोशाक पहनकर, अँगरेज नहीं बन जा सकता, उसी प्रकार मैथिली भी हिन्दी को छोड़कर वंगभाषा की नहीं हो सकती। हाँ, वंगभाषा के संसर्ग से इसमे मिठास अवश्य आ गई है।

पदावली की भाषा आज-कल की मैथिली से कुछ भिन्न है। यह स्वाभाविक भी है। विद्यापति को हुए पाँच सौ वर्ष बीते। इन पाँच सौ वर्षों मे भाषा में कुछ-न-कुछ परिवर्त्तन होना बहुत सम्भव है।

कुछ मैथिल महाशय इन पदों की भाषा को तोड़-फोड़कर आज-कल की मैथिली-बोली से मिलाने का अनुचित प्रयत्न करते हैं। किन्तु क्या वे समझने की चेष्टा करेंगे कि ऐसा करके वे इनकी स्वर्गीय आत्मा को कितना कष्ट पहुँचा रहे है !

इनकी भाषा की दुर्दशा भी खूब हुई है ! बंगालियों ने उसे ठेठ बँगला का रूप दे दिया है, मोरँगवालो ने मोरँग का रंग चढ़ाया है, बाबू व्रजनन्दनसहायजी ने उसपर भोजपुरी की कलई की है, और आज-कल के मैथिल उसपर आधुनिक मैथिली का गिलट चढ़ा रहे हैं ! भगवान इनकी कोमलकान्त पदावली की रक्षा करे !

पदावली की विशेषता

इनकी पदावली अपना खास स्वरूप, अपना खास रंग-ढंग रखती है। वह कही भी रहे, आप उसे कितनो की कविताओं मे छिपाकर रखिये, वह स्वयं चिल्ला उठेगी—मैं हिन्दीकोकिल की काकली हूँ। जिस प्रकार हजारों पक्षियों के कलरव को चीरती हुई कोकिल की काकली आकाश-पाताल को रसप्लावित और अपना स्वतंत्र अस्तित्व प्रकट करती है, उसी प्रकार इनकी कविता भी अपना परिचय आप देती है।

बंगाल के 'यशोहर' (Jessore) जिले में वसंतराय नामक एक कवि हो गये हैं। विद्यापति के पदों का प्रचार देखकर उन्होंने भी विद्यापति के नाम से कविता करना प्रारम्भ कर दिया था। किन्तु वे अपनी कविताएँ इनकी कविता में न खपा सके !

इनकी भाषा इनकी खास अपनी भाषा है, इनकी वर्णनप्रणाली इनकी खास वर्णन-प्रणाली है, इनके भाव स्वयं इनके ही है। इनकी पदावली पर 'खास' की मुहर लगी हुई है। बंगाल के सैकड़ों कवियों ने इनके अनुकरण पर कविताएँ कीं, किन्तु कोई भी इनकी छाया न छू सके।

ये एक अजीब कवि हो गये हैं। राजा की गगनचुम्बी अट्टालिका से लेकर गरीबों की टूटी हुई फूस की झोपड़ी तक में इनके पदों का आदर है। भूतनाथ के मन्दिर और 'कोहबर-घर' में इनके पदों का सामान्य रूप से सम्मान है।

कोई मिथिला में जाकर तमाशा देखे। एक शिवपुजारी, डमरू हाथ मे लिये, त्रिपुंड्र रमाये, जिस प्रकार 'कखन हरब दुख मोर हे भोलानाथ' गाते-गाते तन्मय होकर अपने-आपको भूल जाता है, उसी प्रकार नव-वधू को कोहबर मे ले जाती हुई कलकंठी कामिनियाँ 'सुन्दरि चललिहुँ पहु-घर ना, जाइतहि लागु परम डर ना' गाकर नव वर-वधू के हृदयों को एक अव्यक्त आनन्द-स्रोत मे डुबो देती हैं। जिस प्रकार नवयुवक 'ससन-परस खसु अम्बर रे देखलि धनि देह' पढ़ता हुआ एक मधुर कल्पना से रोमांचित हो जाता है उसी प्रकार एक वृद्ध 'तातल सैकत बारिबुन्द सम सुत मित रमनि समाज, तोहे बिसारि मन तोहि समर्पिनु अब मझु हब कोन काज, माधव, हम परिनाम निरासा' गाता हुआ अपने नयनो से शत-शत अश्रुविन्दु गिराने लगता है।

विद्वद्वर ग्रियर्सन का यह कहना कितना सत्य है—

'Even when the Sun of Hindu-religion is set. when belief and faith in Krishna, and in that medicine of 'disease of existence' the hymns of Krishna's love is extinct, still the love borne for songs of Vidyapati in which he tells of krishna & Radha will never diminished."

"हिन्दू-धर्म के सूर्य का अस्त भले हो हो जाय—वह समय भी आ जाय जब राधा और कृष्ण में मनुष्यों का विश्वास और श्रद्धा न रहे;

और कृष्ण के प्रेम की स्तुतियों के लिये, जो इहलोक में हमारे अस्तित्व के रोग की दवा है, अनुराग जाता रहे, तो भी विद्यापति के गान के लिये—जिसमें राधा और कृष्ण का उल्लेख है—लोगों का प्रेम कभी कम न होगा।"

डाक्टर ग्रियर्सन के कथन का प्रमाण बंगाल में जाकर देखिये। सहस्र-सहस्र हिन्दू आज तक विद्यापति के राधाकृष्ण-विषयक पदों का कीर्त्तन करते हुए अपने-आपको भूल जाते हैं।

एक जगह पुनः आप लिखते हैं—"The glowing stanzas of Vidyapati are read by the devout Hindu with a little of the baser part of the human sensuousness as the songs of the Solmon the Christian priests"

"जिस प्रकार खीष्ट पादरी सालमन के गान गाते है, उसी प्रकार भक्त हिन्दू विद्यापति के अनूठे पदों को पढ़ते है।"

इनकी उपमाएँ अनूठी और अछूती है। इनकी उत्प्रेक्षाएँ कल्पना के उत्कृष्ट विकास के उदाहरण है। रूपक का इन्होंने रूप खड़ा कर दिया है। स्वभावोक्ति से इनकी सारी रचनाएँ ओत-प्रोत है। श्रुत्यनुप्रास इनके पदों का स्वाभाविक आभूषण है। प्रधान काव्यगुण—प्रसाद और माधुर्य—इनके पद-पद से टपकते है।

प्रकृति-वर्णन में तो इन्होंने कमाल किया है—इनका वसंत और पावस का वर्णन पढ़कर मन्त्र-मुग्ध हो जाना पड़ता है। इनके वसंत और पावस में मिथिला की खास छाप है। वसंत में मिथिला की शस्य-श्यामला भूमि अलंकृत और दर्शनीय हो जाती है। पावस में, हिमालय निकट होने के कारण, यहाँ बिजलियाँ जोर से कड़कती है—प्रायः कुलिशपात होता है। इन्होंने इसका बड़ा ही अपूर्व वर्णन किया है।

इनका मिलन और विरह का वर्णन भी देखने योग्य है। हिन्दी-कवियों के विरह-वर्णन में, 'घनआनन्द' आदि दो-चार को छोड़कर, हृदय-वेदना का सूक्ष्म विश्लेषण प्रायः नहीं देखा जाता। विद्यापति का विरह-वर्णन प्रेमिका के हृदय की तस्वीर है—उसमें वेदना है, व्याकुलता है, प्रियतमा के प्रियतम के प्रति तल्लीनता है, कोरी हाय-हाय वहाँ नहीं है।

———

विद्यापति की पदावली

[टिप्पणी-सहित]

वन्दना

[१]

नन्दक नन्दन कदम्बक तरु-तर
धिरे धिरे मुरलि बजाव ॥१॥
समय सँकेत-निकेतन बइसल
बेरि बेरि बोलि पठाव ॥२॥
सामरि, तोरा लागि
अनुखन विकल मुरारि ॥३॥
जमुनाक तिर उपवन उदवेगल
फिरि फिरि ततहि निहारि ॥४॥
गोरस बेचए अबइत जाइत
जनि जनि पुछ बनमारि ॥५॥

१—नन्दक नन्दन = नन्द के बेटे, श्रीकृष्ण। तर = तले, नीचे। २—सँकेत-निकेतन = मिलने का निर्दिष्ट स्थान। बइसल = बैठे हुए। बेरि बेरि = बार-बार। (संकेत-स्थान में बैठकर मिलन का समय आया जान) बार बार बुला रहे है (वंशी मे पुकार रहे है)—"नामसमेतम् कृत-संकेतम् वादयते मृदुवेणुम्"—गीतगोविन्द। ३—सामरि = श्यामा, सुन्दरी;—शीते सुखोष्णसर्वांगी ग्रीष्मे च सुखशीतला। तप्तकाञ्चनवर्णाभा सा स्त्री श्यामेतिकथ्यते॥" तोरालागि = तुम्हारे वास्ते। अनुखन—प्रतिक्षण।

४—५ तिर = तट। उदवेगल = उद्विग्न हुआ, व्याकुल। ततहि = उसी तरफ। जनि जनि = प्रत्येक स्त्री से (पुल्लिंग जन, स्त्री० जनि) यमुना के किनारे उपवन मे (भ्रमण करते हुए) व्याकुल होकर पुनः-पुन: उसी

तोंहे मतिमान, सुमति, मधुसूदन
वचन सुनह किछु मोरा।
भनइ विद्यापति सुन वरजौवति
वन्दह नन्द-किसोरा ॥७॥

[२]

राधा की वन्दना

देख देख राधा रूप अपार।
अपुरुव के बिहि आनि मिलाओल
खिति-तल लावनि-सार ॥२॥
अंगहि अंग अनँग मुरछायत
हेरए पड़ए अथीर।
मनमथ कोटि-मथन करु जे जन
से हेरि महि-मधि गीर ॥४॥

ओर (तुम्हारे आगमन-पथ की ओर) देखते हैं, और दूध-दही बेचने को आने-जानेवाली प्रत्येक रमणी से वनमाली श्रीकृष्ण (तुम्हारे विषय में) पूछते हैं। ६—मतिमान = अनुरक्त। हे सुमति! मेरी कुछ बातें सुनो, मधुसूदन तुमपर अनुरक्त हैं। ७—भनइ = कहते हैं। जौवति = युवती। वन्दह—वंदना करो।

"ते सुकृती रस-सिद्ध कवि, वंदनीय जग माहि!
जिनके सुजस-सरीर कहँ, जरा मरन-भय नाहि॥"

२—अपुरुव = अपूर्व। बिहि = विधि, ब्रह्मा। आनि मिलाओल = ला मिलाया, रच दिखाया। खिति = क्षिति, पृथ्वी। लावनि—लावण्य। ३—अनँग = कामदेव। हेरए = देखकर। अथीर = अस्थिर, चंचल। ४—मनमथ = कामदेव। मधि = में। जो करोड़ों कामदेवों का (अपने सौंदर्य

कत कत लखिमी चरन-तल नेओछए
रंगिनि हेरि बिभोरि ॥५॥
करु अभिलाख मनहि पदपंकज
अहोनिसि कोर अगोरि ॥६॥

[३]

देवी-वंदना

जय जय भैरवि असुर-भयाउनि
पसुपति-भामिनि माया ॥१॥
सहज सुमति बर दिअओ गोसाउनि
अनुगति गति तुअ पाया ॥२॥
बासर-रैनि सबासन सोभित
चरन, चन्द्रमनि चूड़ा ॥३॥
कतओक दैत्य मारि मुँह मेलल,
कतओ उगिल कैल कूड़ा ॥४॥

से) मथन करते हैं, (वह श्रीकृष्ण भी) जिसे देखकर (मूर्च्छित हो) पृथ्वी पर गिर पड़ते हैं। ५—लखिमी = लक्ष्मी। नेओछए = न्योछावर करते हैं। रंगिनि = सुन्दरी। बिभोरि = बेसुध होकर। ६—अहोनिसि = अहर्निश, दिन-रात। कोर = गोद। अगोरि (मैथिली) = यत्न-पूर्वक रखना। मन में अभिलाषा होती है कि इस पद-कमल को रात-दिन गोदी में 'अगोरकर' रक्खें।

२—दिअओ = दो। गोसाउनि = गोस्वामिनी, भगवती। पाया = पैर। ३—बासर = दिन। रैनि = रात। सबासन = शवासन = मुर्दे पर आसन। चन्द्रमनि = चन्द्रकान्तमणि। चूड़ा = सिर। ४—कतओक =

सामर बरन, नयन अनुरंजित,
जलद-जोग फुल कोका।
कट कट बिकट ओठ-पुट पाँड़रि
लिचुर-फेन उठ फोका ॥६॥
घन घन घनए घुघुर कत बाजय,
हन हन कर तुअ काता।
विद्यापति कवि तुअ पद सेवक,
पुत्र बिसरु जनि माता ॥८॥

कितना हो। मेलल = रक्खा। कूड़ा कैल = चूर-चूर कर दिया। अनुरंजित = रँगा हुआ, लाल। जलद-जोग फूल कोका = बादल में कमल फूले हों। पाँड़रि = एक लाल फूल। फोका = बुद्बुद। ७—काता = कत्ता, कटार।

वयः-सन्धि

[४]

सैसव जौबन दुहु मिलि गेल।
स्रवन क पथ दुहु लोचन लेल ॥२॥
बचन क चातुरि लहु-लहु हास।
धरनिये चाँद कएल परगास ॥४॥
मुकुर लई अब करई सिंगार।
सखि पूछइ कइसे सुरत-बिहार ॥६॥
निरजन उरज हेरइ कत बेरि।
हसइ से अपन पयोधर हेरि ॥८॥
पहिल बदरि-सम पुन नवरंग।
दिन-दिन अनँग अगोरल अंग ॥१०॥
○ माधव पेखल अपुरुब बाला।
सैसव जौवन दुहु एक भेला ॥११॥
विद्यापति कह तुहु अगेआनि।
दुहु एक जोग हइ के कह सयानि ॥१४॥

१—सैसव = शिशुता, बचपन। जौवन = जवानी। २—दोनो आँखों ने कानों की राह पकड़ी = कटाक्ष करना प्रारम्भ किया। ३—लहु= लघु, मंद। हास = हँसी। ४—परगास = प्रकाश। ५—मुकुर=आईना। ६—सुरत-बिहार = काम-क्रीड़ा। ७—निरजन = एकान्त में। उरज = पयोधर = स्तन। हेरइ = देखती है। "स्मितं किंचिद्वक्त्रं सरलतरलो दृष्टिविभवः। परिस्पन्दो वाचामपि नवविलासोक्तिसरसः। गतीनामारम्भः। किसलयितलीलापरिकरः। स्पृशन्त्यास्तारुण्यं किमिह न हि रम्यं मृगदृशः॥" ६—बदरि = बेर का फल। नवरंग = नारंगी, नीबू

[५]

सैसव जौवन दरसन भेल ।
दुहु दल-बले दन्द परि गेल ॥२॥
कबहु बाँधय कच कबहु बिथारि ।
कबहु झाँपय अँग कबहु उघारि ॥४॥
अति थिर नयन अथिर किछु भेल ।
उरज-उदय-थल लालिम देल ॥६॥
चंचल चरन, चित चंचल भान ।
जागल मनसिज मुदित नयान ॥८॥
विद्यापति- कह सुनु बर कान ।
धैरज धरह मिलायब आन ॥१०॥

कुच, पहले बेर के समान छोटे थे, पुनः नारंगी-से हुए । १०—अनँग = कामदेव । अगोरल=पहरा दिया । ११—पेखल = देखा । अपुरुब=अपूर्व । १२—भेला = भया, हुआ । १४—के कह = कौन कहता है ?

२—दन्द = द्वन्द्व = युद्ध । परि गेल = पड़ गया, शुरू हो गया, ठन गया । दोनो (शैशव और यौवन) के सैन्यबल में द्वन्द्व युद्ध छिड़ गया । ३—कच = केश । बियारि = खोल देना । ४—अँग = देह, (यहाँ छाती) । ५—अथिर = चंचल । ६—उरज = कुच । उदयथल— उगने का स्थान । देल = दिया । कुचो के उत्पन्न होने के स्थान में लालिमा छा गई । ७—भान = मालूम होना । पैर चंचल थे ही, अब चित्त भी चंचल मालूम होता है । ८—मुदित = बंद । नयान=आँखें । कामदेव जाग तो गया, पर उसकी आँखें बन्द ही हैं, नहीं खुलतीं । ९—कान = कान्ह, कृष्ण । १०—आन = लाकर ।

[६]

सैसव जौवन दरशन भेल।
दुहु पथ हेरइत मनसिज गेल॥२॥
मदन क भाव पहिल परचार।
भिन जन देल भिन्न अधिकार॥४॥
कटि क गौरव पाओल नितम्ब।
एक क खीन अओक अवलम्ब॥६॥
प्रगट हास अब गोपत भेल।
उरज प्रगट अब तन्हिक लेल॥८॥
चरन चपल गति लोचन पाव।
लोचन क धैरज पदतल जाव॥१०॥
नव कविसेखर कि कहइत पार।
भिन भिन राज भिन्न बेवहार॥१२॥

२—मनसिज = काम। दोनों की राह में देखते हुए कामदेव ने (बाला के शरीर में) गमन किया। ३—पहिल परचार = प्रथम प्रचारित हुआ। ५—कटि क = कमर का। गौरव = गुरुता। नितम्ब—चूतड़। ६—खीन = क्षीण, पतला। अओक = अन्य का = दूसरे का। ७, ८—गोपत = गुप्त। तन्हिक = उसका। प्रकट हँसी अब गुप्त हुई और उसकी प्रकटता अब कुचों ने ले ली। १०—धैरज = धीरता। 'काव्यप्रकाश' में कहा है—श्रोणीबन्धस्त्यजति तनुतां सेवते मध्यभागः। पद्भ्यां मुक्तास्तरलगतयः संश्रिता लोचनाभ्याम्॥ वक्षःप्राप्तं कुचसचिवतामद्वितीयन्तु वक्त्रम्। सद्गात्राणां गुणविनिमयः कल्पितो यौवनेन। ११—नव कविसेखर = विद्यापति का उपनाम।

[७]

किछु किछु उतपति अंकुर भेल ।
चरन-चपल-गति लोचन लेल ॥२॥

अब सब खन रह आँचर हात ।
लाजे सखिगन न पुछए बात ॥४॥

कि कहब माधब बयस क संधि ।
हेरइत मनसिज मन रहु बंधि ॥६॥

तइअओ काम हृदय अनुपाम ।
रोपल घट ऊचल कए ठाम ॥८॥

सुनइत रस-कथा थापए चीत ।
जइसे कुरंगिनी सुनए सँगीत ॥१०॥

सैसव जौवन उपजल बाद ।
केओ न मानए जय अवसाद ॥१२॥

बिद्यापति कौतुक बलिहारि ।
सैसव से तनु छोड़नहि पारि ॥१४॥

१—अंकुर = कुचों के अंकुरे। ३—खन = क्षण। हात = हाथ। ५-६, माधव ! वयःसन्धि (की बातें) क्या कहूँ—देखते ही कामदेव का मन भी बँध गया। ७-८ तथापि (बन्दी होने पर भी) काम ने उसके अनुपम हृदय पर घट स्थापित कर उस स्थान को ऊँचा कर दिया। ९—थापए = स्थापित करती है। १०—कुरंगिनी = हरिणी। ११—उपजल बाद = होड़ मची। १२—केओ = कोई। अवसाद = पराजय। १४—शैशव को उसका शरीर छोड़ना ही पड़ेगा।

[८]

पहिल बदरि कुच पुन नवरंग।
दिन दिन बाढ़ए पिड़ए अनंग ॥२॥
से पुन भए गेल बीजकपोर।
अब कुच बाढ़ल सिरिफल जोर ॥४॥
माधव पेखल रमनि संधान।
घाटहि भेटल करत सिनान ॥६॥
तनसुक सुबसन हिरदय लागि।
जे पुरुख देखब तेकर भागि ॥८॥
उर हिल्लोलित चाँचर केस।
चामर झाँपल कनक महेस ॥१०॥
भनइ बिद्यापति सुनह मुरारि।
सुपुरुख बिलसए से बरनारि ॥१२॥

१–बदरि=बेर (फल)। नवरंग=नारंगी। २–पिड़ए=पीड़ा देता है। ३–बीजकपोर=बीजपूर, बड़ा (टाभ) नीबू; जैसे बीज क्रमशः बढ़ते-बढ़ते पोर (वृक्ष की मुटाई और गाँठ) बनता है उसी तरह कुच भी बढ़ और मोटे हो चले। ४–सिरिफल=श्रीफल, बेल। १-४, एक संस्कृत श्लोक है—उद्भेदं प्रतिपद्यपक्वबदरीभावं समेता क्रमात्। पुन्नागाकृतिमाप्य पूगपदवीमारुह्य बिल्वश्रियम्॥ लब्ध्वा तालफलोपमां च ललितामासाद्य भूयोघुना। चंचत् काञ्चनकुम्भजम्भनमिमावस्याः स्तनौ विभ्रतः॥ ५–पेखल=देखा। सिनान=स्नान। तनसुक=एक प्रकार का महीन कपड़ा। हिल्लोलित=झूलता हुआ। चांचर=चंचल। ९–१०—हृदय पर झाँझरी से बने हुए बाल डोल रहे हैं, मानो सोने के महादेव को चँवर से ढक दिया हो। १२—बिलसए=विलास करें।

[९]

खने खन नयन कोन असुराई।
खने खन बसन धूलि तनु भरई ॥२॥
खने खन दसन-छटा छुट हास।
खने खन अधर आगे गहु बास ॥४॥
चउँकि चलए खने खन चलु मन्द।
मनमथ-पाठ पहिल अनुबन्ध ॥६॥
हिरदय-मुकुल हेरि हेरि थोर।
खने आँचर दए खने होए भोर ॥८॥
बाला सैसव तारुन भेट।
लखए न पारिअ जेठ कनेठ ॥१०॥
बिद्यापति कह सुन बर कान।
तरुनिम सैसव चिन्हइ न जान ॥१२॥

१—खने खन = क्षण-क्षण। क्षण-क्षण में आँखें कोण का अनुसरण करती हैं—कटाक्ष करती हैं। २—क्षण-क्षण में अस्तव्यस्त वस्त्र (चंचल धूलि में गिरकर) शरीर को धूलि से भरते हैं। ३—दसन = दाँत। हास = हँसी। ४—अधर = होंठ। बास = वस्त्र। ६—अनुबन्ध=भूमिका। ७—हिरदय-मुकुल=हृदय की कली, कुच। ८—भोर=भूल जाना) ९-१०—तारुन = तरुणाई, जवानी। कनेठ=कनिष्ठ=छोटा। बाला के शरीर में बचपन और जवानी की भेंट हुई है—मुकाबला हुआ है। इन दोनों में कौन बड़ा और कौन छोटा (कौन निर्बल और कौन सबल) है, यह जान नहीं पड़ता। ११—कान=कान्ह, कृष्ण। १२—तरुनिम=जवानी।

नखशिख

[१०]

पीन पयोधर दूबरि गता ।
मेरु उपजल कनक - लता ॥२॥
ए कान्हु ए कान्हु तोरि दोहाई ।
अति अपूरुब देखलि साई ॥४॥
मुख मनोहर अधर रंगे ।
फूललि मधुरी कमल संगे ॥६॥
लोचन - जुगल भृंग अकारे ।
मधु क मातल उड़ए न पारे ॥८॥
भऔंह क कथा पूछह जनू ।
मदन जोड़ल काजर - धनू ॥१०॥
भन विद्यापति दूतिबचने ।
एत सुनि कान्हु कएल गमने ॥१२॥

१-२, पीन=पुष्ट । पयोधर=कुच गता=गात, शरीर । मेरु= सुमेरु पर्वत । दुबली (तन्वी) के शरीर में पुष्ट कुच हैं मानों सोने की लता (देह) में सुमेरु पर्वत (कुच) उत्पन्न हुआ हो । ४—अपूरुब= अपूर्व । साई=उसे । ५—६, अधर=ओष्ठ । रंगे=रंगे हुए, लाल । मधुरी=एक तरह का सुन्दर लाल फूल जो मिथिला में विशेष होता है । सुन्दर मुख पर रंगीन (लाल) अधर है, मानो कमल के फूल के साथ मधुरी फूली हो । ७-८—भृंग भौंरा । मधु क मातल=मधु पीकर मस्त बना । (उस मुख-कमल में) दोनों लोचन भौंरे के समान हैं जो (मुख-कमल का) मधु पीकर मस्त होने से उड़ नहीं सकते ।

[११]

कि आरे ! नव जौवन अभिरामा ।
जत देखल तत कहए न पारिअ
छओ अनुपम एक ठामा ॥२॥
हरिन इन्दु अरविन्द करिनि हेम
पिक बूझल अनुमानी ।
नयन वदन परिमल गति तन रुचि
अओ अति सुललित वानी ॥४॥
कुच जुग परसि चिकुर फुजि पसरल
ता अरुझायल हारा ।
जनि सुमेरु ऊपर मिलि ऊगल
चाँद बिहिनु सब तारा ॥६॥

१—२, अहा, कैसी सुन्दर नई जवानी है ! जैसा देखा, वैसा कह नहीं सकता, छः अनुपम (पदार्थ) एक ही स्थान पर है । ३—इन्दु = चन्द्र । अरविन्द = कमल । करिनि = हथिनी । हेम = सोना । पिक = कोयल । ४—परिमल = सुगन्धि । तनु रुचि = शरीर की कान्ति । हरिन, चन्द्र, कमल, हथिनी, सोना, कोयल—ये छः क्रमशः आँख, मुख, शरीर की सुगन्धि, मस्तानी चाल, शरीर की कान्ति और मीठी बोली के उपमान है । ५—६, चिकुर = केश । फुजि = खुलकर । बिहिनु = विहीन । दोनों कुचों से स्पर्श करते हुए केश खुलकर छिटके हुए हैं जिनसे (मुक्ता की) माला उरझी हुई है, मानों, सुमेरु पर्वत पर चन्द्रमा को छोड़कर (क्योंकि केश रूपी अंधकार भी है !) सब तारे मिलकर उगे हो । ७—लोल = चचल । कपोल = गाल । अधर = ओष्ठ ।

लोल कपोल ललित मनि-कुंडल
अधर बिम्ब अध जाई।
भौंह भ्रमर, नासापुट सुन्दर
से देखि कीर लजाई॥८॥
भनइ विद्यापति से वर नागरि
आन न पावए कोई।
कंसदलन नारायन सुन्दर
तसु रंगिनी पए होई॥१०॥

बिम्ब = बिम्बफल (लाल होता है)। अध = अधः, नीचे। अधरबिम्ब अध जाई=ओष्ठ की लालिमा देख बिम्बफल नीचे जाता है = हीन मालूम होता है। ८ भ्रमर = भौंरा। भौंहभ्रमर = भौंहें, भ्रमर के समान, काली हैं। नासापुट = नाक। कीर = सुग्गा। १०—कंसदलन नारायण = (१) मिथिला के राजा (२) श्रीकृष्ण। तसु = उसका। रंगिनी = स्त्री।

"इश्क को दिल में दे जगह 'अकबर'
इल्म से शायरी नहीं आती।"

(१२)

माधव की कहब सुन्दरि रूपे।
कतेक जतन बिहि आनि समारल
देखल नयन सरूपे ॥२॥
पल्लव-राज चरन-जुग सोभित
गति गजराज क भाने।
कनक-कदलि पर सिंह समारल
तापर मेरु समाने ॥४॥
मेरु ऊपर दुइ कमल फुलायल
नाल विना रुचि पाई।
मनि-मय हार धार बहु सुरसरि
तओ नहि कमल सुखाई ॥६॥

(नोट—"अद्भुत एक अनूपम बाग" शीर्षक सूरदास का एक प्रसिद्ध पद्य है। साहित्य-संसार में उसकी बड़ी प्रशंसा होती है। सूरदास से डेढ़ सौ वर्ष पहले रची गई यह कविता पढ़कर, पाठक, विद्यापति की प्रतिभा का अन्दाजा लगावें।)

१—की=क्या। २—बिहि=विधि, ब्रह्मा। सरूपे=सत्य प्रत्यक्ष। ३—पल्लवराज=कमल। ४—कनक-कदली—सोने के केले का खम्भ (जाँघ की उपमा)। सिंह=(कटि की उपमा)। मेरु=पहाड़ (उभड़ी हुई छाती)। ५—दुइ कमल=दो कमल (दोनों कुच)। नाल=डंटी। रुचि=शोभा। ६—(कुचों पर) मणि माला रूपी गंगा की धारा बह रही है, इसीसे—उसके स्रोत में —(बिना नाल के भी दोनों कुच रूपी) कमल नहीं मुरझाते।

अधर बिम्ब सन, दशन दाड़िम-बिजु
रवि ससि उगथिक पासे।
राहु दूर बस नियरो न आबथि
तै नहि करथि गरासे ॥८॥
सारँग नयन बयन पुनि सारँग
सारँग तसु समधाने ।
सारँग ऊपर उगल दस सारँग
केलि करथि मधुपाने ॥१०॥
भनइ विद्यापति सुन बर जौवति
एहन जगत नहि आने ।
राजा सिवसिंघ रूपनरायन—
लखिमा देइ पति भाने ॥१२॥

७—अधर=ओष्ठ । बिम्बफल । सन=ऐसा । दसन=दाँत । दाड़िम= अनार । बिजु=बीज, दाना । रबि ससि उगथिक पासे=सूर्य-चन्द्र एक साथ उगे हैं (चन्द्रमा ऐसे मुख में बाल सूर्य-सा लाल सिंदूर है)। ८—राहु=(केश की उपमा)। नियरो=निकट। ९—सारँग=(१) हरिण। सारँग=(२) कोयल। सारँग=(३) कामदेव। सारँग तसु समधाने=उसके संधान में-कटाक्ष में—काम बसता है। १०—सारँग= (४) कमल (ललाट)। दस=(यहाँ बहुवाची)। सारँग=(५) भौंरा (केशों के लटके हुए गुच्छे)। मधुपाने=रस पीकर। (मुखरूपी) कमल पर भौंरे (रूपी लटें लटकी) हैं, जो मधुपान कर केलि कर रहे हैं। एहन=ऐसा। आने=दूसरा।

(१३)

जुगल सैल-सिम हिमकर देखल
एक कमल दुइ जोति रे ॥१॥
फुललि मधुरि फुल सिंदुर लोटाएल
पाँति बइसलि गज-मोति रे।
आज देखल जति के पतिआएत
अपुरुब विहि निरमान रे ॥३॥
बिपरित कनक-कदलि-तर सोभित
थल-पंकज के रूप रे।
तथहु मनोहर बाजन बाजए
जनि जागे मनसिज भूप रे ॥५॥
भनइ विद्यापति पूरब पुन तह
ऐसनि भजए रसमन्त रे।
बुझल सकल रस नृप सिवसिंघ
लखिमा देइ कर कन्त रे ॥७॥

१—जुगल सैल=दो पहाड़ (कुचों की उपमा)। सिम=सीमा में, निकट। हिमकर=चन्द्रमा (मुख की उपमा)। कमल=(मुख की उपमा)। दुइ जोति=दो ज्योतियाँ (दो आँखें)। २—मधुरि फूल=एक तरह का लाल फूल। फुली हुई मधुरी (फूल) सिंदूर पर लोटती है और, दाँत क्या है, गजमुक्ताओं की पंक्ति बैठी है। ४—विपरित=उलटा। कनक कदलि=(जांघ की उपमा)। थल पकज=स्थल कमल (पैरों की उपमा)। ५—तथहु=वहाँ भी। मनसिज=कामदेव। ६—पुन=पुण्य। ऐसनि=ऐसा। रसमंत=रसवती, सुरसिका।

[१४]

चाँद-सार लए मुख घटना करु
लोचन चकित चकोरे
अमिय धोय आँचर धनि पोछलि
दह दिसि भेल उँजोरे ॥२॥
कामिनि कोने गढ़ली।
रूप सरुप मोयँ कहइत असँभव
लोचन लागि रहली ॥४॥
गुरु नितम्ब भरे चलए न पारए
माझ-खानि खीनि निमाई।
भागि जाइत मनसिज धरि राखलि
त्रिवलि लता अरुझाई ॥६॥
भनइ विद्यापति अद्भुत कौतुक
ई सब वचन सरूपे।
रूपनारायन ई रस जानथि
सिवसिंघ मिथिला भूपे ॥८॥

१—२, चन्द्रमा का सार भाग लेकर (विधाता ने राधा के) मुख की रचना की, (जिसे देखते ही चकोर की आँखें चकित हुईं। बाला ने (अपने मुख-चन्द्र को) अंचल से पोछकर जो अमृत धो बहाया, वही (चाँदनी के रूप में) दशों दिशाओं में प्रकाशित हुआ। ३—कोने=किसने। गढ़ली=गढ़ा, रचा। ५—भरे=भार से। माझ खानि=मध्य भाग में (कटि)। खीनि=क्षीण, पतली। निमाई=निर्माण की। ६—त्रिबली-लता=त्रिबली=पेट में पड़ी तीन रेखाएँ।

[१५]

सुधामुखि के बिहि निरमिल बाला।
अपरुब रूप मनोभवमंगल
त्रिभुवन विजयी माला ॥२॥
सुन्दर वदन चारु अरु लोचन
काजर-रंजित भेला।
कनक-कमल माझ काल-भुजंगिनि
स्रीयुत खंजन खेला ॥४॥
नाभि-विवर सयँ लोम-लतावलि
भुजगि निसास-पियासा
नासा खगपति-चंचु भरम-भय
कुच-गिरि-संधि निवासा ॥६॥

१— के बिहि = किस विधाता ने। निरमिल = निर्माण किया। २—मनोभव-मंगल = कामदेव का शुभ स्वरूप—"मनोभवमंगलकलस-सहोदरे"-गीतगोविन्द। त्रिभुवन विजयी माला = तीनो भुवनों को पराजित करनेवाली माला के समान। ३—४ बदन = मुखड़ा। भेला हुआ। माझ—मध्य में। स्रीयुत = सुन्दर। सुन्दर मुख में सुन्दर काजल लगी आँखें है, मानों सोने के कमल (मुख) मे काल-सर्पिणी (अंजन) क्रीड़ा कर रही हो! अथवा मानो काल भुजगिनी रूपी आँखे कनक कमलरूपी मुख के बीच सुन्दर (स्रीयुत) खंजन की तरह खेल रही हो। ५—६, विवर = विल, छेद। सयँ = से। लोम = लतावली = बाल-रूपी लताएँ, पंक्तिबद्ध बाल। भुजगि = सर्पिणी। निसास=साँस। खगपति = गरुड़ चंचु=चोंच। नाभी रूपी विल से पंक्तिबद्ध बाल-रूपी सर्पिणी (नायिका

तिन बान मदन तेजल तिन भुवने
अवधि रहल दओ बाने।
विधि बड़ दारुन बधए रसिकजन
सोंपल तोहर नयाने ॥८॥
भनइ विद्यापति सुन बर जौवति
इह रस केओ पए जाने।
राजा सिवसिंघ रूपनरायन
लखिमा देइ रमाने ॥१०॥

की सुगंधित) साँसों की प्यास में (आगे बढ़ी), किन्तु नुकीली नाक को गरुड़ की चोंच समझकर डर से कुच रूपी (दो) पर्वतों के बीच के (संकीर्ण) मिलन-स्थान में आ बसी। ७, ८ तिन=तीन। तेजल= छोड़ा। अवधि=अवशिष्ट, बाकी। रहल=रहा। दओ=दो। बधए= बधने को, हत्या करने को तोहार=तुम्हारे। नयान=आँखें। कामदेव को पंचबाण कहते हैं, सो मदन ने अपने (पाँच बाणों में से) तीन बाण तो तीनों लोकों में छोड़े, शेष उसके दो बाण रह गये। ब्रह्मा बड़ा ही निष्ठुर है, (उन बचे हुए दो बाणों को) रसिकों की हत्या करने के लिये तुम्हारे नयनों को सौंप दिया। ९—इह रस केओ पय जाने=यह रस कोई कोई ही जानता है। १०—देइ—देवी। रमाने=रमण, पति।

"हृदय-सिंधु मति सीप समाना। स्वाती सारद कहहिं सुजाना।
जो बरसै बर बारि-बिचारू। होंहि 'कबित'-चिंतामनि चारू॥"

[१६]

जाइत देखलि पथ नागरि सजनि गे
आगरि सुबुधि सेयानि ।
कनक-लता सनि सुन्दरि सजनि गे
विहि निरमाओल आनि ॥२॥
हस्ति-गमन जकाँ चलइत सजनि गे
देखइत राज-कुमारि ।
जिनकर एहनि सोहागिनि सजनि गे
पाओल पदारथ चारि ॥४॥
नील बसन तन घेरल सजनी गे
सिर लेल चिकुर सँभारि ।
तापर भमरा पिबए रस सजनि गे
बइसल पाँखि पसारि ॥६॥
केहरि सम कटि-गुन अछि सजनि गे
लोचन अम्बुज धारि ।
विद्यापति कवि गाओल सजनि गे
गुन पाओल अवधारि ॥८॥

१—नागरि=नगर-निवासिनी; सुचतुरा। आगरि=अग्रगण्या। २—सनि=समान निरमओल आनि=लाकर बनाया। ३—जकाँ=ऐसा। ४—जिनकर=जिसको। एहनि=ऐसी। ५—चिकुर केश। ६—तापर=उसपर। भमरा=भौंरा। ७—केहरि=सिंह। अछि=(अस्ति) है। अम्बुज—कमल। धारि=धारण करो, समझो। ८—अवधारि=निश्चय।

[१७]

चिकुर - निकर तम - सम
पुनु आनन पुनिम ससी।
नयन - पंकज के पतिआओत
एक ठाम रहु बसी ॥२॥
आज मोयँ देखलि बारा।
लुबुध मानस, चालक मयन
कर की परकारा ॥४॥
सहज सुन्दर गोर कलेवर
पीन पयोधर सिरी।
कनक-लता अति बिपरित
फरल जुगल - गिरी ॥६॥
भन विद्यापति बिहि क घटन
के न अद्भुत जान।
राय सिवसिंघ रूपनरायन
लखिमा देइ रमान ॥८॥

१—२—चिकुर निकर=केश समूह। पुनिम=पूर्णिमा का। ठाम=स्थान। केश-समूह अंधकार के समान है, फिर, मुख पूर्णिमा के चन्द्र के समान और नयन कमल के (समान)—कौन विश्वास करेगा (कि ये सब परस्पर-विरोधी पदार्थ) एक स्थान पर बसते हैं। मोयँ= मैंने। बारा=बाला। ४—लुबुध=लुब्ध, अनुरक्त। चालक = संचालन करनेवाला। मयन—काम। की परकारा = किस प्रकार। ५—सिरी= श्री, शोभायुक्त। ६—फरल = फला। ७—घटन = सृष्टि।

[१८]

सजनी, अपरुप पेखल रामा।
कनक-लता अवलम्बन ऊअल
हरिन-हीन हिमधामा ॥२॥
नयन-नलिनि दओ अंजन रंजइ
भौंह बिभंग-बिलासा।
चकित चकोर-जोर बिधि बाँधल
केवल काजर पासा ॥४॥
गिरिवर-गरुअ पयोधर-परसित
गिम गज-मोति क हारा।
काम कम्बु भरि कनक-सम्भु परि
ढारत सुरसरि-धारा ॥६॥
पएसि पयाग जाग सत जागइ
सोइ पावए बहुभागी।
बिद्यापति कह गोकुल-नायक
गोपी जन अनुरागी ॥८॥

१—अपरुप = अपूर्व। पेखल = देखा। रामा = सुन्दरी। २—कनक-लता = सोने की लता (देह)। ऊअल = उदित हुआ। हरिन-हीन हिमधामा = निष्कलंक चन्द्र (मुख)। ३—नलिनी = कमलिनी। दओ = दो। भौंह बिभग-विलासा = कुटिल कटीली भौंहों—भवों—में भाव-भंगी। ४—जोर = जोड़ा। बाँधल = बाँधा है। पास = पास में, रस्सी में। ५–६ गिरिवर गरुअ = पहाड़ के ऐसे भारी। पयोधर = कुच। गिम = ग्रीवा, कण्ठ। गजमोतिक = गजमुक्ता की। कम्बु = शख। कनक = सोना। पहाड़

[१६]

कनक-लता अरबिन्दा ।
दमना माँझ उगल जनि चन्दा ॥२॥

केहु कहै सैवल छपला ।
केहु बोले नहि नहि मेघे झपला ॥४॥

केहु कहे भमए भमरा ।
केहु बोले नहि नहि चरए चकोरा ॥६॥

संसय परल सब देखी ।
केहु बोलए ताहि जुगुति बिसेखी ॥८॥

भनइ बिद्यापति गावे ।
वड़ पुन गुनमति पुनमत पावे ॥१०॥

ऐसे उत्तुंग कुचों को स्पर्श करती हुई गले में गजमुक्ताओं की माला है, मानों, कामदेव शंख (कण्ठ) में भरकर, सोने के महादेव (कुचों) पर गंगा की धारा (माला) ढार रहा हो ७—पएसि=पैठकर, जाकर। पयाग—प्रयाग में। जाग=यज्ञ। सत=शत, सौ। (जो) प्रयाग में जाकर सैकड़ों यज्ञ करे, वही बहुभाग्यशाली (इस रमणी को) प्राप्त करे।

१—२, दमना=द्रोणलता। माँझ=में। उगल=उदित हुआ। जनि=मानो। सोने की लता पर कमल खिला है या द्रोण-लता पर चन्द्रमा उगा है। ३—केहु=कोई। कहै=कहता है। सैबल=शैवल, सेंवार। छपला=छिपा हुआ। ४—५, झपला=ढँपा हुआ। ५—भमए भमरा =भौंरा भ्रमण कर रहा है। ६—चरए=चर रहा है, दाना चुग रहा है। ७—परल=पड़ गया। १०—पुन=पुण्य से। पुनमत=पुण्यवंत।

[२०]

कबरी-भय चामरि गिरि-कन्दर
मुख-भय चाँद अकासे।
हरिन नयन-भय, सर-भय कोकिल
गति-भय गज बनबासे ॥२॥

सुन्दरि, किए मोहि सँभासि न जासि।
तुअ डर इह सब दूरहि पलायल
तुहुँ पुन काहि डरासि ॥४॥

कुच-भय कमल-कोरक जल मुदि रहु
घट परवेस हुतासे।
दाड़िम सिरिफल गगन बास करु
सम्भु गरल करु ग्रासे ॥६॥

भुज भय पंक मृनाल नुकाएल
कर-भय किसलय काँपे।
कवि-सेखर भन कत कत ऐसन
कहब मदन परतापे ॥७॥

१—कबरी=केश। चामरि=चँवरवाली गौ। २—सर=स्वर, बोली। ३—किए=क्यों। सँभासि=बातचीत करके। जासि=जाती है। सुन्दरी, क्यों मुझसे बातें नहीं कर जाती? ४—पलायल=भाग गया। ५—कमल-कोरक=कमल की कली। घट परवेस हुतासे=घड़ा अग्नि में प्रवेश करता है। ६—दाड़िम=अनार। सिरिफल=बेल। गगन=आकाश। सम्भु=शिव। गरल=विष। ६—मृनाल=कमल-नाल। नुकायल=छिप गया। कर=हाथ। किसलय=नवीन पत्ता।

[२१]

रामा, अधिक चंगिम भेल।
कतने जतन कत अदबुद, बिहि बिहि तोहि देल ॥२॥
सुन्दर बदन सिंदुर-बिन्दु सामर चिकुर भार।
जनि रबि-ससि संगहि ऊगल पाछ कय अंधकार ॥४॥
चंचल लोचन बाँक निहारए अंजन शोभा पाय।
जनि इन्दीबर पवन-पेलल अलि भरे उलटाय ॥६॥
उनत उरोज चिर झपावए पुनु पुनु दरसाए।
जइयो जतने गोअए चाहए हिमगिरि न नुकाय ॥८॥
एहनि सुन्दरि गुनक आगरि पुनें पुनमत पाव।
ई रस बिन्दक रूपनरायन कवि विद्यापति गाव ॥१०॥

१—रामा = सुन्दरि। चंगिम = शोभामयी। भेल = हुई। २—कतने = कितना। कत = कितना अदबुद = अद्भुत। बिहि = विधि, ब्रह्मा। बिहि=विधि, प्रकार ढंग। अथवा बिहि-बिहि=चुन-चुनकर। देल= दिया। ३—बदन = मुख। सामर = काला। चिकुर = केश। ४—ऊगल = उदित हुआ। पाछ = पीछे। कए करके। ५—बाँक = तिरछा। निहारए = देखती है। ६—इन्दीबर = कमल। पवन-पेलल=पवन द्वारा आन्दोलित अलि भरे = भौंरे के भार से। उलटय = उलट रहा हो। ७ उनत = उन्नत उभड़े हुए। उरोज=कुच। चिर=चीर से, सारी से। ८—जइओ=यद्यपि। जतने=यत्न से। गोअए=गोपन करना छिपाना। हिम=बर्फ, साड़ी। गिरि=पहाड़ (कुच)। अथवा हिमगिरि=हिमालय पहाड़ (कुच)। नुकाय = छपना। ९—एहनि=ऐसी। पुनें = पुण्य से ही। पुनमत=पुण्यवन्त। १०—बिन्दक = ज्ञाता।

सहज प्रसन मुख दरस हृदय सुख
लोचक तरल तरङ्ग।
अकास पताल वस सेओ कइसे भेल अस
चाँद सरोरुह सँग ॥२॥
विहि निरमलि रामा दोसर लछि समा
भल तुलाएल निरमान ॥३॥
कुच-मंडल सिरि हेरि कनक-गिरि
लाजे दिगन्तर गेल।
केओ अइसन कह सेओ न जुगुति सह
अचल सचल कइसे भेल ॥४॥
माझ-खीनि तनु भरे भाँगि जाय जनु
बिधि अनुसए भेल साजि।
नील पटोर आनि अति से सुदृढ़ जानि
जतन सिरिजु रोमराजि ॥७॥
भन कवि विद्यापति काम-रमनि रति
कौतुक बुझ रसमन्त।
सिर सिवसिंघ राउ पुरुख सुकृत पाउ
लखिमा देइ रानि कन्त ॥६॥

३—लछि = लक्ष्मी। तुलाएल = तुल्य हुआ, समान हुआ। ४—सिरि = श्री, शोभा ६—माझ खीनि = बीच में पतली (कटि)। भरे = बोझ से। भाँगि जाय = टूटि जाय। अनुसए = आशंका। ७—पटोर = रेशम। सिरिजु = बनाया। रोमराजि = केश-समूह।

सद्य:-स्नाता

[२३]

कामिनि करए सनाने।
हेरितहि हृदय हनए पँचबाने ॥२॥
चिकुर गरए जलधारा।
जनि मुख-ससि डर रोअए अँधारा ॥४॥
कुच-जुग चारु चकेवा।
निअ कुल मिलिअ आनि कोन देवा ॥६॥
ते संका भुज-पासे—।
बाँधि धएल उड़ि जाएत अकासे ॥८॥
तितल बसन तनु लागू।
मुनिहु क मानस मनमथ जागू ॥१०॥
भनइ बिद्यापति गावे।
गुनमति धनि पुनमत जन पावे ॥१२॥

२—हेरितहि = देखते ही। हनए=मारती है। पँचबाने = कामदेव के बाण। ३, ४—चिकुर = केश। गरए—गिरती है। जनि = मानों रोअए = रोता है। अँधारा = अंधकार। केशों से जल की धारा गिर रही है, मानों (मुख-रूपी) चन्द्रमा के डर से (केश रूपी) अंधकार रो रहा हो। ६—निअ—निज। मिलिअ= मिलने को। आनि कोन देवा=कौन आनि देवा = किसने ला दिया है। ७, ८—कहीं ये कुच-रूपी चकेवा आकाश में न उड़ जायँ, इसी शंका से अपनी भुजाओं से उन्हें बाँध रक्खा है। ९—तितल = भींगा हुआ। १०—मानस = मन। मनमथ=कामदेव। धनि = रमणी। १२—जन = पुरुष।

[२४]

आजु मझु सुभ दिन भेला।
कामिनि पेखल सनान क बेला ॥२॥
चिकुर गरए जलधारा।
मेह बरिस जनु मोतिम हारा ॥४॥
बदन पोंछल परचूरे।
माजि धएल जनि कनक-मुकूरे ॥६॥
तेंइ उदसल कुच-जोरा।
पलटि बैसाओल कनक-कटोरा ॥८॥
निबि-बंध करल उदेस।
बिद्यापति कह मनोरथ सेस ॥१०॥

१—मझु = मेरा। भेला = हुआ। २—पेखल = देखा। बेला = समय। ३, ४—चिकुर = केश। गरए = गिरती है।—(काले) केशों से (उज्वल) जल की धारा गिर रही है, मानों बादल (केश) मोती की माला (जलधारा) की वर्षा कर रहे हों। ५—बदन = मुख। पोंछल = पोंछा, परिमार्जित किया। परचूरे = प्रचुर रूप से, अच्छी तरह। ६—माजि धएल = मांजकर रख दिया, साफ कर रख दिया। कनक मुकूरे = सोने का दर्पण। ७—तेंइ = उससे—(मुख धोते समय)। उदसल = उकस गया, प्रकट हुआ। जोरा = जोड़ा, युगल। ८—पलटि = उलटकर। बैसाओल = बिठला दिया, रख दिया। ९—निबि = कोंचा, फुफनी। करल = किया। उदेस = शिथिल। १०—सेस = समाप्त।

[२५]

जाइत पेखल नहाएलि गोरी ।
कति सयँ रूप धनि आनलि चोरी ॥२॥
केस निंगारइत बह जल-धारा ।
चमर गरए जनि मोतिम-हारा ॥४॥
अलकहि तीतल तें अति सोभा ।
अलिकुल कमल बेढ़ल मधुलोभा ॥६॥
नीर निरंजन लोचन राता ।
सिंदुर मँडित जनि पंकज-पाता ॥८॥
सजल चीर रह पयोधर-सीमा ।
कनक-बेल जनि पड़ि गेल हीमा ॥१०॥
ओ नुकि करतहि चाहि किए देहा ।
अबहि छोड़ब मोहि तेजब नेहा ॥१२॥
ऐसन रस नहि पाओब आरा ।
इथे लागि रोइ गरए जलधारा ॥१४॥
बिद्यापति कह सुनह मुरारि ।
बसन लागल भाव रूप निहारि ॥१६॥

२—कति सयँ = कहाँ से । आनलि चोरी = चुरा लाई । ३—निंगारइत = गारते समय; पानी निचोड़ते समय । ४—चमर = चँवर से । ५—अलक = केश । तीतल = भींगा हुआ । तें = इससे । ६—अलिकुल = भ्रमर-गण । बेढ़ल = घेर लिया । ७—पानी में स्नान करने के कारण आंखें अंजन-हीन और लाल हो गई हैं । ८—पंकज-पाता = कमल का पत्ता । ९—पयोधर-सीमा = कुचों पर । १०—कनक-बेल = सोने का

[१६]

नहाइ उठल तीर राइ कमलमुखि
समुख हेरल वर कान।
गुरुजन संग लाज धनि नत-मुखि
कइसन हेरब बयान ॥२॥

सखि हे, अपरुब चातुरि गोरि।
सब जन तेजि कए अगुसरि संचरि
आड़ बदन तँहि फेरि ॥४॥

तँहि पुन मोति-हार तोरि फेंकल
कहइत हार टुटि गेल।
सब जन एक-एक चुनि संचरु
स्याम-दरस धनि लेल ॥६॥

नयन-चकोर कान्हु-मुख ससि-बर
कएल अमिय-रस-पान।
दुहु दुहु दरसन रसहु पसारब
कवि विद्यापति भान ॥८॥

बिल्व फल । पड़ि गेल=पड़ गया । हीमा=बर्फ । ११—ओ=वह (वस्त्र) । नुकि करतहि चाहि=छिपाना चाहता है । किए=क्यों । १३—ऐसन=ऐसा । आरा=अन्यत्र । १४—इथे=इसलिये ।

१—राइ=राधा । हेरल=देखा । कान=कृष्ण । २—नत=नीचे । बयान=बदन, मुख । ४—अगुसरि=अग्रसर, आगे । संचरि=जाकर । आड़=ओट । ५—तोरि फेंकल=तोड़कर फेंक दिया । टुटि गेल=टूट गया । ६—लेल=लिया । ७—कएल=किया । अमिय=अमृत ।

प्रेम-प्रसंग

श्रीकृष्ण का प्रेम

[२७]

पथ-गति नयन मिलल राधा कान।
दुहु मन मनसिज पूरल संधान ॥२॥
दुहु मुख हेरइत दुहु भेल भोर।
समय न बूझय अचतुर चोर ॥४॥
बिदगधि संगिनी सब रस जान।
कुटिल नयन कएलहि समधान ॥६॥
चलल राज-पथ दुहु उरझाई।
कह कवि-सेखर दुहु चतुराई ॥८॥

१—२, पथगति = राह में जाते हुए। कान = कृष्ण। मनसिज = कामदेव। पूरल = पूरा किया। संधान = बाण का संचालन। पथ में जाते हुए राधा कृष्ण दोनों आँखों से मिले—एक दूसरे को देखा। दोनों के मन में कामदेव ने अपने बाण का संचालन किया—दोनों के हृदय में काम का संचार हुआ। ३—हेरइत = देखते ही। भेल भोर = बेसुध हुए। ४—समय न बूझए = अवसर नहीं समझता। ५—बिदगधि—विदग्ध, सुरसिका। ६—कुटिल नयन = टेढ़ी चितवन से—इशारे से। कएलह्नि = कर दिया। समधान = सावधान। ७—उरझाई = उलझकर।

"बरन धरत चिंता करत, चहत न नेकहु सोर।
ढूँढ़त है सुबरन सदा, कवि व्यभिचारी चोर॥"

[२८]

सजनी, भल कए पेखल न भेल।
मेघ-माल सयँ तड़ित-लता जनि
हिरदय सेल दई गेल ॥२॥
आध आँचर खसि आध वदन हसि
आधहि नयन तरङ्ग।
आध उरज हेरि आध आँचर भरि
तबधरि दगधे अनङ्ग ॥४॥
एके तनु गोरा कनक कटोरा
अतनु कांचला उपाम।
हार हारल मन जनि बूझि ऐसन
फाँस पसारल काम ॥६॥
दसन मुकुता पाँति अधर मिलायल
मृदु मृदु कहतहि भासा।
बिद्यापति कह अतए से दुख रह
हेरि हेरि न पुरल आसा ॥८॥

१—भल कए = अच्छी तरह। पेखल न भेल = देख न सका। २—सयँ = संग मे, साथ में। तड़ित-लता = बिजली। जनि = मानो। ३—नयन-तरङ्ग = कटाक्ष। ४—उरज = कुच। तबधरि = तब से। दगधे = जलाता है। अनंग = काम। ५—कनक कटोरा = सोने का कटोरा (कुच)। अतनु = कामदेव। एक तो शरीर गौरवर्ण है और उस पर से (कुच) मानो मदन (अतनु) सोने के कटोरे में कोंच (बलपूर्वक भर) दिया गया है, ऐसा प्रतीत होता है। ६—जनि बूझि ऐसन = ऐसा समझ पड़ता है मानो……। ७—दसन = दाँत। अधर = ओठ। भासा = भाषा, वचन। ८ अतए = इतना ही तो।

[२६]

ससन - परस खसु अम्बर रे
देखल धनि देह।
नव जलधर - तर संचर रे
जनि बिजुरी - रेह ॥२॥
आज देखल धनि जाइत रे
मोहि उपजल रङ्ग।
कनक - लता जनि संचर रे
महि निर अवलम्ब ॥४॥
ता पुन अपरुब देखल रे
कुच -जुग अरबिन्द।
बिगसित नहि किछु कारन रे
सोझा मुख - चन्द ॥६॥
विद्यापति कवि गाओल रे
रस बूझ रसमन्त।
देवसिंह नृप नागर रे
हासिनि देइ कन्त। ८॥

१—ससन = श्वसन, पवन। परस = स्पर्श से। खसु = गिर पड़ा। अम्बर = कपड़ा, अंचल। देख = देखा। धनि = बाला। २—जलधर = बादल। तर = तले, नीचे। जनि = मानो। रेह = रेखा। ३—जाइत = जाती हुई। रंग = प्रेम। ४—संचर = जा रही है। निर अवलम्ब = बिना अवलम्ब का। ५—ता = उसपर भी। पुन = पुनः। जुग = दो। अरबिन्द = कमल। ६—बिगसित = खिला हुआ। सोझा = सम्मुख।

[३०]

अलखित हम हेरि विहुसलि थोर।
जनि रयनी भेल चाँद इँजोर ॥२॥
कुटिल कटाख लाट पड़ि गेल।
मधुकर - डम्बर अम्बर लेल ॥४॥
काहिक सुन्दरि के ताहि जान।
आकुल कए गेल हमर परान ॥६॥
लीला कमल भमर धरु वारि।
चमकि चललि गोरि चकित निहारि ॥८॥
तें भेल वेकत पयोधर सोभ।
कनक-कमल हेरि काहि न लोभ ॥१०॥
आध नुकाएल आध उदास।
कुच कुम्भे कहि गेल अप्पन आस ॥१२॥
से अब अमिल निधि दए गेल सँदेस।
किछु नहि रखलन्हि रस परिसेस ॥१४॥
भनइ विद्यापति दुहु मन जागु।
बिसम कुसुम सर काहु जनु लागु ॥१६॥

१—अलखित = अलक्ष्य रूप से—बिना दूसरे के देखे। हेरि = देख कर। बिहुसलि = मुस्कुराई। २—रयनी = रजनी, रात। इँजोर = उजाला। ५—काहिक = किसकी। के = कौन। ७—धरु वारि = निवारण कर—कौतुक से भ्रमर को कमल से निवारण कर। ९-तें = इससे। वेकत = व्यक्त, प्रकट। ११, १२—नुकाएल = छिपा हुआ। उदास = प्रकट। कुम्भ = घड़ा। आधा छिपा और आधा प्रकट कुच-कुम्भ (दिखाकर) वह अपनी आशा कह गई (कि मिलूँगी) १३—अमिल =

(३१)

अम्बर बिघटु अकामिक कामिनि
कर कुच झाँपु सुछन्दा ।
कनक - सम्भु सम अनुपम सुन्दर
दुइ पंकज दस चन्दा ॥२॥
कत रूप कहब बुझाई ।
मन मोर चंचल लोचन बिकल भेल
ओ नहि अनइत जाई ॥४॥
आड़ बदन कए मधुर हास दए
सुन्दरि रहु सिर नाई ।
अओंधा कमल कान्ति नहि पूरए
हेरइत जुग बहि जाई ॥६॥
भनइ विद्यापति सुनु बर जौबति
पुहवी नव पँचबाने ।
राजा सिवसिंघ रूपनरायन
लखिमा देइ रमाने ।८॥

अप्राप्य । निधि = खजाना । १४—परिसेस = परिशेष, बाकी । १६—बिसम = विषम, कठोर । कुसुम- सर = कामदेव का शर ।

१—अम्बर = वस्त्र, अंचल । बिघटु = हट गया । अकामिक = अकस्मात् । कर = हाथ । झाँपु = ढक लिया । सुछन्द = सुन्दर । अकस्मात् अंचला हट गया, (तब) कामिनी ने अपने दोनो हाथ से सुन्दर कुचो को ढक लिया । २—कनक-सम्भु = सोने के महादेव

(३२)

गेलि कामिनि गजहु गामिनि
बिहसि पलटि निहारि।
इन्द्रजालक कुसुम - सायक
कुहकि भेल वर नारि ॥२॥
जोरि भुज जुग मोरि वेढ़ल
ततहि वदन सुछन्द ।
दाम - चम्पक काम पूजल
जइसे सारद चन्द ॥४॥

(कुच) । दुइ पंकज = दो कमल (दोनो हाथ) । दस चंदा = दस चन्द्रमा (दस अंगुलियाँ) । ३—कंत = कितना । ४—अनइत = अन्यत्र, दूसरी जगह । ५—आड़ = ओट । ६—औंधा—उलटकर रक्खा हुआ । जुग बहि गई = युग बीत जाते हैं । ७—पुहवी = पृथ्वी । नव = नवीन । पंचवाने = कामदेव । ८—रमाले = रमण, पति ।

१—गेलि = गई । गजहु गामिनि = हाथी के समान मस्तानी चाल वाली । बिहसि = मुस्कुराकर । निहारि = देखकर । २—इन्द्रजालक = ऐन्द्रजालिक, जादू भरा । कुसुमसायक = कामदेव । कुहकि = मायाविनी नटी भेलि = हुई । मानो वह श्रेष्ठ नारी काम ऐन्द्रजालिक की मायाविनी नटी हो । अर्थात् उसकी हँसी ने अद्भुत चमत्कार का अनुभव कराया । ३—४, मोरि = मोड़कर । वेढ़ल = घेरा । ततहि = वहीं । वदन = मुख । दाम = रस्सी (माला) चम्पक = चम्पे की । जइसे = जैसे । सुछन्द = , सुन्दर । दोनों हाथों को जड़कर उनसे अपना सुन्दर मुख लपेट लिया, मानो कामदेव ने चम्पे की माला (हाथ) से शरद-चन्द्र (मुख) की पूजा की हो।

उरहि अंचल झाँपि चंचल
आध पयोधर हेरु।
पौन पराभव सरद-घन जनि
बेकत कएल सुमेरु ॥ ६ ॥
पुनहि दरसन जीव जुड़ाएब
टुटत बिरह क ओर।
चरन जावक हृदय पावक
दहइ सब अँग मोर ॥ ८ ॥
भन बिद्यापति सुनह जदुपति
चित्त थिर नहि होय।
से जे रमनि परम गुनमनि
पुनु कए मिलब तोय ॥१०॥

४, ५—उरहि = वक्षःस्थल को । झाँपि = ढँककर । पयोधर = स्तन, कुच । हेरु = देखती है । पौन = पवन, वायु । पराभव = हारकर । जनि=मानों । वेकत = व्यक्त, प्रकट । कएल = किया । सुमेरु = पर्वत वक्षःस्थल को चंचल अंचल से ढाँककर आधे कुच को देखती है, मानों पवन से हारकर शरद के मेघ (अचल) ने सुमेरु को (कुच) प्रकट किया हो—जिस प्रकार पवन के झोंके से मेघ हट जाने पर सुमेरु देख पड़ता है उसी प्रकार ···। ७—जीव प्राण। जुड़ाएब = शीतल होगे। ओर=सीमा। ८—जाबक = महावर । पावक = आग। दहइ = जलता है । उसके पैर के महावर (मेरे) हृदय में आग (लगा रहा) है जिससे मेरे सब अंग जल रहे हैं । १०—से = वह । पुनु = पुण्य, पुनः । मिलब = मिलेगी। तोय = तुम्हें ।

(३३)

सहजहि आनन सुन्दर रे
भौंह सुरेखलि आँखि।
पंकज मधु-पिबि मधुकर रे
उड़ए पसारल पाँखि ॥ २ ॥
ततहि धाओल दुहु लोचन रे
जतहि गेलि बर नारि।
आसा-लुबुधल न तेजए रे
कृपन क पाछु भिखारि ॥४॥
इंगित नयन तरंगित रे
बाम भँओह भेल भंग।
तखन जानल तेसर रे
गुपुत मनोभव रंग ॥ ६ ॥

१—आनन = मुख। भौंह सुरेखलि = भौंहो द्वारा अच्छी तरह चित्रित की गई, सुन्दर बनाई गई। २-पंकज = कमल (मुख)। मधु = पुष्परस। पिबि = पीकर। मधुकर = भौंरा (नयन उड़ए = उड़ने को। पसारल = पसार दिया, फैला दिया। पाँखि = पंख, पर, (भौंह)। ततहि = वहाँ। धाओल = दौड़ गया। जतहि जहाँ। गेलि=गई। ४—आसा-लुबुधल = आशा में लुब्ध हुआ, चूर हुआ। आशा में चूर भिखारी जिस प्रकार कृपण (सूम) का पीछा भी नहीं छोड़ता। ५-इंगित = इशारेसे युक्त। तरंगित= चंचल। बाम = बाईं। भँओह भेल भग = भौंह भंग हुई—भवें टेढ़ी कीं। ६—तखन = उस समय। तेसर = तीसरा व्यक्ति। मनोभव = काम-

चन्दन चरचु पयोधर रे
गिम गज मुकुताहार।
भसम भरल जनि संकर रे
सिर सुरसरि जलधार ॥८॥
बाम चरन अगुसारल रे
दाहिन तेजइत लाज।
तखन मदन सर पूरल रे
गति गंजए गजराज ॥१०॥
आज जाइत पथ देखलि रे
रूप रहल मन लागि।
तेहि खन सयँ गुन गौरव रे
धैरज गेल भागि ॥११॥

देव। ७—चरचु = चर्चित किया। पयोधर = कुच, स्तन। गिम = गले में। भरल = भरा हुआ। सुरसरि = गंगा। कुच चन्दन से चर्चित है, जिनपर गजमुक्ताओ की माला (झूल रही) है, मानों भस्म का लेप किये हुए महादेव के सिर पर गंगा की धारा (बह रही) हो। ६—अगुसारल = अग्रसर किया, आगे किया। दाहिन तेजइत लाज = दाहिने पैर को आगे रखते लज्जा होती है। १०—तखन = उस समय। मदन = कामदेव। गति = चाल। गंजए = पराजित करती है। गजराज = हाथी। ११—रूप रहल मन लागि = रूप मन से लग रहा है—सौंदर्य हृदय में बैठ गया। खन = क्षण। सयँ = से। गेल = गये।

रूप लागि मन धाओल रे
कुच-कंचन-गिरि साँधि ।
ते अपराधें मनोभव रे
ततहि धएल जनि बाँधि ॥१४॥
विद्यापति कवि गाओल रे
रस बुझ रसमंत ।
रूपनरायन नागर रे
लखिमा देइ कंत ॥१६॥

१३, १४—लागि = लिये । कुच-कंचन-गिरि सांधि = स्तन रूपी दो सोने के पहाड़ो के संधि-स्थान में-बीच में । तें = उस । बांधि धएल = बाँध रक्खा । रूप के लिये—सौंदर्य के लोभ में मेरा मन उसके कुच रूपी दो पहाड़ो के बीच में जा दौड़ा, मानों, इसी अपराध में कामदेव ने उसे वहीं बांध रक्खा । १५—बुझ = बूझो, समझो । रसमन्त = रसिक ।

हे सज्जनाः शृणुत मद्वचनाः समस्ताः,
स्वर्गे सुधाऽस्ति सुलभा न तु सा भवद्भिः ।
कुर्मस्तदत्र भवतामुपकारकारी
काव्यामृतं पिवत तत् परमादरेण ॥"

(३४)

पथ-गति पेखल मो राधा।
तखनुक भाव परान पए पीड़लि
रहल कुमुद-निधि साधा ॥२॥
ननुआ नयन नलिनि जनि अनुपम
वंक निहारइ थोरा।
जनि सृंखल में खगबर बाँधल
दीठि नुकायल मोरा ॥४॥
आध बदन ससि विहसि देखाओलि
आध पीहलि निअ बाहू।
किछु एक भाग बलाहक झाँपल
किछुक गरासल राहू ॥६॥

१,२-पथ गति = पथ में जाती हुई। पेखल = देखा। मो = मैं। तखनुक = उस समय का। परान पए = प्राण भी। पीड़लि = पीड़ित किया। रहल = रह गया। कुमुद-निधि = कुमुद का सर्वस्व (चन्द्र)। साधा = साध, इच्छा। मैंने राह मे जाती हुई राधा को देखा। उस समय की उसकी भावभंगी ने प्राणो तक को पीड़ित किया, उस चन्द्र (मुख) को देखने की साध बनी ही रह गई। ३—ननुआ = सुन्दर। नलिनि = कमलिनी। जनि = समान। बंक = टेढ़ा। निहारइ = देखती है। ४—सृंखल = शृंखला, जंजीर। खगवर = पक्षिश्रेष्ठ। खजर। बाँधल = बाँधा। नुकाएल = छिप गया। ५—बदन-ससि = मुखरूपी चन्द्रमा। देखाओलि = दिखलाई। पीलहि = ढाँप लिया। निअ = निज। बाहू = बाँह से, भुजा से। ६—झाँपल = ढाँप दिया। बलाहक = मेघ।

कर-जुग पिहित पयोधर-अंचल
चंचल देखि चित भेला।
हेम कमल जनि अरुनित चंचल
मिहिर-तरे निन्द गेला ॥८॥
भनइ विद्यापति सुनहु मधुरपति
इह रस केह पए वाधा।
हास दरस रस सबहु बुझाएल
नाल कमल दुइ आधा ॥१०॥

गरासल = ग्रस लिया। ७,८—पिहित—आवृत, ढँका। पयोधर = स्तन। अंचल = विभाग, तट। हेम = सोना। जनि = मानो। अरुनित = लालिमा-युक्त। तरे = नीचे। मिहिर = सूर्य। निन्दा गेला = सो रहा। दोनो हाथों से ढके हुए स्तनों के तट-भाग देखकर चित्त चंचल हो गया, मानों, सोने के कमल (दोनों कुच) लालिमा-युक्त चंचल सूर्य (लाल हथेली) के नीचे सो रहे हों। ९, १०—सुनह = सुनो। मधुरपति = मथुरा-पति। इह = यह। केह = कौन। हास = हँसी। दरस = दर्शन। बुझएल = बूझ पड़ा, मालूम हुआ। नाल = (कमल की) डंटी। हे मथुरापति श्रीकृष्ण, (तुम्हारे) इस रस में कौन वाधा देगा? तुम्हारी पारस्परिक हँसी और दर्शन के रस से ही सबको मालूम हो गया कि मृणाल और कमल (तुम्हारे हाथ रूपी मृणाल और उसके कुच रूपी कमल) ये दोनों (एक ही पदार्थ) के दो भाग हैं—अर्थात् उसके कुच के लिये तुम्हारे हाथ ही उपयुक्त है।

(३५)

जहाँ-जहाँ पग-जुग धरई। तहिं-तहि सरोरुह झरई ॥२॥
जहाँ-जहाँ झलकत अंग। तहि-तहि बिजुरि-तरंग ॥४॥
कि हेरल अपरुब गोरि। पइठल हिय मधि मोरि ॥६॥
जहाँ-जहाँ नयन बिकास। तहि-तहि कमल-प्रकास ॥८॥
जहाँ लहु हास सँचार। तहिं-तहिं अमिय-बिकार ॥१०॥
जहाँ जहाँ कुटिल कटाख। ततहिं मदन-सर लाख ॥१२॥
हेरइत से धनि थोर। अब तिन भुवन अगोर। १ ॥
पुनु किए दरसन पाब। अब मोहे इत दुख जाव ॥१६॥
विद्यापति कह जानि। तुअ गुन देहब आनि ॥१८॥

१, २—पग जुग = दोनों पैर। धरई = धरती है, रखती है। तहि = वहां। सरोरुह = कमल। झरई = झड़ते हैं। ३, ४—झलकत = झलकते हैं, चमकते हैं। अंग = शरीर। बिजुरि-तरंग = बिजली का चंचल प्रकाश। ५, ६—कि = क्या। हेरल = देखा। गोरि = गौर-वदना, सुन्दरी। पइठल = पैठ गई, घुस गई। हिय-मधि = हृदय में। मोरि = मेरे। ९, १०—लहु = लघु, मंद। हास = हँसी। अमिय = अमृत। ११, १२—कुटील = टेढ़े। कटाख = कटाक्ष। ततहिं = वहाँ ही। मदन = कामदेव। सर = वाण। १३, १४—हेरइत = देखते ही। से = वह। धनि = बाला, सुन्दरी। अगोर = प्रतीक्षा करना। १५, १६—पुनु = पुन: किए = क्या। १६—अब मैं इसी दुःख से मरूँगा। १८—तुअ = तुम्हारे। देहब आनि = ला दूँगा।

राधा का प्रेम

(३६)

ए सखि पेखलि एक अपरूप।
सुनइत मानबि सपन-सरूप ॥ २ ॥
कमल जुगल पर चाँद क माला।
तापर उपजल तरुन तमाला ॥ ४ ॥
तापर वेढ़लि विजुरी - लता।
कालिन्दी तट धीरे चलि जाता ॥ ६ ॥
साखा - सिखर सुधाकर पाँति।
ताहि नव पल्लव अरुनक भाँति ॥ ८ ॥
विमल विम्वफल जुगल विकास।
तापर कीर थीर करु वास ॥१०॥
तापर चंचल खंजन - जोर।
तापर साँपिनि झाँपल मोर ॥१२॥
ए सखि रंगिनि कहल निसान।
हेरइत पुनि मोर हरल गिआन ॥१४॥
कवि विद्यापति एह रस भान।
सुपुरुख मरम तुहू भल जान ॥१६॥

३—कमल जुगल= दो पैर। चाँद क माला=नखो की पंक्ति। ४—तरुन तमाल=काला शरीर। ५—वेढ़लि=लिपटी हुई। विजुरी-लता=पीताम्बर। ७—साखा-सिखर=तमालरूपी शरीर की शाखा-रूपी बाहुओ के अग्र भाग में। सुधाकर-पाँति=नखों की पंक्ति। ८—नव पल्लव=हथेली। अरुनक भाँति लाल।

[३७]

की लागि कौतुक देखलों सखि
निमिष लोचन आध
मोर मन-मृग मरम वेधल
विपम वान वेआध ॥२॥
गोरस विरस वासी विसेखल
छिकहु छाड़ल गेह ।
मुरली धुनि सुनि मो मन मोहल
त्रिकहु भेल सन्देह ॥४॥
तीर तरंगिनि कदम्ब - कानन
निकट जमुना घाट ।
उलटि हेरइत उलटि परलओं
चरन चीरल काँट ॥६॥
सुकृति सुफल सुनह सुन्दरि
विद्यापति भन सार ।
कंसदलन गुपाल सुन्दर
मिलल नन्दकुमार ॥८॥

९—बिम्बफल = ओष्ठ । १०—कीर = नाक । ११—खंजन जोर = आँखों का जोड़ा । साँपिनि = केश । मोर— मोर मुकुट ।

१—की लागि = किसलिये । निमिष = एक क्षण । लोचन आध = आधी आँखों से, कनखियो से । २—मरम = हृदय का भीतरी भाग । विषम = कठोर । ३—बिरस = रसहीन । बासी बिसेखल = विशेषतः बासी । छिकहु = छीकने पर भी । ५—तरंगिनि = नदी ।

[३८]

अवनत आनन कए हम रहलिहुँ
वारल लोचन - चोर।
पिया मुख - रुचि पिवए धाओल
जनि से चाँद चकोर ॥२॥
ततहु सयँ हठ हटि मो मानल
धएल चरनन राखि।
मधुप मातल उड़ए न पारए
तइअओ पसारए पाँखि ॥४॥

१, २ अवनत = नीचे। आनन = मुख। बारल = निवारण किया। रोक रक्खा। मुख-रुचि = मुख की शोभा। पिवए = पीने के लिये। धाओल = दौड़ पड़ा। जनि = मानों। से = वह। मैंने अपने मुख को नीचे कर लिया और नयन-रूपी चोरों को (उनकी ओर जाने से) रोक दिया; किन्तु प्रीतम के मुख की शोभा का पान करने के लिये वे दौड़ पड़े, जिस प्रकार चाँद की ओर चकोर दौड़ते हैं। ३, ४ ततहु = वहाँ। सयँ = से। हटि = हटाकर। मो = मैं। आनल = लाया। धएल राखि = धर रक्खा। मधुप = भौंरा। मातल = मत्त बना, पागल। उड़ए न पारए = नहीं उड़ सकता। तइअओ = तो भी। पसारए = पसारता है। वहाँ से—मुख की ओर से—मैं (आँखों को) हठ पूर्वक रोककर हटा लाई और अपने चरणों पर धर रक्खा—नीचे की ओर देखने लगी। (किन्तु जिस प्रकार) मधु पीकर मस्त बना भौंरा नहीं उड़

माधव बोलल मधुर बानी
से सुनि मुँदु मोयँ कान।
ताहि अवसर ठाम बाम भेल
धरि धनू पँचबान ॥६॥
तनु पसेब पसाहनि भासलि
पुलक तइसन जागु।
चूनि चूनि भए काँचुअ फाटलि
बाहु बलआ भाँगु ॥८॥
भन बिद्यापति कम्पित कर हो
बोलल बोल न जाय
राजा सिबसिंघ रूपनरायन
साम सुन्दर काय ॥१०॥

सकता तोभी पंख पसारता है उसी तरह मेरी आँखें बराबर उस ओर जाने लगीं) ५—मुँदु=मूँद लिया। ठाम=जगह। बाम भेल=विरुद्ध हुआ, बैरी हुआ। पंचवान=कामदेव। ६—उसी समय उसी जगह कामदेव धनुष धारण कर मेरा वैरी हुआ—मुझपर बाणों की बौछार करने लगा। ७—पसेब=पसीना। पसाहनि=प्रसाधनी, ललाट पर की सजावट, अंगराग। भासलि=दह गया, धो गया। पुलक=रोमांच। तइसन=उसी प्रकार। ८—चूनि चूनि भए=खंड-खंड होकर, चिथड़े-चिथड़े होकर। काँचुअ=कंचुकी, चोली। बलआ=चूड़ी। भाँगु—फूट गई। [प्रेमातिरेक से शरीर फूल उठा, जिस कारण चोली फट गई और चूड़ियाँ फूट गईं।] ६—कम्पित कर हो=हाथ काँप रहे हैं। बोलल बोल न जय=बात कही नहीं जाती।

[३९]

सामर सुन्दर ए वाट आएत
तें मोरि लागलि आँखि।
आरति आँचर साजि न भेले
सब सखीजन साखि ॥२॥
कहहि मो सखि कहहि मो
कत तकर अधिवास।
दूरहु दूगुन एड़ि मै आवओं
पुनू दरसन आस ॥;।
कि मोरा जीवन कि मोरा जौवन
कि मोरा चतुरपने।

१—ए वाट = इस रास्ते। तें = इसी कारण। २—आरति = आर्त्तावस्था से, व्याकुलता से। साखि = साक्षी, गवाह। व्याकुलता से—प्रेमावेश से—मैं आंचल को सँभाल भी न सकी-अपने कुचों को भली-भाँति ढक भी न सकी, इस वात को गवाह सभी सखियाँ हैं। ३, ४—मो = मुझसे। कत = कहाँ। तकर = उसका। अधिवास = निवास-स्थान। दूरहु दूगुन = दुगुनी दूरी। एड़ि = प्रतिक्रमण कर। आवओ = आती हूँ। पुनू = पुनः। कहो, ऐ मेरी सखी, कहो, उसका निवास-स्थान कहाँ है? दुगुनी दूरी। (होने पर भी उसे) अतिक्रम कर मैं पुनः दर्शन पाने की आशा में यहाँ आती हूँ। ५, ६—मरुछलि = मूच्छित। अछओं = हूँ। मेरी जिन्दगी क्या, जवानी क्या और चतुराई क्या—वे सब मिथ्या हैं। काम के वाणों से मैं मूच्छित हूँ और

मदन-बान मुरुछलि अछओं
सहओं जीव अपने ॥६॥
आध पद धरइत मोए देखल
नागर-जन समाज
कठिन हिरदय भेदि न भेले
जाओ रसातल लाज ॥८॥
सुरपति-पाए लोचन मागओं
गरुड़ मागओं पाँखि।
नन्द क नन्दन हौं देखि आवओं
मन मनोरथ राखि ॥१०॥

(उसकी मार्मिक पीड़ा) अपने प्राणों में सह रही हूँ। ७.८—नागर
जन = चतुर लोग। भेदि = छेदना, विदीर्ण होना। कृष्ण की ओर
आधा पग रखते—प्रेमावेश मे उनकी ओर एक पैर बढ़ाते ही—मुझे
समाज के चतुर लोगो ने देख लिया। पर, मेरा कठिन हृदय फट नहीं
गया, लज्जा पाताल मे धँस गई। ९—सुरपति = इन्द्र। पाए = चरण
में। पाँखि = पख। इन्द्र के चरणो मे मैं उनसे सहस्र लोचन माँगता
हूँ, गरुड़ से पंख माँगता हूँ। १०—देखि अबओं = देख आऊँ।

Poetry is that, which lifts the veil from the hidden beauty of the world. —*Shelly.*

(४०)

कानु हेरब छल मन बड़ साध।
कानु हेरइत भेल अत परमाद ॥२॥

तबधरि अबुधि मुगुधि हम नारि।
कि कहि कि सुनि किछु बुझिए न पारि ॥४॥

साओन-घन सम झर दु नयान।
अबिरत धस धस करए परान ॥६॥

की लागि सजनी दरसन भेल।
रभसे अपन जिउ पर हथ देल ॥८॥

ना जानू किए करु मोहन-चोर।
हेरइत प्रान हरि लेई गेल मोर ॥१०॥

अत सब आदर गेल दरसाइ।
जत बिसरिए तत बिसर न जाइ ॥१२॥

विद्यापति कह सुन वर नारि।
धैरज धरु चिंत मिलव मुरारि ॥१४॥

१—कानु = कृष्ण। हेरब = देखना। छल = था। साध = इच्छा। २—अत = इतना। परमाद = प्रमाद, आपत्ति। ३—तबधरि = तबसे। मुगुधि = मुग्धा। ४—कि = क्या। बुझिए न पारि = नहीं समझ सकती। ५—साओन घन = श्रावण का मेघ। नयान = नयन, आँख। ६—अबिरत = हरदम। धस धस करए = धक-धक करता ८—रभसे = कौतुक में ही। पर हथ = दूसरे के हाथ में। ९—किय = क्या। ११—गेल दरसाइ = दिखला गया, बतला गया! १२—जत = जितना। बिसरिए = भूलिये। बिसर न जाइ = नहीं भूलता।

[४१]

कि कहब हे सखि इह दुख ओर।
बाँसि-निसास-गरल तनु भोर ।४॥

हठ सयँ पइसए स्रवनक माझ
ताहि खन बिगलित तन मन लाज ॥४॥

बिपुल पुलक परिपूरए देह ।
नयन न हेरि हेरए जनु केह ॥६॥

गुरु-जन समुखहि भाव तरंग ।
जतनहि बसन झाँपि सब अंग ॥८॥

लहु-लहु चरण चलिए गृह माझ।
आजु दइब विहि राखल लाज ॥१०॥

तनु मन बिबस खसए निबि-बंध ।
कि कहब बिद्यापति रहु धन्द ॥१२॥

१—कि=क्या। २—बाँसि निसास-गरल=वंशी के निःश्वास के विष से—बंशी की आवाज की मादकता से। तनु भोर=शरीर बेसुध है। ३—हठ सँय=हठपूर्वक। पइसए=पैठता है। स्रवनक=कानों के। माझ=मध्य, में। ४—ताहि खन=उसी समय। बिगलित=दूर हुई, जाती रही। ५—बिपुल=अधिक, असंख्य। पुलक=रोमांच। ६—आंखों से उस ओर—कृष्ण की ओर—नहीं देखती हूँ कि कहीं कोई ऐसा करते देख न ले। ७—गुरुजन—अपने से श्रेष्ठ व्यक्ति। भाव तरंग=भावना की लहर। ९—लहु-लहु=धीरे-धीरे। दइब बिहि=दैव ब्रह्मा। ११—खसए=गिर पड़ता है। १२—धन्द—फिक्र।

[४२]

कत न बेदन मोहि देसि मदना।
हर नहि बला मोहि जुवति जना ॥२॥
बिभुति-भूषन नहि चानन क रेनू।
बघछाल नहि मोरा नेतक बसनू ॥४॥
नहि मोरा जटाभार चिकुर क बेनी।
सुरसरि नहि मोरा कुसुम क स्रेनी ॥६॥
चाँद क बिन्दु मोरा नहि इन्दु छोटा।
ललाट पावक नहि सिन्दुर क फोटा ॥८॥
नहि मोरा कालकूट मृगमद चारु
फनपति नहि मोरा मुकुता-हारु ॥१०॥
भनइ विद्यापति सुन देव कामा।
एक पए दूखन नाम मोरा बामा ॥१२॥

अरे कामदेव ! मुझे इतनी वेदना मत दो, मै महादेव नहीं, वरन् युवती हूँ। (शरीर में लगे) ये विभूति के भूषण (लेप) नहीं, वरन् चन्दन के रेणु हैं, यह बाघछाला नहीं, वरन् मेरी चुनरी (नेतक बसनू) है (सिर पर) यह जटा का भार नहीं, वरन् केशो की गूंथी हुई वेणी है। गङ्गा नहीं, वरन् वेणी में गूंथे गये (उजले) फूलो की कतार है। (कपाल पर) चन्दन की बेंदी अथवा मांगटीका है। द्वितीया का चन्द्रमा (इन्दु छोटा नहीं। ललाट में (तृतीय नेत्र की) अग्नि नहीं, सिंदूर का टीका है। यह विष नहीं, चिबुक पर सुन्दर (काला) मृगमद है। (गले में) अजगर नहीं, किन्तु मेरी मुक्ताओं की माला है। विद्यापति कहते है,

(४३)

मनमथ तोहे की कहब अनेक।
दिठि अपराध परान पए पीड़सि
ते तुअ कौन बिबेक।२॥
दाहिनि नयन पिसुन गन बारल
परिजन वामहि आध।
आध नयन-कोने जब हरि पेखल
तैं भेल अत परमाद।४॥
पुर-बाहिर पथ करत गतागत
के नहि हेरत कान।
तोहर कुसुम-सर कतहु न संचर
हमर हृदय पँचबान।६॥

हे कामदेव, सुनो, मुझमें दोष है तो केवल एक यही, कि मेरा नाम 'बामा' (रमणी) है [जो महादेव के 'बामदेव' नाम से मिलता है]

१,२. मनमथ = कामदेव। दिठि = दृष्टि, नजर। पीड़सि = पीड़ा देते हो। ३,४—पिसुन = दुष्ट। बारल = मना किया। परिजन = घर के लोग परमाद = प्रमाद, झंझट। दहिने नेत्र को दुष्टों के कारण मना करना पड़ा—दहिने नेत्र से दुष्टों के डर से नहीं देखती—परिवार वालों के कारण बायें नेत्र के आधे को निवारण किया। रह गया बायें नेत्र का आधा भाग-सो आधे नेत्र से ही—बायें नेत्र के कटाक्ष से ही—जब कृष्ण को देखा तो इतना पागलपन मुझमें आ गया। ५-पथ = राह। करत गतागत = आते-जाते। कान = कृष्ण। ६-कुसुम सर = फूलों के वाण। पँचबान = कामदेव के पाँच शर।

(४४)

एक दिन हेरि हेरि हँसि हँसि जाय।
अरु दिन नाम धए मुरलि बजाय॥२॥
आजु अति नियरे करल परिहास।
न जानिए गोकुल ककर बिलास॥४॥
साजनि ओ नागर-सामराज।
मूल बिनु परधन माँग बेआज॥६॥
परिचय नहि देखि आनक काज।
न करए संभ्रम न करए लाज॥८॥
अपन निहारि निहारि तनु मोर।
देइ आलिंगन भए बिभोर॥१०॥
खन खन बैदगधि कला अनुपाम।
अधिक उदार देखिअ परिनाम॥१२॥
विद्यापति कह आरति ओर।
बुझिओ न बूझए इए रस भोर॥१४॥

२—अरु = और, अन्य। ३-नियरे = निकट। परिहास = हँसी, मजाक। ककर = किसका। ५,६—नागर सामराज = चतुरों का सम्राट्। मूल = मूलधन। सखि, वह चतुरों का बादशाह है, देखो तो, दूसरे की सम्पत्ति पर बिना मूल-धन के सूद माँगता है (एक तो धन दूसरे का; उसमें भी मूल-धन गायब, फिर सूद कैसे !) ७—दूसरे का काम देखकर भी नहीं परिचय करता——नहीं समझता ८-संभ्रम = डर। ११—प्रति-क्षण अनुपम विदग्धतापूर्ण कला (दिखाता है) १४—यह रस में बेसुध (कृष्ण) समझकर भी नहीं समझता।

दूती

कृष्ण की दूती

(४५)

धनि धनि रमनि जनम धनि तोर ।
सब जन कान्हु कान्हु करि झूरए
से तुअ भाव बिभोर ॥ २ ॥
चातक चाहि तिआसल अम्बुद
चकोर चाहि रहु चन्दा ।
तरु लतिका अवलम्बन करिए
मझु मन लागल धन्दा ॥ ॥
केस पसारि जबे तहुँ राखलि
उर पर अम्बर आधा ।

१—धनि = धन्य । रमनि = रमणी, स्त्री । तोर = तुम्हारा । २-जन = आदमी । कान्हु = कृष्ण । झूरए = जलते, व्याकुलहोते । से = वह । तुअ = तुम्हारे । बिभोर=बेसुध । ३,४—चातक=पपीहा । चाहि=देखना । तिआसल = तृषित, प्यसा । अम्बुद = बादल । तरु = वृक्ष । लतिका = लता । करिए = कर रहा है । मझु = मेरे । लागल = लगा धन्दा=सन्देह । (कैसी विचित्रता है !) तृषित मेघ आज पपीहे की ओर देख रहा है, चन्द्रमा चकोर को देखता है और वृक्ष लतिका का अवलम्बन कर रहा है; (इन विरोधी बातों को देख) मेरे मन में संशय हो रहा है । [कवि का तात्पर्य यह है कि जैसी व्याकुलता आज तुममें होनी चाहिये थी, वह श्रीकृष्ण में है ।] ५ पसारि=पसारकर, खोलकर । राखलि=रक्खा ।

से सब सुमिरि कान्हु भेल आकुल
कह धनि इथे कि समाधा ॥६॥
हँसइत कब तुहु दसन देखाएलि
करे कर जोरहि मोर।
अलखित दिठि कब हृदय पसारलि
पुनु हेरि सखि कर कोर॥८॥
एतहु निदेस कहल तोहे सुन्दरि
जानि तोहे करह बिधान।
हृदय-पुतलि तुहु से सून कलेवर
कवि विद्यापति भान॥१०॥

उर = छाती, वक्षःस्थल। अम्बर = वस्त्र, अचल। ६—से = वह। भेल = हुआ। इथे = इसका। धनि = बाले। समाधा = निवारण। ७,८—दसन = दांत करे कर जोरहि मोर = हाथ से हाथ जोड़कर मुड़ती हुई। अलखिते = अलक्ष्य रूप से, बिना देखे। पुन = पुनः। हेर = देखकर। कर कोर = कोर कर = कोड़ में करना—रखना, आलिंगन करना। हाथ से हाथ जोड़ कर (अंगड़ाइयाँ लेती हुई) कब तुमने पीछे की ओर मुड़-कर, हँसती हुई, मन ने दाँतों की छटा दिखाई, एवम् अलक्ष्य दृष्टि से कब उनके हृदय को प्रसारित कर, पुनः उनकी ओर देखकर, सखी का आलिंगन किया। ९—एतहु = इतना। निदेस = इसारा। कहल = (मैंने) कहा। तोहे = तुम्हे। जानि = जानकर। करह = करो। विधान = उपचार। १०—हृदय-पुतलि = हृदय की पुतली, प्राण। से = वह (कृष्ण)। सून = शून्य। कलेवर = शरीर। भान = कहता है।

[४६]

सुन सुन ए सखि कहए न होए।
राहि राहि कए तन मन खोए॥ २॥
कहइत नाम पेम भए भोर।
पुलक कम्प तनु घरमहि नोर॥ ४॥
गद-गद भाखि कहए बर-कान।
राहि दरस बिनु निकस परान॥ ६॥
जब नहि हेरब तकर से मुख।
तब जिउ-भार धरब कोन सुख॥ ८॥
तुहु बिनु आन इथे नहि कोइ।
बिसरए चाह बिसरि नहि होइ॥ १०॥
भनइ विद्यापति नाहि बिबाद।
पूरब तोहर सब मन साध॥ १२॥

१–कहए न होय = कहा नहीं जाता। २–राहि = राधा। कर = करके कहकर। खोए = खोना, भुला देना। ३–पेम = प्रेम। भोर = बेसुध। ४-पुलक = रोमांच। घरमहि = पसीना भी। नोर = आँसू। शरीर रोमांच होकर काँपने लगता है, पसीना होता है और आँसू प्रवाहित होने लगते हैं। ५–गदगद = रुँधे हुए कँठ से। भाखि = कहना। कान = कृष्ण। ६–निकसे = निकलता है। ७–तकर = उसका। से = वह। ८–धरब = धरूँगा। ९–आन = दूसरा। इथे = यहाँ; तुम्हारे सिवा यहाँ दूसरा कोई नहीं—तुम्हें छोड़कर कृष्ण अन्य किसी को प्यार नहीं करते। १०—बिसरए = विस्मरण होना, भूल जाना। ११-बिबाद = कलह। १२-पूरब पूरी होगी। मन साध = मनःकामना।

[४७]

कंकट माझ कुसुम परगास।
भमर विकल नहिं पावए पास ॥ २॥
भमरा भेल घुरए सबे ठाम।
तोहे बिनु मालति नहिं बिसराम ॥ ४॥
रसमति मालति पुन पुन देखि।
पिबए चाह मधु जीव उपेखि ॥ ६॥
ओ मधुजीवी तोंब्हे मधुरासि।
साँचि धरसि मधुमने न लजासि ॥ ८॥
अपनेहु मने गुनि बुझ अवगाहि।
तसु दूषन बध लागत काहि ॥ १०॥
भनहि विद्यापति तौं पय जीव।
अधर सुधारस जौं पय पीव ॥ १२॥

१—परगास = प्रकाश। २—पाएब = पाता है, जा सकता है ३ भमरा (माधव) ४—मालति (राधा) ६—जीव उपेखि—जीवन की उपेक्षा करके अर्थात् मरेंगे या जीवेंगे इसका कुछ भी ख्याल न करके। ८—साँचि धरसि—संचित करके रक्खा है। ९—अवगाहि = डूबकर अर्थात् इस बात को अपने मन में भली भाँति सोचो समझो। ११—तौं पय जीव = तब जी सकता है। १२—जौं पय पीव = यदि वह पी सके।

(४८)

आजु हम पेखल कालिन्दी कूले।
तुअ बिनु माधव बिलुठए धूले ॥२॥
कत सत रमनि मनहि नहि आने।
किए विष दाह-समय जल दाने ॥४॥
मदन-भुजंगम दंसल कान।
खिनहि अमिअ-रस कि करब आन ॥६॥
कुलवति धरम काँच समतूल।
मदन दलाल भेल अनुकूल ॥८॥
आनल बेचि नीलमनि हार।
से तुहु पहिरबि करि अभिसार ॥१०॥
नील निचोल झाँपवि निज देह।
जनि घन भीतर दामिनि-रेह ॥१२॥
चौदिक चतुर सखी चलु संग।
आजु निकुंज करह रस-रंग ॥१४॥

१-पेखल = देखा। कालिन्दी = यमुना। कूले = किनारे में। २-बिलुठए = लोट रहे हैं। ३-कत = कितने। सत = सौ। आने = लाता है ४-विष की ज्वाला के समय जल के दान से क्या—विष की ज्वाला कहीं पानी से शान्त होती है? ५-भुजंगम = सर्प। दसल = काटा। कान = कृष्ण। ६-अमिअ = अमृत। कि करब = क्या करेगा। आन = अन्य। ८-समतूल = समान। १० से = वह। अभिसार = गुप्त मिलन, प्रियतम के पास गमन। ११-निचोल = चोली। १२-घन = मेघ। दामिनि = बिजली। रेह-रेखा। चौदिक = चारों ओर।

(४९)

आज पेखल नन्द-किसोर।
केलि-विलास सबहु अब तेजल
अह निसि रहत विभोर॥२॥
जब धरि चकित बिलोकि विपिन-तट
पलटि आओलि मुख मोरि।
तबधरि मदन मोहन तरु कानन
लुटइ धीरज पुनि छोरि।४॥
पुनु फिरि सोइ नयन जदि हेरबि
पाओब चेतन नाह।
भुजंगिनि दंसि पुनहि जदि दंसए
तबहि समय विष जाह।६॥
अब सुभ खन धनि मनिमय भूषन
भूषित तनु अनुपाम।
अभिसरु बल्लभ हृदय विराजहु
जनि मनि कांचन-दाम।८॥

२-अह निसि = दिन-रात। विभोर = बेसुध। ३-जब धरि = जबसे। ४-तब धरि = तबसे। लुटइ = लोटते हैं। ५--पाओब चेतन = चेतना पायेंगे, सुध में आयेंगे। नाह = नाथ (कृष्ण)। ६--भुजंगिनि = साँपिन। दंसि = काटकर। तबहि समय = उसी समय--उसी हालत में। जाह = जाता है। ८ अभिसरु = अभिसार करो--गुप्त मिलन-स्थान में जा मिलो। बल्लभ = प्यारा, विद्यापति का उपनाम। जनि मनि कांचन-दाम = जैसे सोने के धागे में मणियों की माला पिरोई गई हो।

(५०)

प्रथम सिरिफल गरब गमओलह
जौं गुन-गाहक आवे।
गेल जौवन पुनु पलटि न आवए
केवल रह पछतावे ॥ २ ॥
सुन्दरि, बचन करह समधाने।
तोहि सनि नारि दिवस दस अछलिहुँ
ऐसन उपजु मोहि भाने ॥४॥
जौवन रूप तावेधरि छाजत
जावे मदन अधिकारी।
दिन दस गेले सखि सेहओ पराएत
सकल जगत परिचारी ॥६॥
विद्यापति कह जुवति लाख लह
पड़ल पयोधर-तूले।
दिन-दिन आगे सखि ऐसनि होएबह
घोसिनि घोर क मूले ॥ ८ ॥

१—सिरिफल=श्रीफल, बेल(कुच) । गमओलह=गँवा दिया, खो । २—जौं=जबतक । आवे=आता है । ३—करह समधाने=समधान, विचार करो । ४—सनि=समान । अछलिहु=मैं भी थी । भाने=[illegible] । ५—छाजत=शोभता है । ६—गेले=जाने पर । सेहओ=वह [illegible] पराएत=भागेगा । ७—पयोधर-तूले=कुच तराजू पर है । ८—आगे=अरी सखि । होएब=हो जाओगी । घोसिनि=ग्वालिन । घोरक—[illegible] । मूले—मूल्य की ।

(५१)

ए धनि कमलिनि सुन हितबानि।
प्रेम करबि जब सुपुरुष जानि॥ २॥
सुजन क प्रेम हेम समतूल।
दहइत कनक द्विगुन होय मूल॥ ४॥
टुटइत नहि टुट प्रेम अदभूत।
जइसन बढ़ए मृनाल क सूत॥ ६॥
सबहु मतंगज मोति नहि मानि।
सकल कंठ नहिं कोइल-बानि॥ ८॥
सकल समय नहिं रीतु वसन्त।
सकल पुरुष-नारि नहिं गुनवन्त॥ १०॥
भनइ विद्यापति सुन वर नारि।
प्रेम क रीत अब बुझह विचारि॥ १२॥

१—धनि=बाला। कमलिनी=पद्मिनी जाति की स्त्री। बानि=वाणी, बात। २—जब प्रेम करो तो सुपात्र ही जानकर। ३—सुजन क=सज्जन का। हेम=सोना। समतुल=समान। ४—दहइत=जलने पर। कनक=सोना। द्विगुन=दो गुण। मूल=मूल्य। ६—जइसन=जिस प्रकार बढ़ए=बढ़ता है। मृनाल का=मृणाल का, कमल की डंठी का। सूत=सूत्र, धागा, भीतर का रेशा। ७—मतगज=हाथी। मोति—मुक्ता। ८—कोइल बानि=कोयल की काकली। १०—सभी स्त्रियाँ और पुरुष गुणवन्त ही नहीं होते। 'बाघ' की एक कहावत इसी भाव की है—

सदा न बागा बुलबुल बोले, सदा न बाग बहारा।
सदा न जवानी रहती यारों, सदा न सुहबत यारा॥

(५२)

राधा की दूती

सुनु मनमोहन कि कहब तोय।
मुगुधिनि रमनी तुअ लागि रोय ॥२॥
निसि-दिन जागि जपय तुअ नाम।
थर-थर काँपि पड़ए सोइ ठाम ॥४॥
जामिनि आध अधिक जब होइ।
बिगलित लाज उठए तब रोइ ॥६॥
सखिगन जत परबोधय जाय।
तापिनि ताप ततहि तत ताय ॥८॥
कह कविसेखर ताक उपाय।
रचइत तइहि रयनि बहि जाय ॥१०॥

१—कि = क्या । कहब = कहूं । तोय = तुझे । २—मुगुधिनि = मुग्धा, प्रेमासक्ता । रमनि = रमणी, स्त्री । तुअ लागि = तेरे लिये रोय = रोती है । ४—पड़ए = (गिर) पड़ती है । ठाम = जगह । ५—जब रात आधी से अधिक बीत जाती है । ६—बिगलित लाज = लाज से रहित होकर । उठए तब रोइ = तब रो उठती है । ७—जत = जितनी । परबोधए = प्रबोध करती है, समझाती है । ८—तापिनि = ज्वाला से जली हुई । ताप = ज्वाला से । ततहि तत = उतना-ही-उतना । ताय = जलती है । (वह बिरह-ज्वाला से) जली हुई बाला ज्वाला से और भी अधिकाधिक जलती है । ९—ताक = उसका । १०—बहि जाय = बह जाती है, बीत जाती है ।

(५३)

माधव ! कि कहब से विपरीत ।
तनु भेल जरजर भामिनी अन्तर
दिन बाढ़ल तसु प्रीत ॥२।
निरस कमल-मुख कर अवलम्बइ
सखि माझ बइसलि गोइ।
नयन क नीर थीर नहि बाँधइ
पंक कयल महि रोइ ॥४॥
मरम क बोल, बयन नहि बोलय
तनु भेल कुहु-ससि खीना।
अवनि उपर धनि उठए न पारइ
धएलि भुजा धरि दीना ।६॥
तपत कनक आनि काजर भेल तनु
अति भेल विरह-हुतासे ।
कवि विद्यापति मन अभिलासल
कान्हु चलइ तसु पासे ॥८।

२-जरजर = जर्जर, अत्यन्त क्षीण । भामिनी = स्त्री। अन्त = भीतर । बढ़ल = बढ़ गया । तसु = उसी प्रकार । ३—निरस = रसहीन, उदास । कर = हाथ । अवलम्बइ = अवलम्बन करके । माझ = मध्य । बइसलि = बैठी । गोइ = छिपाकर । ४—नयन क नीर = आँसू । थीर = स्थिरता। ५-मरम क बोल = मर्म कथा, हृदय के भाव । कुहु-ससि = अमावास्या का चंद्र ।६-उठए न पारइ = उठ नहीं सकती । पृथ्वी पर वह बाला स्वयं उठ नहीं सकती, (सखियाँ) उस दीना को भुजा पकड़कर (धरती पर से)

(५४)

लोटइ धरनि, धरनि धरि सोइ।
खने खन साँस खने खन रोइ ॥२॥

खने खन मुरछइ कंठ परान।
इथि पर की गति दैव से जान ॥४॥

हे हरि पेखलौं से बर नारि।
न जीवइ बिनु कर-परस तोहारि ॥६॥

केओ केओ जपय बेद दिठि जानि।
केओ नव ग्रह पुज जोतिअ आनि ॥८॥

केओकेओ कर धरि धातु बिचारि।
बिरह-बिखिन कोइ लखए न पारि ॥१०॥

उठाती है। ७—तप्त = तप्त, तपाये हुए। कनक = सोना। जनि = समान। हुतासे = अग्नि। ८—तसु = उसके।

१—लोटइ = लोटती है। धरनि = पृथ्वी। सोइ = वह, २—खने-खन = क्षण-क्षण में। साँस = उसासे लेती है। रोइ = रोती है। ३—क्षण-क्षण में वह मूर्छित हो जाती है और प्राण कंठ तक चले आते हैं (मृत-प्राय हो जाती है)। ४-इथि = इसके। पर = बाद। की = क्या। से = वह। ५-पेखलौं = (मैंने) देखा। ६-जीवइ = जीयेगी। करपरस = हाथ का स्पर्श। ७-केओ = कोई। दिठि = नजर लगना। ८-पुज = पूजता है। जोतिअ = ज्योतिषि। आनि = ले आकर, बुलाकर। ९-धातु = नाड़ी। १०-बिरह-बिखिन = विरह-विक्षीण, विरह से क्षीण हुई। लखए न पारि = लख नहीं सकता।

(५५)

अबिरल नयन गरए जल-धार
नव-जल बिंदु सहए के पार ।२॥
कि कहब सजनी तकर कहिनी ।
कहए न पारिअ देखलि जहिनी ॥ ४ ॥
कुच-जुग ऊपर आनन हेरु ।
चाँद राहु डर चढल सुमेरु ॥ ६ ॥
अनिल अनल वम मलयज बीख ।
जेह्रु छल सीतल सेह्रु भेल तीख ॥ ८ ॥
चाँद सतावए सविता हु जीनि
नहि जीअन एकमत भेल तीनि ॥ १० ॥
किछु उपचार मान नहिं आन ।
ताहि वेआधि भेषज पँचबान ।१२॥
तुअ दरसन बिनु तिलओ न जोब ।
जइओ कलामति पीउख पीब ॥ १४ ॥

१—अबिरल = लगातर । गरए—गिरता है । २—नब-जल बिन्दु = नवीन जल के कण, आँसू । ३—तकर = उसका । कहिनी = कहानी । ४—जहिनी = जैसी । ५—आनन = मुख । ७—अनिल = वायु । अनल = आग । वम = वमन करता है, उगलता है । मलयज = चन्दन । बीख = विष । ८-छल = था । तीख = तीक्ष्ण । ९-सविताहु = सूर्य से भी । जीनि जैसे, शीतकर, वढकर । १०—एकमत भेल तीनि = तीनों (वायु, चन्दन, चन्द्र) एकमत हुए । ११—उपचार = औषधादि । १२—भेषज = दवा पँचबान = कामदेव । १३—तिलओ = तिलमात्र भी, एक क्षण भी ।

(५६)

लाखे तरुअर कोटिहि लता
जुअति कत न लेख।
सब फूल मधु मधुर नहीं
फूलहु फूल बिसेख ॥२॥
जे फुल भमर निन्दहु सुमर
बासि न बिसरए पार।
जाहि मधुकर उड़ि उड़ि पड़,
सेहे संसार क सार ॥४॥
सुन्दरि, अदहु बचन सुन।
सबे परिहरि तोहि इछ हरि
आपु सराहहि पुन ॥६॥

जीव=जीयेगी। १४—पीयूस=पीयूष=अमृत

१, २—तरुअर=तरुवर, वृक्षश्रेष्ठ। कत=कितना। न लेख=संख्या नहीं, असंख्य। मधु=पुष्परस। मधुर=मीठा। लाखों पेड़ हैं, करोड़ों लताएँ हैं, (यों ही) कितनी युवतियाँ हैं (जिनकी) गिनती नहीं। किन्तु सभी फूलों का रस मीठा नहीं होता—फूलों में भी कोई विशेष फूल होते हैं। ३—जे=जिस। भमर=भौंरा। निन्दहु=नींद में भी। सुमर=स्मरण करता है। बासि=गंध। न बिसरए पार=नहीं विस्मरण कर सकता, नहीं भूल सकता ४—मधुकर=भौंरा। पर=पड़ना, बैठना। से हे=वही। जिसपर भौंरा उड़ उड़कर बैठे वही (फूल) संसार का सार है—संसार में खिलना उसी का सार्थक है।

तोहरे चिन्ता तोहरे कथा
सेजहु तोहरे चाव।
सपनहु हरि पुनु पुनु कए
लए उठए तोर नाव।८।
आलिंगन दए पाछु निहारए
तोहि बिनु सुन कोर
अकथ कथा आपु अवथा
नयन तेजए नीर।१०।
राहि राही जाहि मुँह सुनि
ततहि अप्पए कान।
सिरि सिवसिंघ इ रस जानए
कबि विद्यापति भान।१२।

५—सुन=सुनो। ६—सबे=सबको। परिहरि=छोड़कर। इछ=इच्छा करता है। आप=अपना। सराहहि=सराहना करो। पुन=पुण्य। ७—तोहरे=तुम्हारा। सेजहु=शय्या पर भी। चाव=चाहना। ८—सपनहु=सपने में भी। पुन पुन कए=बारम्बार। लए उठए=ले उठते हैं। नाव=नाम। दए=देते हैं। पाछु=पीछे। निहारए=देखते हैं। सुन=शून्य, खाली। कोर=गोद। १०—अकथ=न कहने योग्य। आपु=अपनी। अवथा=अवस्था। नोर=आँसू। ११—राहि=राधा। अप्पए=अर्पण करते हैं। १२—भान=कहते हैं

—

"A poet is a painter of soul."

(५७)

आसायें मन्दिर निसि गमावए
सुख न सूत सँयान ।
जखन जतए जाहि निहारए
ताहि ताहि तोहि भान ॥२॥
मालति ? सफल जीवन तोर ।
तोर विरहे भुअन भम्मए
भेल मधुकर भोर ॥४॥
जातकि केतकि कत न अछए
सबहि रस समान ।
सपनहु नहिं ताहि निहारए
मधू कि करत पान॥६॥
बन उपवन कुंज कुटीरहि
सबहि तोहि निरूप ।

१—आसाये=आशा में । गमावए=बिताता है । सूत=सोता है । सँयान=शयन पर, बिछावन । २-जखन=जब । जतए=जहाँ । जाहि=जिसे । निहारए=देखता है । जब जहाँ जिसे देखता है, उसे वसे ही तुम्हें भान करता है—भ्रमवश सभी को तुम्हें ही समझता है ।४—भुअन=भुवन, संसार । भम्मए=भ्रमण करते । मधुकर=भौंरा । भोर=विभोर, व्याकुल या प्रात:काल । ५—जातकि=पारिजात । कत=कितना । अछए=हैं । ६—स्वप्न में भी उन्हे देखता तक नहीं, फिर उनका मधु क्यों पान करने चला । ७—सबहि=सभी स्थानों में । निरूप=निरूपण करता है ।

तोहि बिनु पुनु पुनु मुरछाए
अइसन प्रेम सरूप ।८॥
साहर नबइ सउरभ न सह
गुजरि गीत न गाव ।
चेतन पापु चिन्ताए आकुल
हरख सबे सोहाव ॥१०॥
जकर हिरदय जतहि रतल
से धसि ततही जाए ।
जइओ जतने बाँधि निरोधिअ
निमन नीर थिराए ॥१२॥
ई रस राय सिवसिंघ जानए
कवि विद्यापति भान ।
रानि लखिमा देइ वल्लभ
सकल गुननिधान ॥१४॥

८—पुनु पुनु =पुनः पुनः बारंबार । मुरछाए=मूर्च्छित होता है । अइसन=इस प्रकार का । ९—साहर=सहकार, आम्र नबइ=नया, नव कुसुमित फूल । सउरभ=सौरभ सुगंध । गुजरि=गुंजार करके । गाव=गाता है । १०—चेतन=चैतन्य, जीव । पापु=पापी चिन्ताए=चिन्ता से । हरख सबे सोहाव=आनन्द में ही सब कुछ सुहाता है । ११—जकर=जिसका । ततहि—वहीं । रतल=अनुरक्त हुआ । से=वह । धसि=घुसकर । तउहि=वहाँ ही । १२—जइओ=यद्यपि । निरोधिअ=रोक रखिये । निमन=नीची जगह । नीर=पानी थिराए=स्थिर होता है ।

नोक-झोंक

(५८)

कर धरु करु मोहे, पारे
देब मैं अपरुब हारे, कन्हैया ॥ १॥
सखि सब तेजि चलि गेली।
न जानू कोन पथ भेली, कन्हैया ॥ ॥
हम न जाएब तुअ पासे।
जाएब औघट घाटे, कन्हैया ॥३॥
विद्यापति एहो भाने।
गूजरि भजु भगवाने, कन्हैया । ८ ।

१—कर=हाथ । धरु=धरकर । करु=करो । पारे=उस पार २—देब=दूँगी । मैं=मैं । हारे=माला । ३-तेजि=छोड़कर । चलि गेली=चली गई । ४-न जानू=न मालूम । कोन पथ भेली=किस रास्ते गई ? ५—जाएब=जाउँगी । तुअ=तेरे । पासे=निकट । ६—औघट घाटे=जिस घाट से कोई आता जाता न हो । ७ एहो=यह । भाने=कहते हैं ८—गूजरि=बाला, गोपी ।

इस पद में प्रेमिका के हृदय का खासा चित्र विद्यमान है । जहाँ एक ओर कहती है-'हम न जाएब तुअ पासे' तो दूसरी ओर मुँह से निकलता है—'जाएब औघट घाटे'—माने जा रही हूँ निश्चिन्त स्थान में ही अर्थात् चलो, उस एकान्त स्थान में केलि-क्रीड़ा करें । यों ही इसके अन्य पदों में भी अपूर्व बारीक भाव विद्यमान है । रसिक पाठक गौर करें !

Poetry has something divine in it.—*Bacon*.

(५९)

कुंज-भवन सयँ निकसलि रे
रोकल गिरिधारी।
एकहि नगर बस माधव हे
जनि कर बटमारी ॥२॥
छाड़ु कन्हैया मोर आँचर रे
फाटत नव-सारी।
अपजस होएत जगत भरि हे
जनि करिअ उघारी ॥४॥
संग क सखि अगुआइलि रे
हम एकसरि नारी।
दामिनि आए तुलाएल हे
एक राति अँधारी ॥६॥
भनहि विद्यापति गाओल रे
सुनु गुनमति नारी।
हरि क संग किछु डर नहि हे
तोंहे परम गमारी ॥८॥

१—सयँ=से । निकसहि=निकली । रोकल=रोकदिया ।२—बस=रहते हो । जनि=मत । बटमारी=डकैती, राहजनी ३—नव-सारी=नवीन साड़ी । उघारी=नग्न । ५—संग क=साथ की । अगुआइलि=आगे गई । एकसरि=अकेली । ६—दामिनि आए तुलाएल=बिजली भी चमकने लगी—मेघ छा गए । अँधारी=अँधेरी, कृष्ण-पक्ष की । ८-हरिक=श्रीकृष्ण के । गमारी =गँवारी, बेवकूफ ।

(६०)

तुअ गुन गौरब सील सोभाब।
सुनि कए चढ़लिहुँ तोहरि नाब ॥२॥
हठ न करिअ कान्हु कर मोहि पार।
सभ तहँ बड़ थिक पर-उपकार ॥४॥
आइलि सखि सब साथ हमार।
से सब भेलि निकहि बिधि पार ॥६॥
हमरा भेल कान्हु तोहरोअ आस।
जे अंगिरिअ ता न होइअ उदास ॥८॥
भल मन्द जानि करिअ परिनाम।
जस अपजस दुइ रहत ए ठाम ॥१०॥
हम अबला कत कहब अनेक।
आइति पड़ले बुझिअ बिबेक ॥१२॥
तोहँ पर नागर हम पर नारि।
काँप हृदय तुअ प्रकृति बिचारि ॥१४॥
भनइ विद्यापति गावे।
राज सिबसिंघ रुपनराअन इ रस सकल से पावे ॥१६॥

२—सुनिकए=सुनकर। ४—सब तहँ=सबसे। थिक=है। ६—भेलि=हुई। निकहि बिधि=अच्छी तरह से। ८-जे=जो कुछ। अँगिरिअ=अंगीकार करता। ता=उससे। होइअ उदास=उदासीन होना, मुकरना। ११—कत=कितना। १२—आइत पड़ले=आ पड़ने पर ही, अवसर आने पर ही। बुझिअ बिबेक=ज्ञान की परख होती है। १३—पर नागर=अन्य पुरुष। १४—प्रकृति=स्वभाव।

(६१)

नाव डोलाव अहीरे
जिवइत न पाओब तीरे
खर नीरे लो।

खेवा न लेअए मोले
हँसि हँसि की दहु बोले
जिव डोले लो ॥ २ ॥

किए बिके ऐलिहु आपे
बेढ़लिहु मोहि बड़ साँपे
मोरे पापे लो।
करितहुँ पर-उपहासे
परलिहुँ तन्हि विधि-फाँसे
नहि आसे लो ॥ ४ ॥
न बूझसि अबुझ गोआरी
भमि रहु देव मुरारी
नहि गारी लो।
कवि विद्यापति भाने
नृप सिवसिंघ रस जाने
नव कान्हे लो ॥ ६ ॥

१—जिवइत=जीती हुई। खर नीरे= तीक्ष्ण धारा। २—मोले= मूल्य में, रुपये-पैसे में। की दहु=न जाने क्या ३—किए=क्यों। ऐलिहु = मैं आई। बेढ़लिहु = आ घेरा। ४—तन्हि = उसी से। ५—गोआरि=ग्वालिन। गारी=गाली। ६—नव=नवीन, युवक।

सखी-शिक्षा

राधा को शिक्षा

(६२)

प्रथमहि अलक तिलक लेब साजि।
चंचल लोचन काजर आँजि ॥ २ ॥
जाएब बसन आँग लेब गोए।
दूरहि रहब तें अरथित होए ॥ ४ ॥
मोरि बोलब सखि रहब लजाए।
कुटिल नयन देब मदन जगाए ॥ ६ ॥
झाँपब कुच दरसाओब आध।
खन-खन सुदृढ़ करब निबि-बाँध ॥ ८ ॥
मान करब किछु दरसब भाव।
रस राखब तें पुनु पुनु आव ॥ १० ॥
हम कि सिखाओबि अओ रस-रंग।
अपनहि गुरु भए कहत अनंग ॥१२॥
भनइ बिद्यापति ई रस गाव।
नागरि कामिनि भाव बुझाव ॥१४॥

१-अलक=केश। तिलक=टीका; बेंदी। लेब=लेना। २-आँजि=लगा देना। ३—बसन=कपड़ा। आँग—अंग। लेब गोए=छिपा लेना। ४—तें=इससे। अरथित=अर्थित, चाहक। ५-मुख मोड़कर बातें करना और बार-बार लज्जित होना। ५—कुटिल=टेढ़े। झाँपब=ढँकना। निबि-बाँध नीबी का बन्धन। ९—मान करने के कुछ भाव प्रकट करना। १ —अओ=और। १२—अनंग=कामदेव। १४—नागरि-कामिनि=सुचतुरा स्त्री।

(६३)

प्रथमहि सुन्दरि कुटिल कटाख।
जिब जोख नागर दे दस लाख ॥ २ ॥
केओ दे हास सुधा सम नीक।
जइसन परहोंक तइसन बीक ॥ ४ ॥
सुनु सुन्दरि नव मदन-पसार।
जनि गोपह आओब बनिजार ॥ ६ ॥
रोस दरस रस राखब गोए।
धएले रतन अधिक मूल होए ॥ ८ ॥
भलहि न हृदय बुझाओब नाहीं।
आरति गाहक महँग बेसाह ॥ १० ॥
भनइ विद्यापति सुनहु सयानि।
सुहित बचन राखब हिय आनि ॥ १२ ॥

१, २—जोखे = तौलकर। पहले, हे सुन्दरि, कुटिल कटाक्ष करना, जिसके (मूल-रूप में) नागर दस लाख प्राण तौलकर देगा। ३—केओ = कोई। हास=हँसी। नीक=अच्छा। ४—परहोंक = बोहनी। बीक = बिक्री होती है। ५—मदन-पसार = कामदेव की दूकान। ६—गोपह=छिपाओ बनिजार=व्यापारी। ७, ८—रोष प्रकटकर प्रेम छिपाये रखना, क्योंकि धरे हुए रत्न की कीमत अधिक होती है। ९—भलहि=अच्छी तरह। १०=आरति=आर्त्त, आग्रहपूर्ण। महँग= महँगा। बेसाह = खरीद करता है। १२—सुहित = सुहृद, मित्र। हिय= हृदय।

(६४)

सुनु सुनु ए सखि वचन बिसेस।
आजु हम देब तोहे उपदेस ॥२॥
पहिलहि बैठबि सयनक-सीम।
हेरइत पिया मुख मोड़बि गीम ॥४॥
परसइत दुहु कर बारबि पानि।
मौन रहबि पहु करइत बानि ॥६॥
जब हम सौंपब करे कर आपि।
साधस धरबि उलटि मोहि काँपि ॥८॥
बिद्यापति कह इह रस ठाठ।
भए गुरु काम सिखाओब पाठ ॥१०॥

३—सयनक-सीम=शय्या की एक ओर। ४—गीम=ग्रीवा, गरदन। जब प्रीतम मुख देखने लगें तब अपनी गरदन (दूसरी ओर) मोड़ लेना। ५—परसइत=स्पर्श करते। कर=हाथ। बारबि=वारण करना, मना करना। पानि=हाथ। जब वे अंग-स्पर्श करने लगें तब दोनों हाथों से उनके हाथ को रोकना। ६—पहु=प्रभु प्रीतम। करइत बानि=बातचीत करते समय। ७-८—करे=हाथ में। कर=हाथ। आपि=अर्पण कर। साधस=भय। जब मैं उसके हाथ में तुम्हारा हाथ अर्पण कर तुम्हें सौंपूँगी, तो तुम संभ्रम उलटकर कांपते हुए मुझे पकड़ना। ९—रस-ठाठ = रस की रीति। १०—भए=होकर।

"रसात्मकं वाक्यं काव्यम्"—साहित्यदर्पण

(६५)

परिहर, ए, सखी, तोहे परनाम,
हम नह जाएब से पिआ-ठाम ।।२।।
बचन-चातुरि हम किछु नहि जान।
इंगित न बूझिए न जानिए मान ।।४।।
सहचरि मिली बनाबए भेस।
बाँधए न जानिए अपन केस ।।६।।
कभु नहि सुनिए सुरत क बात।
कइसे मिलब हम माधव साथ ।।८।।
से बर नागर रसिक सुजान।
हम अबला अति अलप गेआन ।।१०।।
विद्यापति कह कि बोलब तोए।
आजुक मीलल समुचित होए ।।१२।।

१—ए सखि, (इन बातों को) छोड़ो, मैं तुम्हें प्रणाम करती हूँ। २—ठाम=स्थान। ४—इंगित=इशारा। न मैं इशारा समझती हूँ और न मान करना जानती हूँ। ५—सहचरि=सखियाँ। बनावए भेस=भेष बनाती हैं—मेरा शृंगार कर देती है। ६—अपन=अपना। ७—सुरत क बात=काम-क्रीड़ा की बातें। ८—कइसे=किस प्रकार। ९—नागर=चतुर। १०—अलप=अल्प थोड़ा। ११—तोए=तुम्हें। १२—आजुक=आज का। मिलल=मिलना।

शेर दर असल हैं वही हसरत'
सुनते ही दिल में जो उतर जाये।

(६६)

काहे डरसि सखि चलु हम संग।

माधव नहिं परसब तुअ अंग ॥२॥

इह रजनी फुल-कानन माझ।

के एक फिरत साजि बहु साज ॥४॥

कुसुम क घोर धनुष धरि पानि।

मारत सर बाला जन-जानि ॥६॥

अतए चलह सखि भीतर कुंज।

जहाँ रह हरी महाबल पुंज ॥८॥

एत कहि आनल धनि हरि पास।

पूरल बल्लभ सुख-अभिलास ॥१०॥

१—काहे=किसलिये । डरसि=डरती है । २—परसब=स्पर्श करेंगे । ३, ६—रजनी=रात । फुल-कानन=पुष्प-वन । माझ=में । के=कौन । एक=अकेले । कुसुम क=फूलों का । धनुष=धनुष । पानि=हाथ । इस रात में, पुष्प वन में, यों नाना प्रकार शृङ्गार करके कौन अकेली घूमती है ? (अरी, क्या तुम्हें मालूम नहीं कि)फूलों का कठोर धनुष हाथ में धरकर (कामदेव-रूपी तीरन्दाज) बाला स्त्रियों को। खोज-खोजकर बाण मारता है ! ७—अतए=अतएव, इसलिये । ८—हरी=श्रीकृष्ण । महाबल पुंज=बड़े बलशाली। 'महाबलपुंज 'कहकर सखी धैर्य देती है कि श्रीकृष्ण तुम्हें काम के बाण की चोट से बचायेंगे । ६—एत=इतना । आनल=लाई । धनि=बाला । पास=निकट । १०—पूरल=पूरा हुआ ! बल्लभ=विद्यापति का उपनाम ।

(६७)

परिहर मन किछु न कर तरास।
साधस नहि कर चल पिय पास ॥२॥
दुर कर दुरमति कहइम तोए।
बिनु दुख सूख कबहु नहि होए ॥४॥
तिल आध दूख जनम भरि सूख।
इथे लागि धनि किए होइ बिमूख ॥६॥
तिला एक मूनि रहु दु नयान।
रोगि करए जइसे औषध पान ॥८॥
चल चल सुन्दरि करह सिंगार।
विद्यापति कइ एहि से विचार ॥१०॥

१—परिहर=छोड़ो । तरास=त्रास, डर । २—साधस=भय । ३—दुर कर=दूर करो । दुरमति=दुर्बुद्धि । कहइम=मैं कहती हूँ । तोय=तुझे । तिल आध=(मैथिली प्रयोग) एक क्षण के लिये । ६—इथे=इसलिये । किए=क्यों । होइ=होती हो । बिमूख=विमुख, विपक्ष । ७—मूनि रहु=मूँद रखो । दु=दो । नयान=आँखें ८—जइसे=जिस प्रकार । पान=पीना । करह=करो । १०-एहि से=यह ही ।

A poet is not only a dreamer of dreams, his heart is the mirror of the world's emotions, his songs of gladness are the echoes of the world's laughter, his songs of sorrow reflect the tears of humanity.

—*Sarojini*

श्रीकृष्ण को शिक्षा

(६८)

हमे दरसइत कतहुँ वेस करु
हमे हेरइत तनु झाँप।
सुरत सिंगारि आज धनि आओलि
परसइत थर थर काँप ॥२॥
सुनु हे कान्हु कहिये अवधारि।
सकल काज हम बुझल बुझाएल
न बुझल अन्तर नारि ॥४॥
अभिनव काम नाम पुनु सुनइत
रोखत गुन दरसाइ।
अरि सम गंजए मन पुनु रंजए
अपन मनोरथ साइ ॥६॥
अन्तर जीउ—अधिक करि मानए
बाहर न गन तरासे।
कह कवि-सेखर सहज विषय-रत
बिरराधि केलि बिलासे ॥८॥

१—दरसइत=दिखाकरके। कतहुँ=कितना ही। वेस करु=शृंगार करना। हेरइत=देखते। झाँप=ढाँप लेना। २—सुरत=काम-क्रीड़ा। ३—अवधारि=निश्चय करके। ४—बुझल-बुझाएल=समझा बुझा दिया है। अन्तर=हृदय। ५—अभिनव=नवीन। रोखत=रोष प्रकट करती है। गुन दरसाइ=गुण दिखाकर, कला प्रकट करके। चूंकि

(६९)

सुन सुन सुन्दर कन्हाई । तोहे सौंपल धनि राई ॥ २ ॥
कमलिनि कोमल कलेवर । तुहु से भूखल मधुकर ॥ ४ ॥
सहज करबि मधु पान । भूलह जनि पँचबान ॥ ६ ॥
परबोधि पयोधर परसिह । कुंजर जनि सरोरुह ॥ ८ ॥
गनइत मोतिम हारा । छले परसब कुच भारा ॥ १० ॥
न बुझए रति-रस-रंग । खन अनुमति खन भंग ॥ १२ ॥
सिरिस-कुसुम जिनि तनु । थोरि सहब फुल-धनु ॥ १४ ॥
बिद्यापति कवि गाव । दूति क मिनति तुअ पाव ॥ १६ ॥

बिल्कुल ही नवीना है, अतः, काम का नाम सुनते ही कला प्रकट करती हुई कोपित हो उठती है। ६—गंजय=गंजना करती है। रंजए=प्रसन्न करती है। साइ=वह । ८-हृदय से तो (तुम्हें) प्राणों से अधिक चाहती है, किन्तु बाहर डर से प्रकट नहीं करती।

२—धनि=बाला। राइ=राधा। ३—कलेवर=शरीर। ४—भूखल=भूखा हुआ। मधुकर=भौंरा। ५—सहज=स्वभाविक ढंग से धीरे-धीरे। करब=करना। जनि नहीं। पचबान=कामदेव। ७—परबोधि=प्रबोधकर, समझा बुझाकर। पयोधर=कुच, स्तन। परसिह=स्पर्श करना। ८—कुंजर=हाथी। सरोरुह=कमल। जिस प्रकार हाथी कमल को रौंदता है, उस प्रकार नहीं। ९—गनइत=गिनते हुए १०—छले=छल से। १२—अनुमति=राजी होना। १३—सिरिस-कुसुम=एक कोमल फूल। जिनि=ऐसा। १४—फुलधनु=काम का धनु। १६—मिनती=विनती। पाव=पैर।

(७०)

प्रथम समागम भुखल अनङ्ग।
धनि बल जानि करब रतिरङ्ग ॥२॥
हठ करब अति आरति पाए।
बड़हु भुखल नहि दुहु कर खाए ॥४॥
चेतन कान्हु तोंहहि अति आथि।
के नहि जान महत नव हाथि ॥६॥
तुअ गुन गन कहि कर अनुबोधि।
पहिलहि सबहि हलति परबोधि ॥८॥
हठ नहि करब रती परिपाटि।
कोमल कामिनि बिघटति साटि ॥१०॥
जाबे रभस सह ताबे बिलास।
बिमति बुझिअ जयँ न जाएब पास ॥१२॥
धसि परिहरि नहि धरबिए काहु।
उगिलल चाँद गिलए जनि राहु ॥१४॥
मनइ बिचारति कोमल-काँति।
कोमल सिरिस-सुमन अलि भाँति ॥१६॥

१—अनङ्ग=कामदेव। २—आरति पाए=व्याकुलता में पाकर।
४—कर=हाथ से। ५—चेतन=चतुर। आथि=अस्ति, हो। ६—
महत=महावत। नव=नया (फँसाया हुआ)। ७—अनुबोधि=
समझा बुझाकर। हलति=लाई। ९—रती परिपाटि—रती-क्रीड़ा के ढंग।
१०—बिघटति साटि=शान्ति घटेगी=पीड़ा होगी। ११ रभस=काम
क्रीड़ा। सह=सहन करे। १२—बिमति=राजी नहीं। जयँ=यदि।

[७१]

बुझव छयलपन आज।
राहि मनि रतने आनलि धनि जतने
वंचि सब रमनि-समाज ॥२॥
सिरिस कुसुम जनि अति सुकुमार धनि
आलिंगब दृढ़ अनुरागे।
निर्भय करब केलि केइ नहि बूझे गेलि
भौंर भरे माँजरि न भांगे ॥४॥
पिरीतिक बोलि नियरे वइसाओब
नख हनि आनब कोल।
नहि नहि कर धनि कपट भुकब जनु
यदि कह कातर बोल ॥६॥

१३—एक बार छोड़कर पुनः धसकर दोबारा आगे बढ़कर उसकी बाँह मत पकड़ना। १४—गिळय=निगल जाना। १६—जिस प्रकार भौंरा बड़े कौशल से सिरिस के फूल का रस चूसता है, वसी प्रकार।

१—छयलपन=रसिकता। २—राहि=राधा। मनि रतने=रत्नों में मणि। आनलि=लाई। वंचि=छल करके। ३—जनि=ऐसा। आलिंगब=आलिंगन-करना, छाती लगाना। ४—निर्भय होकर केलि करना, यह किसे नहीं मालूम ह कि भौंरे के शरीर के भार से कोमल मंजरी नहीं टूटती। ५—नियरे=निकट। नख हनि आनब कोले=नख से हनन कर=नख से कुचों को क्षत विक्षत कर—उसे गोदी में बैठा लेना ६—नहि नहि कर धनि=वह बाला यदि नहीं नहीं करे। कातर बोल=दीन वचन।

मिलन

(७२)

सुन्दरि चललिहु पहु-घर ना।

चहुदिश सखि सब कर धर ना ॥२॥

जाइतहु लागु परम डर ना।

जइसे ससि काँप राहु डर ना ॥४॥

जाइतहि हार टुटिए गेल ना।

भूखन बसन मलिन भेल ना॥६॥

रोए रोए काजर दहाए देल ना।

अदकँहि सिंदुर मेटाए देल ना ॥८॥

भनइ विद्यापति गाओल ना।

दुख सहि सहि सुख पाओल ना ॥१०॥

१—चललिहु = चलीं। पहु = प्रभु। २—चहुदिस = चारो ओर। कर = हाथ। ३—जइतहु = जाने में। ४—ससि = चन्द्रमा। ७—रोए = रोकर। दहाए देल = दहा दिया। अदकँहि = आतङ्क से ही, डर से।

स कविः कथ्यते स्रष्टा रमते यत्र भारती।

रसभावगुणीभूतैरलंकारैर्गुणोदयैः॥

—वेंकटाचार्य।

(७३)

कौतुक चलति, भवन कए सजनि गे
सँग दस चौदिस नारी।
त्रिच बिच सोभित सुन्दरि सजनि गे
जेहि घर मिलत मुरारी ॥२॥
लए अभरन कए षोड़स सजनि गे
पहिर उतिम रँग चीर।
देखि सकल मन उपजल सजनि गे
मुनिहुक चित रहि थीर ॥४॥
नील वसन तन घेरल सजनि गे
सिर लेल घोंघट सारि।
लग लग पहु के चलइत सजनि गे
संकुचल अंकम नारि ॥६॥

१—कौतुक=कुतूहल युक्त होकर। चौदिस=चारों ओर। २—बिच बिच=मध्य भाग में। ३—अभरन=आभरण, गहने। कए—षोड़स=सोलह शृंगार करके। उतिम रंग=अच्छे रंग की। चीर=साड़ी। ४-उपजल=(काम) उत्पन्न हुआ। मुनिहुक=ऋषियों का भी। थीर=स्थिर। ५—नील वसन=नील रंग कपड़ा। तन घेरलि=शरीर को लपेटे हुई। घोंघट=घूँघट। सारि लेल =सँभार लिया। ६-लग=निकट। पहु=प्रीतम। संकुचल=सकुचा गया। अंकम=हृदय। प्रीतम के निकट जाने में बाला का हृदय सकुच गया।

सखि सब देल भवन कए सजनि गे
घुरि आइलि सभ नारि।
कर धए लेल पहु लग कए सजनि गे
हेरए बसन उघारि ॥ ८ ॥
भए बर सनमुख बोलइ सजनि गे
करे लागल सबिलास।
नव रस रीति पिरीति भेल सजनि गे
दुहु मन परम हुलास ॥१०॥
विद्यापति कवि गाओल सजनि गे
ई थिक नव रस रीति।
वयस जुगल समुचित थिक सजनि गे
दुहु मन परम पिरीति ॥१२॥

७—देल भवन कए = भवन कए देल = घर में ला रक्खा। घुरि आइलि = लौट आई। ८—कर धए = हाथ धरकर। पहु लग कए लेल—प्रीतम के निकट ले आये। हेरए = देखता है। बसन = वस्त्र। (अंचल)। उघारि = उघारकर—(अंचल) हटाकर। ९—भए = होकर। बर = प्रीतम। करे लागल = करने लगा। सबिलास = काम-क्रीड़ा। १०—नव = नवीन। हुलास = आनन्द। ११—ई = यह। थिक = है। १२—वयस = अवस्था। जुगल = दोनों को। समुचित = योग्य।

"Poetry is the spontaneous 'over-flow of powerful feelings."

(७४)

अहे सखि अहे सखि लए जनि जाह।
हम अति बालिक आकुल नाह॥ २॥
गोट गोट सखि सब गेलि वहराय।
बजर किब,ड़ पहु देलन्हि लगाय॥ ४॥
तेहि अवसर पहु जागल कन्त।
चीर सँभारलि जिउ भेल अन्त॥ ६॥
नहि नहि करए नयन ढर नोर।
काँच कमल भमरा झिकझोर॥ ८॥
जइसे डगमग नलनि क नीर।
तइसे डगमग धनि क शरीर॥ १०॥
भन विद्यापति सुनु कविराज।
आगि जारि पुनि आगि क काज॥१२॥

१—लए जाह=ले जाओ। जनि=मत, नहीं। २—बालिक=बालिका। आकुल=घबराया हुआ। नाह=नाथ, प्रीतम। ३—गोट गोट=एक-एक कर। गेलि=गई। वहराय=बाहर होना। ४—बजर=वज्र-तुल्य। पहु=प्रभु, प्रीतम। देलन्हि=दिया। ५—पहु=प्रीतम (यहां कामदेव से तात्पर्य है)। ६—वस्त्र हटाने का उपक्रम करते ही मालूम हुआ, मेरे प्राण निकल गये। ७—नोर=आंसू। ८—कांच कमल=अधखिला कमल। भमरा=भौंरा। ९—डगमग=हिलता डुलता। नलनिक नीर=कमल (के पत्ते पर) का पानी॥१०—धनिक=धनि के, बाला के १२—आग जलाई जाती है तो भी तो फिर आग की आवश्यकता होती है।

(७५)

कत अनुनय अनुगत अनुबोधि ।
पति-गृह सखिन्हि सुताओलि बोधि ॥२॥

विमुखि सुतलि धनि समुखि न होए ।
भागल दल बहुलावए कोए ।४॥

बालमु बेसनि बिलासिनी छोटि ।
मेल न मिलए देलहु हिम कोटि ॥६॥

बसन झपाए बदन धर गोए ।
बादर तर ससि बेकत न होए ॥८॥

भुज-जुग चाँप जीव जौं साँच ।
कुच कञ्चन कोरी फल चाँच ॥१०॥

लग नहि सरए, करए कसि कोर ।
करे कर बारि करहि कर जोर ॥१२॥

एत दिन सैसव लाओल साठ ।
अब भए मदन पढ़ाओव पाठ ॥१४॥

गुरुजन परिजन दुओ नेवार ।
मोहर मुदल अछि मदन-भंडार ॥१६ ।

भनइ विद्यापति इहो रस भान ।
राए सिवसिंघ लखिमा बिरमान ।१८॥

१—कत = कितना । अनुनय = विनती । अनुगत=खुशामद । अनुबोधि=बुझाना । २—सुताओलि = सुलाई । ३—बिमुखि=दूसरी तरफ मुँह करके । ४—बहुलावए=फेरना । कोए = कौन । ५—बेसनि—व्यसनी, कामी । बिलासिनि = विलास करनेवाली (बाला) । ६-हिम = हेम =

(७६)

सखि परबोधि सयन-तल आनि।
पिय हिय हरषि धएल निज पानि ॥२॥
छुबइत बालि मलिन भइ गेल।
बिधु-कर मलिन कमलनी भेलि ।४।
नहि नहि कहइ नयन भर नोर।
सूति रहलि राहि सयनक ओर ॥६।
आलिंगए नीवि-बँध बिनु खोरि ।
कर कुच परस बेह भेल थोरि ।८।
आचर लेइ वदन पर झाँप।
थिर नहि होअइ थर थर काँप ॥१०॥
भनइ विद्यापति धीरज सार।
दिन दिन मदन क होय अधिकार ।१२।

सोना। ७—गोइ = छिपाकर। ८—बेकत = व्यक्त प्रगट। ९–१० चाँप = दबाकर साँच=संचय करना। कोरी = कोरा अछूता। सोने के समान कुचों को कच्चे और अछूते फल समझकर दोनों हाथों से दबाकर प्राणों के समान जोगाती है। ११—लग=निकट। धरए= धरती है। कोर = क्रोड़, गोदी। १२—करे कर बारि अपने हाथ से (नायक) के हाथ निवारण करती है। करइ करजोर=हाथ जोड़ती है, प्रार्थना करती है। सैसव=बचपन। साठ सामोर=संगत निभाई। नेवार=निवारण किया हुआ। मोहर=मुहर देकर।

१—आनि=लाई। २—धएल=पकड़ा। पानि = हाथ। ३—बालि = बाला। ४—बिधुकर = चन्द्रमा की किरणों में। ५—

(७७)

प्रथमहि गेलि धनि प्रीतम पास।
हृदय अधिक भेल लाज तरास॥ २॥
ठाढ़ि भेलन्हि धनि अंगो न डोले।
हेम-मूरति सयँ मुखहु न बोले॥ ४॥
कर दुहु धए पहु पास बइसाए।
रुसल छलि धनि बदन सुखाए॥ ६॥
मुख हेरि ताकए भमर झाँपि लेल।
अंकम भरि कँ कमलमुखि लेल॥ ८॥
भनइ विद्यापति दह इ सुमति मति।
रस बूझ हिन्दूपति हिन्दूपति॥ १०॥

नोर = आँसू। ६—सूति रहल = सो रहीं। राहि = राधा। ओर = सीमा पर (एक ओर)। खोरि = खोलना। ८—सेह = वही।

१—धनि = नायिका। ३—भेलन्हि = हुई। ५—हेम = सोना। सनि = समान। ५—पहु = प्रभु प्रीतम। बइसाए = बैठाता है। ६—रुसलि छलि = रूठी हुई थी। ७, ८—हेरि ताकए = भली भाँति (निरीक्षण करके) देखना। भमर = भौंरा [कृष्ण]। अंकम = गोद भरिकँ = भरकर, भौंरा (कृष्ण) उसका मुख भली भाँति-आँखें गड़ाकर-देखता था; अतः नायिका ने उसे ढाँप लिया। किन्तु ज्यों ही उसने अपना मुँह ढाँपा कि मौका पाकर, श्रीकृष्ण ने उसे गोद में ले लिया। ९—दह = दो। विद्यापति कहते हैं कि हे सुमति, अब यह (मति) अनुमति दो—कृष्ण की प्रार्थना स्वीकार करो। हिन्दूपति = राजा शिवसिंह।

(७८)

जतने आएलि धनि सयन क सीम।
पाँगुर लिखि खिति नत रहु गीम ॥ २ ॥
सखि हे, पिया पास बैठलि राहि।
कुटिल भौंह करि हेरइछि काहि ॥ ४ ॥
नवि वर नारि पहिल पिया मेलि।
अनुनय करइत रात आध गेलि ॥ ६ ॥
कर धरि बालमु बइसाओल कोर।
एक पद कह धनि नहि नहि बोल ॥ ८ ॥
कोर करइत मोड़इ सब अंग।
प्रबोध न मानु, जनि बाल भुजंग ॥ १० ॥
भनइ विद्यापति नागरि राधा।
अन्तर दाहिन बाहर बामा ॥ १२ ॥

१—सयन क-सीम शय्या की सीमा में, शय्या के निकट। २—पाँगुर=पदांगुलि, पैर की अंगुली। खिति=पृथ्वी। नत=नीचे किये। गीम=ग्रीवा, गरदन। ३ राहि=राधा ४—हेरइछि=देखती है। ५—नवि=नवीना। नवीना सुन्दरी नायिका की प्रथम-प्रथम प्रीतम से भेंट हुई। ६—अनुनय=विनय। ७-कर धरि=हाथ धरकर। बइसाओल कोर=गोदी में बिठलाया। ८-बाला बस एक 'नहीं नहीं' का वचन कहती है—सदा नहीं-नहीं बोलती है। ९—गोदी में बिठलाते ही अपने अंगों को ऐंठती है—भावभंगी दिखलाती है। १०—जनि=मानों। बाल भुजग=बच्चा साँप। १२—अन्तर=हृदय से। दाहिन=अनुकूल। बाहर=बाहर से ऊपर से। बामा=प्रतिकूल।

(७९)

अधर मँगइते अऔंध कर माथ।
सहए न पार पयोधर हाथ॥२॥

बिघटल नीबो कर धर जाँति।
अंकुरल मदन, धरए कत भाँति॥४॥

कोमल कामिनि नागर नाह।
कओन परि होएत केलि निरबाह॥६॥

कुच-कोरक तब कर गहि लेल।
काँच बदरि अरुनिम रुचि भेल॥८॥

लावए चाहिअ नखर बिसेख।
भौंहनि आबए चाँद क रेख॥१०॥

तसु मुख सौं लोभे रहु हेरि।
चाँद झपाव बसन कत बेरि॥१२॥

१—अऔंध कर=नीचे करती हैं। २—सहएँ न पार=सह नहीं सकती। पयोधर=कुच। ३—बिघटल=खुली हुई। नीवी=कौंचा फुफनी। कर धर जाँति=हाथ से दबाकर रखती है। अंकुरल=अंकुरित हुआ, पैदा हुआ। भाँति=रूप, आकार। ४—नागर=चतुर। नाह=नाथ, प्रीतम। ६—कओने परि=किस प्रकार। ७—कुच कोरक=कुच की सीमा। ८—बदरि=बेर (छोटे-छोटे कुचों की उपमा)। अरुनिम रुचि लाल रंग की छटा। ९,१०—नखर=नख की रेखा। बिसेख=उत्तम, सुन्दर। (जब प्रीतम) कुच पर नख रेखा देना चाहता है, तब नायिका की भौंहों पर [चन्द्र को रेखा] टेढ़ापन आ जाता है। ११-तसु=उसका। ११—चाँद=चन्द्रमा (मुख)। बसन=कपड़ा (अंचल)।

(८०)

जखन लेल हरि कँचुअ अछोड़ि।
कत परजुगति कएल अंग मोड़ि॥ २॥
तखनुक कहिनी कहल न जाय।
लाजे सुमुखि धनि रहलि लजाय॥ ४॥
कर न मिझाए दूर जर दीप।
लाजे न मरए नारि कठजीव। ६॥
अंकम कठिन सहए के पार।
कोमल हृदय उखड़ि गेल हार॥ ८॥
भनइ विद्यापति तखनुक भान।
कओन कहल सखि होएत बिहान॥ १०॥

१—जखन = जिस समय। कँचुअ = कंचुकी, चोली। अछोड़ि लेल = उतार लिया। २—कत = कितना। परजुगति = प्रयुक्ति, उपाय। ३—कहिनी = कहानी, कथा। ४—लाजे = लाजसे। ५—कर = हाथ। मिझाए = बुझता है। जर = जलता है। दीप = दीपक। दीपक [शय्या से] दूर पर जल रहा है, अतः वह नायिका के हाथ से नहीं बुझता। कवि-कुल-गुरु कालिदास के मेघदूत में एक ऐसा ही पद्य है, जिसका अनुवाद यों है—"नीवी ग्रंथी शिथिल करके वस्त्र-प्रेमी छुटावे। मुग्धा प्यारी अरुण-अधरा काम क्रीड़ा दिखावे॥ भोली लज्जाविवश तब हो चूर्ण मुष्टी चलावे। पै होती है विफल मणि का दीप कैसे बुझावे।" ६—लाजे = लाज से कठजीव = कठोर-प्राण। ७—अंकम = आलिंगन। सहए के पार = कौन सह सकता है? उखड़ि गेल = उखड़ गया, निसान पड़ गया।

(८१)

ए हरि बले यदि परसबि मोथ।
तिरि-बध-पातक लागए तोय॥ २॥

तुहु रस आगर नागर ढीठ।
हम न बूझिए रस तीत कि मीठ॥ ४॥

रस परसंग उठओ मझु काँप।
बान हरिनि जनि कएलन्हि झाँप॥ ६॥

असमय आस न पुरए काम।
भल जन न कर बिरस परिनाम॥ ८॥

बिद्यापति कह बुझलहुँ साँच।
फलहु न मीठ होअए काँच॥ १०॥

तखनुक=उस समय का। १०—बिहान=प्रातः काल।

१—बल=बलपूर्वक। परसबि=स्पर्श करना। मोय=मुझे। २—तिरि-बध-पातक=स्त्री के बध का पाप। तोय—तुझे। ३-आगर=अग्रणी, श्रेष्ठ। नागर=चतुर ४-तीत=तिक्त, कड़वा। कि=या। परसंग=चर्चा। ५—मझु=मे। ६—मानों बाण से बेधी जाकर हरिणी उछल उठती हो। ७—कुसमय में करने से न कोई आशा पूरी होती है, और न कोई काम पूरा होता है। ८—भलजन=अच्छे आदमी। न कर=नहीं करते। बिरस=रसहीन, बुरा। परिनाम=अंतिम फल। अच्छे आदमी [ऐसा काम]नहीं करते जिसका परिणाम बुरा हो। बुझलहुँ=मैं समझी। १०—कच्चा फल भी मीठा नहीं होता।

(८१)

रति-सुबिसारद तुहु राख मान।
बाढ़िले जौबन तोहे देब दान ॥ २ ॥
आबे से अलप रस न पूरब आस।
थोर सलिल तुअ न जाय पियास ॥ ४ ॥
अलप अलप रति यहि चाहि नीति।
प्रतिपद चाँद-कला सम रीति ॥ ६ ॥
थोरि पयोधर न पूरब पानि।
न दिह नख-रेख हरि रस जानि ॥ ८ ॥
भनइ बिद्यापति कइसन रीति।
काँच दाड़िम प्रति ऐसन प्रीत ॥ १० ॥

१—रति सुबिसारद=कामक्रीड़ा में परम चतुर। तुहु=तुम। मान=मर्यादा। २—आबे=इस समय से=यह। अलप=थोड़ा पूरब=पूरेगा। ३—सलिल=पानी। तुअ=तेरी। न जाय=नहीं जायगी। ५—६—जिस प्रकार प्रतिपदा से चन्द्रमा थोड़ा-थोड़ा बढ़ता है, उसी प्रकार रति भी थोड़ी-थोड़ी करके बढ़ानी चाहिये, यही नीति है। ७—थोरि=छोटा। पयोधर=कुच। पानि=हाथ। अभी कुछ छोटे हैं, उनसे तुम्हारे हाथ भी नहीं भरेंगे। ८—हे हरि, उनपर नख की रेखा मत दो—उन्हें नखों से मत बकोटो, तुम तो स्वयं रस की बात जानते हो। ९—कइसन=किस प्रकार की। १०—दाड़िम=अनार [कुच की उपमा]। ऐसन=इस प्रकार।

"जहाँ न जाय रवि, तहाँ जाय कवि।"

(८३)

निबि-बंधन हरि किए कर दूर।
एहो पए तोहर मनोरथ पूर ॥२॥
हेरने कओन सुख न बुझ बिचारि।
बड़ तुहु ढीठ बुझल बनमारि ॥४॥
हमर सपथ जौं हेरह मुरारि।
लहु लहु तब हम पारब गारि ॥६॥
बिहर से रहसि हेरने कोन काम।
से नहि सहबहि हमर परान ॥८॥
कहाँ नहि सुनिए एहन परकार।
करए बिलास दीप लए जार ॥१०॥
परिजन सुनि सुनि तेजब निसास।
लहु लहु रमह सखीजन पास ॥१२॥
भनइ बिद्यापति एहो रस जान।
नृप सिवसिंघ लखिमा-बिरमान ॥१४॥

१—निबि बंधन=कोंचे का बन्धन। किए=क्यों। २—एहो पए=इससे भी। ३—हेरने=देखने से। ४—बुझल=मैं समझ गई। ५—हेरह=देखो। ६—लहु लहु=धीरे-धीरे। पारब गारि=गाली दूंगी। ७—एकान्त में [चुपचाप] विहार करो? [बिहार से रहसि] भला, देखने से क्या प्रयोजन। ९—एहन परकार=ऐसा ढंग। १०—काम-क्रीड़ा के समय दीपक जला ले। ११—परिजन=पड़ोसी। तेजब निसास—[केलि-समय में] निःश्वास लेना। १२—रमह=संभोग करो। पास=निकट। १४—बिरमान=पति।

(८४)

सुन सुन नागर निवि-बंध छोर।
गाँठिते नाहि सुरत-धन मोर ॥ २ ॥
सुरत क नाम सुनल हम आज।
न जानिअ सुरत करए कौन काज ॥ ४ ॥
सुरत क खोज करब जहाँ पाव।
घर कि अछए नाहि सखिरे सुधाव ॥ ६ ॥
बेरि एक माधव सुन मझु बानि।
सखि सयँ खोजि माँगि देब आनि ॥ ८ ॥
बिनति करए धनि माँगे परिहार।
नागरि-चातुरि भन कबि-कंठहार ॥ १० ॥

इस पद्य में राधा का विचित्र परिहास, बड़ी सफाई से, वर्णित है। कृष्ण राधा से 'सुरत' माँग रहे है—राधा से काम-क्रीड़ा करने को कह रहे हैं—इसपर राधा कहती है—"अरे चतुर, सुनो, मेरी नीवी का बन्धन छोड़ो इसकी गाँठ में 'सुरत' रूपी धन नहीं छिपा पड़ा है। मैंने 'सुरत' का नाम तो आज ही सुना है, न जाने 'सुरत' [कौन है और] क्या काम करता है? हाँ, आज से मैं, जहाँ पाऊँगी, सुरत की खोज करूँगी। सखियों से पूछूँगी [सखि रे सुधाव] कि मेरे घर में है कि नहीं। माधव! एक बार मेरी बात सुन लो, सखियों से यदि प्राप्त कर सकूँगी तो खोज ढूँढ़कर तुम्हें ला दूँगी।" यों नायिका बिनती करती और उन्हें मना कर रही है, कवि-कंठहार विद्यापति नागरी नायिका की इस चातुरी का (चतुरता-पूर्ण) वर्णन करते हैं।

(८५)

हरि-कर हरिनि-नयनि तन सौंपलि
सखिगन गेलि आन ठाम
अवसर पाइ धनि कर धरि नागर
बिनति करए अनुपाम ॥ २ ॥
हरिनि-नयनि धनि रामा।
कौतुक सरस परस संभाषन
मेटल लाजक धामा ॥ ४ ॥
सुखद सेओपरि नागरि नागर
बइसल नव रति-साधे
प्रति अंग चुम्बन रस अनुमोदन
थर-थर काँपए राधे ॥ ६ ॥
मदन-सिंहासन करल अरोहन
मोहन रसिक सुजान।
भय-गढ़ तोड़ल अलप समाधल
राखल सकल समान ॥ ८ ॥
भन कवि-सेखर गरुअ भूख पर
कत अल थोर अहार।
अइसन दुहु मन तरफइ पुन पुन
बाढ़ल अधिक बिकार ॥ १० ॥

४—सरस परस=रसमय स्पर्श, आलिंगन ५—सेओपरि—शय्या के ऊपर। करल अरोहन=आरोहण किया, चढ़े। ८—अलप समाधल= थोड़े से संतुष्ट किया। समान=मान-सहित। ९—गरुअ=अधिक।

(८६)

सुरत समापि सुतल बर नागर
पानि पयोधर आपी।
कनक संभु जनि पूजि पुजारी
धएल सरोरुह झाँपी ॥२॥
सखि हे माधव, केलि विलासे
मालति रमि अलि ताहि अगोरसि
पुनु रति-रंग क आसे ॥४॥
बदन मेराए धएल मुख-मण्डल
कमल मिलल जनि चन्दा।
भमर चकोर दुअओ अरसाएल
पीबि अमिय-मकरन्दा ॥६॥
भनइ अमीकर सुनह मधुरपति
राधा-चरित अपारे।
राजा सिवसिंघ रूपनरायन
सुकवि भनथि कंठहारे ॥८॥

१—सुरत=काम-क्रीड़ा। समाति=समाप्त कर। सुतल=सो गया। पानि=हाथ। पयोधर=कुच। आपी=अर्पित कर, रख। २—कनक-संभु=सोने का महादेव। सरोरुह=कमल। ४—अलि=भौंरा। अगोरसि=अगोरे रहता है। ५ मेराए=मिलाकर धएल=रक्खा। बदन⋯मंडल=कृष्ण ने अपना मुख राधा के मुख से सटाकर रक्खा। ६—दुअओ=दोनों। अरसाएल=अलसा गये। अमीकर=शिवसिंह के मन्त्री। सुकवि-कंठहार=विद्यापति।

(८७)

हे हरि हे हरि सुनिए स्रवन भरि
अब न विलास क बेरा।
गगन नखत छल से अबेकत भेल
कोकिल करइछ फेरा ॥ २ ॥
चकबा मोर सोर कए चुप भेल
उठिए मलिन भेल चंदा।
नगर क धेनु डगर कए संचर
कुमुदनि बस मकरंदा ॥ ४ ॥
मुख केर पान सेहो रे मलिन भेल
अबसर भल नहिं मंदा।
विद्यापति भन एहो न निक थिक
जग भरि करइछ निंदा ॥ ६ ॥

१—स्रवन भरि=कान भरकर, अच्छी तरह। विलास क बेरा=केलि का समय। २—गगन=आकाश। नखत=नक्षत्र, तारे। छल=थे। से=वह। अबेकत भेल=अव्यक्त हुए, छिप गये करइछ फेरा=फेरा कर रही है, इधर-उधर पुकार रही है। ३—सोर कए=शोरगुल करके। चुप भेल=चुप हो गये। ४—धेनु=गौ। डगर=राह। संचर=जा रही है। कुमुदिनि बस मकरंदा=कुमुदिनियों से मकरंद (पराग) का झरना (अब) बस (खतम) हो गया अर्थात् ये मुँद गई। मुख केर=मुख का। से हो=वह भी। ५—भल=भला, अच्छा। मन्दा=बुरा। निक=अच्छा, उचित। थिक=है।

(८८)

रयनि समापलि फुलल सरोज।
भमि भमि भमरी भमरा खोज ॥ २ ॥
दीप मंद रुचि अम्बर रात।
जुगुतहि जानलि भए गेल परात ॥ ४ ॥
अवहु तेजहु पहु मोहि न सोहाए।
पुनु दरसन होत मदन दोहाए ॥ ६ ॥
नागर राख नारि मान-रंग।
हठ कएले पहु हो रस-भंग ॥ ८ ॥
तत करिअए जत फाबए चोरि।
पर जन रस लए न रह अगोरि ॥ १० ॥

१—रयनि=रात। समापलि=बीत गई। सरोज=कमल। २—भ्रमरी घूम-घूमकर भ्रमर की खोज कर रही है—क्योंकि भ्रमरी को छोड़कर भ्रमर पराग लोभ से रात-भर कमलिनी-कोष में कैद था और अब उसके निकलने का समय आ गया है। ३—दीप=दीपक। मंद-रुचि=क्षीण कान्ति, मलिन। अम्बर=आकाश। रात=लाल हुआ। ४—जुगुतहि=युक्ति से ही। जानलि=जान गई। ५—तेजहु=छोड़ो। पहु=प्रभु, प्रीतम। ६—मदन दोहाए=कामदेव की दुहाई। ७—नागर=चतुर। मान-रंग=आदर और प्रेम। ९—फाबए=अच्छे। परजन=परपुरुष।

"The beauty of poetry is to paint the human life truly."

सखी-सम्भाषण

(८९)

आजु बिपरित धनि देखिअ तोय।
बुझए न पारिअ संसय मोय॥ २॥

तुअ मुख-मंडल पुनिम क चाँद।
का लागि भए गेल ऐसन छाँद॥ ४॥

नयन-जुगल भेल काजर बिथार।
अधर निरस छव कपोल गमार॥ ६॥

पीनपयोधर नखरेख देल।
कनक-कुंभ जनि भगनहु भेल॥ ८॥

अंग विलेपन कुंकुम भार।
पीताम्बर धरु इथे कि बिचार॥ १०॥

सुजन रमनि तुहु कुलवति-बाद।
का सयँ भुजलि मरम क साध॥ १२॥

कामिनी कहिनी कह सम्बाद।
कह कबि-सेखर नह परमाद॥ १४॥

१—बिपरित=बदली हुई। ३ - पुनिम क=पूर्णिमा का। ४—का लागि=किस लिये। ऐसन छांद=इस आकार का अर्थात् ऐसा मलिन। ५—बिथार=बिस्तार, फैल जाना। ६ —अधर=ओष्ठ। ७ —पीन-पयोधर=पुष्ट कुच। ८—कनक-कुम्भ=सोने के घड़े (कुच)। भग-नहु=टूट जाना। कुंकुम भार=केशर से भरा हुआ अर्थात् रक्त वर्ण। १०—पीताम्बर धरु=पीताम्बर धारण किये हुई हो—शरीर पीला पड़ गया है। इथे=इसका। कि=क्या। १२-का सयँ=किसके संग। भुंजलि=भोग किया। मरम क साध=हृदय की इच्छा। १४ परमाद=प्रमाद, शिकायत

(६०)

आजु देखलिसि कालि देखलिसि
आज कालि कत भेद।
सैसव बापुर सीमा छाड़ल
जऊबन बाँधल फेद ॥ २ ॥
सुन्दर कनककेआ मुति गोरी।
दिन दिन चाँद-कला सयँ बाढ़लि
जऊबन सोभा तोरी ॥ ४ ॥
बाल पयोधर गिरि क सहोदर
अनुपामिए अनुरागे।
कओन पुरुष कर परसए पाओल
जे तनु मिलल परागे ॥ ६ ॥
मन्द हास बंकिम कए दरसए
चंगिम भौंह बिभंगे।
लाज बेआकुलि सामु न हेरए
आओल नयन-तरंगे ॥ ८ ॥
विद्यापति कविबर यह गावए
नव जौबन नव कन्ता।
सिवसिंघ राजा एह रस जानए
मधुमति देवि सुकन्ता ॥ १० ॥

२—बापुर=बेचारा। फेद (अस्पष्ट)। ३—कनककेआ=कनकीया, स्वर्ण-निर्मिता। मुति=मूर्त्ति। ५—बाल पयोधर=छोटे-छोटे कुच। गिरि क सहोदर=पहाड़ के भाई (पहाड़ के ऐसे)।

(५१)

सामरि हे झामरि तोर देह।
की कह के सयँ लाएलि नेह ॥२॥
नींद भरल अछ लोचन तोर।
कोमल बदन कमल-रुचि चोर ॥४॥
निरस धुसर करु अधर पँवार।
कोन कुबुधि लुटु मदन-भंडार ॥६॥
कोन कुमति कुच नख-खत देल।
हाय-हाय सम्भु भगन भए गेल ॥८॥
दमन-लता सम तनु सुकुमार
फूटल वलय टुटल गृम हार ॥१०॥
केस कुसुम तोर, सिर क सिंदूर।
अलक तिलक हे सेउ गेल दूर ॥१२॥
भनइ विद्यापति रति अवसान।
राजा सिवसिंघ ई रस जान ॥१४॥

अनुपामिए=उपमा देते हैं।६—जितल परागें=पराग को जित लिया—पीला पड़ गया।७—चंगिम=सुन्दर।सामु=सामने।

१—सामरि=श्यामा, सुंदरी। झामरि=मलिन। २—की=क्या। के सयँ=किससे। लाएलि=लाई। ३-अछ=है।४—कोमल मुख की कमल-सदृश आभा चोरी चली गई है—वह मंद पड़ गया है। ५-धुसर=धूसर, भूरा। पँवार=प्रवाल मूँगा। ७ खत=क्षत, घाव। दमन लता=द्रोण पुष्प की लता। १०—वलय=हाथ की चूड़ी। गृम=ग्रीवा,गला। ११-कुसुम=फूल। १२—अलक=आलता, महावर। १४—अवसान=समाप्त।

(९२)

ए धनि पेसन कहथि सोय।
आजु जे कैसन देखिए तोय ॥२॥

नयन बयन आनहि भाँति।
कहइत कहिनि भूलथि पाँति ॥४॥

सुरँग अधर बिरँग भेलि।
का सयँ कामिनि कएल केलि ॥६॥

बेकत भए गेल गुपुत काज।
अतए ककर करह लाज ॥८॥

सघन जघन काँपए तोर।
मदन मथन कएल जोर ॥१०॥

गोर पयोधर रातुल गात।
नखर आँचर झाँपथि हात ॥१२॥

अमिय सागर दुहु से राहि।
मकुंद मातंग बिहर ताहि ॥१४

कह कवि-सेखर कि कर लाज।
कह न कहिनि सखिन समाज ॥१६॥

२—आनहि=अन्य ही। सुरँग=लाल। बिरंग=मलिन। ७—बेकत=व्यक्त, प्रकट। ८ अतए=अतएव, यहाँ। ककर=किसको। ९—सघन=पुष्ट। जघन=जाँघ। १०—१२—रातुल=लाल। गोरे=कुचों का रंग लाल हो गया है। नखर=नखों की रेखा १३ अमिअ=अमृत। राहि=राधा। १४—मुकुन्द-मातंग=कृष्ण रूपी हाथी।

(१३)

आजु देखिए सखि बड़ अनमनि सनि
बदन मलिन सन तोरा।
मन्द बचन तोहि कोन कहल अछि
से न कहिए किछु मोरा ॥ २॥
आजुक रयनि सखि कठिन बितल अछि
कान्हु रभस कर मंदा।
गुन-अवगुन पहु एकओो न बुझलनि
राहु गरासल चंदा ॥ ४ ॥
अधर सुखाएल केस अरुझाएल
घाम तिलक बहि गेला
बारि बिलासिनि केलि न जानथि
भाल अरुन उड़ि गेला ॥ ६ ॥
भनइ विद्यापति सुन बर जौबति
ताहि करब किए बाधे।
जे किछु देल आँचर बाँधि लेल
सखि सभ कर उपहासे ॥ ८ ॥

१—अनमनि=अनमनी, उदासीन। सनि=समान। बदन=मुख। २—मंद=बुरा। अछि=है। ३-रयनि=रात। रभस=कामक्रीड़ा। मंदा=बुरी तरह से। ४-पहु=प्रीतम। ५—अधर=ओष्ठ। घाम=पसीना। तिलक=टीका। ३- बारि=बालिका। भाल अरुन उड़ि गेला=मस्तक का सिंदूर-बिंदु नष्ट हो गया। ७—किए=कैसे। बाधे=बाधा देना, रोकना। ८— उपहासे=निंदा।

(१४)

न कर न कर सखि मोहि अनुरोध।
की कहब हमहु तकर परबोध॥ २॥

अलप बयस हम कानु से तरुना।
अतिहु लाज डर अतिहु करुना॥ ४॥

लोभे निठुर हरि कएलन्हि केलि।
की कहब जामिनि जत दुख देलि॥ ६॥

हठ भेल रस मोर हरल गेआन।
निवि-बँध तोड़ल कखन के जान॥ ८॥

देल आलिंगन भुज-जुग चापि।
तखन हृदय मझु उठल काँपि॥ १०॥

नयन वारि दरसाओलि रोइ।
तबहु कान्हु उपसम नहि होइ॥ १२॥

अधर सुरस मझु कएलन्हि मन्द।
राहु गरासि निसि तेजल चन्द॥ १४॥

कुच-जुग देलन्हि नख-परहार।
केहरि जनि गज-कुम्भ बिदार॥१६॥

भनइ बिद्यापति रसवति नारि।
तुहु से चेतन लुबुध मुरारि॥ १८॥

२—तकर=उसका। ६—जामिनी=रात। जत=जितना। ८—कखन=कब। ९—भुज जुग=दोनों हाथ। चापि=दबाकर। १०—तखन=उस समय। १२—उपसम=शान्त, ठंढा। १३—अधर=ओष्ठ। १४—तेजल=छोड़ दिया। १५—नख-परहार=नखों को

(९५)

कि कहब हे सखि आजु क बिचार।
से सुपुरुष मोहे कएल सिंगार॥२॥

हँसि हँसि पहु आलिंगन देल।
मनमथ अंकुर कुसुमित भेल॥४॥

आँचर परसि पयोधर हेरु।
जनम पंगु जनि भेटल सुमेरु॥६॥

जब निवि-बंध खसाओल कान।
तोहर सपथ हम किछु जदि जान॥८॥

रति-चिन्हे जानल कठिन मुरारि।
तोहर पुने जीअलि हम नारि॥१०॥

कहइ कवि-रंजन सहज मधु राई।
न कह सुधामुखि गेल चतुराई॥१२॥

नोट। १६—केहरि=सिंह। गज-कुम्भ=हाथी का मस्तक। बिदार=फाड़ना। १८—चेतन=चतुरा। लुबुध=शोभायमान।

२—कएल=किया। ३—पहु—प्रीतम। ४—मनमथ=कामदेव। कुसुमित=फूला हुआ। कामदेव रूपी अंकुर फूल उठा—काम का पूर्ण विकास हुआ। ५—आँचर=अंचल। पयोधर=कुच। हेरु=देखना। ६—पंगु=पगहीन। जनि=मानों। ७—खसाओल=(खोलकर) गिरा दिया। कान=कृष्ण। ९—रति के चिह्न से जाना कि कृष्ण बड़े कठोर-हृदय हैं। १०—पुने=पुण्य से। जीअलि=जीती बची। ११—सहज मधु राई=राई (राधा) स्वभावतः ही मधु (सदृश) हैं। १२—गेल चतुराई=चतुरता खतम हो गई।

(९६)

दृढ़ परिरम्भन पीड़लि मदने।
ऊबरि आएलहुँ सखि पुरब पुने ॥ २ ॥
टुटि छिड़िआएल मोतिम हार।
सिदुर लोटाएल सुरंग पँवार ॥ ४ ॥
सुन्दर कुच जुग नख-खत भरी।
जनि गज-कुंभ बिदारल हरी ॥ ६ ॥
अधर दसन देखि जिउ मोरा काँपे।
चाँद-मंडल जनि राहु क झाँपे ॥ ८ ॥
समुद ऐसन निसि न पारिए ऊर।
कखन जगत मेर हित भए सूर ॥ १० ॥
मोयँ न जाएब सखि तन्हि पिया-ठाम।
बरु जिव मारि नड़ावथि काम ॥ १२ ॥
भनई विद्यापति ऐज भय लाज।
आग जारिये पुनु आगि क काज ॥ १४ ॥

१—परिरम्भन = गाढ़ आलिंगन। पीड़लि = पीड़ित हुई। मदने = काम-द्वारा। २—ऊबरि आयलहुँ = मैं बच आई। पुने = पुण्य से। ३—छिड़िआएल = बिखर पड़ा। ४—सुरंग = लाल। पँवार = प्रवाल, मूँगा। ५—कुच = स्तन। जुग = दो। नख-खत = नखों द्वारा दिये गये घाव। ६—गज-कुम्भ = हाथी का मस्तक। बिदारल = विदीर्ण किया चीर-फाड़ डाला। हरि = सिंह। ७—ओष्ठ पर दाँतों का आक्रमण करना देख मेरे प्राण काँप उठे। राहु क झाँपे = राहु का आक्रमण। ९—समुद्र, सागर। ऐसन = समान। ऊर = ओर, सीमा।

(९७)

कि कहब हे सखि रातु क बात।
मानिक पड़ल कुबानिक हात ॥२॥
काँच कंचन न जानए मूल।
गुंजा रतन करए समतूल ॥४॥
जे किछु कभु नहि कला रस जान।
नीर खीर दुहु करए समान ॥६॥
तन्हि सौं कहाँ पिरित रसाल।
बानर-कंठ कि मोतिम माल ॥८॥
भनइ बिद्यापति इह रस जान।
बानर-मुँह की सोभए पान ॥१०॥

१०—उगत=उगेगा। सूर=सूर्य। ११—मौंध=में। तन्हि=उस। १२—बरु=भले ही। नड़ावथी=छोड़ दे। १४—आग जलाती है, किन्तु पुनः आग ही की जरूरत होती है।

१ कि कहब=क्या कहूँ। रातु क=रात की। २—मानिक=माणिक्य, मणि। पड़ल=पड़ गया। कुबानिक=अपटु व्यापारी। हात=हाथ। ३—कंचन=सोना। मूल=मूल्य, कीमत। ४—गुंजा=एक प्रकार का लाल फल जो जंगल में विशेष होता है, बनवासी इसकी माला बनाते हैं, घुँघची। रतन=रत्न, मणि। समतूल=समान। ६—नीर=पानी। खीर=क्षीर=दूध। ७— तन्हि सौं=उनसे। रसाल=रसमय। ८ बानर=बंदर। कि=क्या। ९—इह=यह। १०—की=क्या। सोभए=शोभता है।

(६८)

पहिलुक परिचय, पेम क संचय
रजनी आध समाजे ।
सकल कला-रस सँभरि न भेले
वैरिन भेलि मोरि लाजे ॥२॥
साए साए अनुसए रहलि बहुते ।
तन्हिहि सुबन्धु के कहिए पठाइअ
जौं भमरा होअ दूते ॥४॥
खनहि चीर धर खनहि चिकुर गह
करए चाह कुच भंगे ।
एकलि नारि हम कत अनुरंजब
एकहि बेरि सब संगे ॥६॥

१—पहिलुक=प्रथम बार का । परिचय=जान-पहचान । पेम क=प्रेम का । रजनी=रात । पहली बार का परिचय था—प्रथम-प्रथम भेंट हुई थी, अतः प्रेमके संचय में ही—प्रेमोत्पत्ति में ही—आधी रात बीत गई । २—सभरि न भेले=सँभलकर न हुआ—अच्छी तरह नहीं हुआ । भेलि=हुई । ३—साए=सखि । अनुसए=अनुताप,पछतावा । रहलि=रह गया । ४—तन्हिहि=उनके । कहिए पठाइअ=बोल पठाना बुला भेजना । जौं=जिस प्रकार । भमरा=भ्रमर=भौंरा । ५—खनहि=क्षण । चीर=साड़ी । चिकुर=केश । गह=पकड़ना । कुच=भंगे=कुच को विदीर्ण करना । ६—एकलि=अकेली । कत=कितना । अनुरजब—अनुरंजन करूँगी, प्रेम निबाहूँगी । बेरि=बार ।

तखन बिनय जत से सब कहब कत
कहए चाहल कर जोली।
नव रस-रंग भंग भए गेल सखि
ओर धरि भेल न बोली ॥ ८ ॥
भनइ बिद्यापति सुनु बरजौवति
पहु अभिमत अभिमाने।
राजा सिवसिंघ रूपनरायन
लखिमा देइ बिरमाने ॥ १० ॥

७—तखन = उस समय। जत = जितना। से = वह। कहब = कहूँगी। कत = कितना। कहए चाहल = कहना चाहा। कर-जोली = हाथ जोड़कर। ८—नव = नवीन, नया। भंग भए गेल = भंग हो गया। ओर = अन्त। ओर धरि भेल न बोली = अन्त तक कह भी न सके—साफ-साफ बात भी नहीं कह सके। ७—८—इस पद का तात्पर्य यह है कि समागम के समय श्रीकृष्ण यह देखकर कि राधा उनकी प्रत्येक चेष्टा का यथोचित समाधान नहीं करती, दोनों हाथ जोड़कर उस समय उसकी प्रार्थना करने लगे। यों, ऐन मौके पर दोनों हाथ प्रार्थना के लिये जोड़े जाने के कारण रति रंग में भंग हो गया। फिर तो कृष्ण के मुख से बोली तक न निकली। इस पद का यथार्थ मर्म विदग्ध पाठक ही समझ सकेंगे। ९—पहु = प्रभु, प्रीतम। अभिमत = युक्तियुक्त। १०—बिरमाने = बिरमण, प्रीतम, पति।

कौतुक

(६६)

उठ उठ माधव कि सुतसि मंद ।
गहन लाग देखु पुनिम क चंद ॥ २ ॥
हार-रोमावलि जमुना-गंग ।
त्रिबलि-त्रिबेनी बिप्र-अनंग ॥ ४ ॥
सिंदुर-तिलक तरनि सम भास ।
धूसर मुख-ससि नहि परगास ॥ ६ ॥
एहन समय पूजह पँचबान ।
होअ उगरास देह रतिदान ॥ ८ ॥
पिक मधुकर पुर कहइत बोल ।
अलपओ अवसर दान अतोल ॥ १० ॥
बिद्यापति कबि एहो रस भान ।
राए सिवसिंघ सब रस क निधान ॥१२॥

१—मंद=आलस्य । २—गहन=ग्रहण । ३, ४—रोमावलि=कमर के निकट के रोओं की पंक्ति । त्रिवलि=पेट में पड़ी तीन रेखाएँ । अनंग=कामदेव । हार और रोमावली क्रमशः गंगा और यमुना है, त्रिवली ही त्रिवेणी है और कामदेव ही विप्र है । ५—सिंदुर-तिलक=सिंदूर का टीका । तरनि=सूर्य । भास=प्रकाशित । ६—धूसर=धूमिल, प्रभाहीन । परगास=प्रकाश । ७—एहन=ऐसा । पंचबान=कामदेव । ८—होअ उगरास=उगरास होगा, ग्रहण छूटेगा । देह रतिदान=रति का दान दो । ९—पिक=कोयल । मधुकर=भौंरा । पुर कहइत बोल=गाँव में कहता फिरता है । १०—अलपओ=थोड़ा ही । अतोल=अनन्त ।

(१००)

त्रिवलि तरंगिनि पुर दुरगम जानि
मनमथ पत्र पठाउ।
जोबन-दलपति तोहि समर लागि
ऋतुपति दूत पठाउ ॥२॥
माधव, अब, देखु साजिए बाला।
तसु सैनक तोहँ जे संतापल
से सब आओत पाला ॥४॥
कुंडल चक्र तिलक अंकुस कए
चँदन कवच अभिरामा।
नयन कमान कटाख बान दए
साजि रहल अछि बामा ॥६॥
सुन्दरि साजि खेत चलि आइलि
विद्यापति कवि भाने।
राजा सिवसिंह रुपनरायन
लखिमा देइ परमाने ॥८॥

१—त्रिवलि=पेट में पड़ी तीन रेखाएँ। तरंगिनी=नदी। त्रिवली रूपी नदी के तट पर (बसे हुए) नगर को दुर्गम जान कामदेव-रूपी राजा ने (उसे विजय करने को) पत्र भेजा। २—दलपति=सेनापति। समर लागि=युद्ध के लिये। ऋतुपति=वसंत। ४—तसु=उसके। तोहें=तुमसे। संतापल=दुःख दिया। ५—कुंडल चक्र=कुंडल (कर्णफूल) चक्र है। तिलक-अंकुस=टीका ही अंकुश है। चंदन कवच=चंदन का लेप ही शरीर त्राण है। ६—कमान=धनुष। ७—खेत=युद्धभूमि।

(१०१)

अम्बर बदन झपावह गोरी ।
राज सुनइ छिअ चाँद क चोरी ।।२।।
घर घर पहरि गेल अछि जोहि ।
अबहि दूखन लागत तोहि ।।४।।
कतए नुकाएब चाँद क चोर ।
जतहि नुकाएब ततहि उजोर ।।६।।
हास-सुधारस न कर उजोर ।
बनिक-धनिक धन बोलब मोर ।।८।।
अधर क सीम दसन कर जोति ।
सिंदूर क सीम बैसाओलि मोति ।।१०।।
भनइ विद्यापति होह निरसंक ।
चाँदहु काँ थिक भेद कलंक ।।१२

१—अम्बर=वस्त्र । बदन=मुख । झपावहु=ढाँक लो । २—चाँद क =चन्द्रमा को । ३—पहरि=प्रहरी पहरुआ । गेल छल जोहि=ढूँढ़ गया है । ४—दूखन=दोष, कलंक । ५—कतए=कहाँ । नुकाएब=छिपेगा । ६—उजोर=प्रकाश । ७,१०—हास=हँसी । सुधारस=अमृत का रस । अधर क सीम=ओष्ठ के निकट । दसन=दाँत । बैसाओलि=बैठाया । हँसकर प्रकाश मत करो, धनी व्यापारी कहेंगे कि ये मेरे ही धन हैं (क्योंकि) ओष्ठ के निकट दाँत प्रकाश फैला रहे हैं (जो मुक्ता के समान हैं) और सिंदूर-बिन्दु मोती से चमक रहे हैं । ११—होह=होओ । १२—थिक=है । चाँद (और तुम्हारे मुख) में भेद है, क्योंकि उसमें कलंक है ।

(१०२)

लोलुअ वदन-सिरी अछि धनि तोरि।
जनु लागिह तोहि चाँद क चोरि ॥२॥
दरसि हलह, जनु हेरह राहु।
चाँद भरम मुख गरसत राहु ॥४॥
धवल नयन तोर जनि तरुआर।
तीख तरल तेहि कटाख क धार ॥६॥
निरखि निहारि फास गुन जोलि।
बाँधि हलब तोहि खंजन बोलि ॥८॥
सागर-सार चोराओल चंद।
ता लागि राहु करए बड़ दंद ॥१०॥
भनइ विद्यापति होउ निरसंक।
चौदहु भी किछु लागु कलंक ॥१२॥

लोलुअ=आन्दोलित, चंचल। बदन-सिरी=बदनश्री, मुख की शोभा। अछि=अस्ति, है। धनि=स्त्री। २—जनु=नहीं। ३,४—दरसि हलह=देखकर (झटपट) हट जाओ। 'शृंगार-तिलक' में यों ही लिखा है—"झटिति प्रविश गेहे मा बहिस्तिष्ठ कान्ते, ग्रहण-समय-वेला वर्त्तते शीतरश्मेः। तव मुखमकलंकं वीक्ष्य नूनं स राहुः। ग्रसति तव मुखेन्दुं पूर्णचन्द्रं विहाय॥" ५—धवल=उजला। जनि=ऐसा। तरुआर=तलवार। ६—तीख=तीक्ष्ण। कटाख क=कटाक्ष की। ७ ८—निरखि=नीचे की ओर फास गुन=गुण रूपी फाँस में। जोलि=जोड़कर, बाँधकर। हलब=ले जायगा। बोलि=समझकर। ९—सागर-सार=अमृत। १०—दंद=द्वन्द्व। जोर=जुल्म।

(१०३)

साँझ क बेरि उगल नव ससधर
भरम विदित सबिताहु ।
कुंडल चक्र तराश नुकाएल
दूर भेल छैरथि राहु ॥२॥
जनु बइससि रे बदन हाथ लाई ।
तुअ मुख चंगिम अधिक चपल भेल
कति खन धरब नुकाई ॥४॥
रत्तोपल जनि कमल बइसाओल
नील नलिनि दल तहु ।
तिलक कुसुम तहु माझु देखि कहु
भमर आबथि लहु लहु ॥६॥
पानी-पलब-गत अधर बिम्ब-रस
दसन दाड़िम बिज तोरे ।
कीर दूर भेल पास न आएब
भौंह धनुहि के भोरे ॥८॥

१—संध्या के समय नवीन चन्द का उदय हुआ, जिससे सूर्य का भी भ्रम हुआ—मतलब यह है, सूर्यास्त हो रहा था, उसी समय नायिका घर से निकली। सूर्य अभी पूर्णतः अस्त नहीं हुए थे, इन्हें आश्चर्य हुआ कि मेरे अस्त होने के पहले ही यह कौन सा नवीन चन्द्रमा उदित हुआ। २ कुंडल-चक्र=कुंडल (कर्णफूल) रूपी चक्र। नुकाएल=छिपा हुआ। ३—बदन हाथ लाई=मुख हाथ पर रखकर। ४—चंगिम=सुन्दर। कति खन=कबतक।

(१०४)

बड़ कौसलि तुअ राधे।
किनल कन्हाई लोचन आधे ॥२॥
ऋतुपति हटवए नहि परमादी।
मनमथ मधथ उचित मूलवादी ॥४॥
द्विज पिक लेखक मसि मकरंदा।
काँप भमर-पद साखी चंदा ॥६॥
बहि रति रंग लिखापन माने।
श्री शिवसिंह सरस-कवि भाने ॥८॥

५—रक्तोत्पल=लाल कमल (हाथ)। कमल= (मुख)। नील नलिनी=नील कमल (आँखें)। तहु=वहाँ भी। ६— लहु लहु=धीरे धीरे। ७—पानि-पलव गत=हाथ पल्लव के समान हैं। अधर=ओष्ठ। बिम्ब रत=बिम्ब फल के समान। दाड़िम बिज=अनार के दाने। ८—कीर=सुग्गा। भोरे=भ्रम में।

१—कौसलि=चतुरा। किनल=क्रय किया, खरीदा। २—लोचन आधे=आधी आँख से, एक कटाक्ष से। ऋतुपति=वसन्त। हटवए=व्यापारी। नहि परमादी=प्रमादी नहीं, बुद्धिमान्। ४—मनमथ=कामदेव। मधथ=मध्यस्थ, दलाल। मूल= मूल्य। बादी=कहनेवाला। ५—द्विज-पिक लेखक=कोयल-रूपी ब्राह्मण लेखक हैं। मसि=रोशनाई। मकरन्दा=पराग। ६—काँप=काँड़े का कमल। भमर-पद=भौंरे का पैर। साखी= साक्षी, गवाह। बहि=बही, हिसाब की पुस्तक। रति-रंग= काम विलास। लिखापन माने=मान लिखा गया। इस पद्य का

(१०६)

कउड़ि पठाओले पाव नहि घोर।
घीव इधार माँग मति भोर ॥२॥

वास न पावए माँग उपाति।
लोभ क रासि पुरुष थीक जाति ॥४॥

कि कहव आज कि कौतुक भेल।
अरदहि कान्हक गौरव गेल ॥६॥

आएल बइसल पाव पोआर।
सेज क कहिनी पूछए बिचार ॥८॥

ओछाओन खँड़तरि पलिया चाह।
कओर कहव कत अहिरिनि-नाह ॥१०॥

भनइ विद्यापति पहु गुनमंत।
सिरि सिवसिंघ लखिमा देइ कंत ॥१२॥

७—मनसिज = कामदेव। मदजल = हाथी के मस्तक से चूनेवाला पानी। उमताए = पागल हो। पिअतम-आंकुस = प्रीतम रूपी अंकुस। ९—सुमत = मन में आ जाय १०—मुसइत = (मूस् धातु) बोलने से। मनिहसि = मना करना। १२—महत = मत्त, पागल।

१—कउड़ी = कौड़ी (यहाँ मूल्य)। पठाओले = भेजने पर भी। घोर = मट्ठा। २—घीव = घी। मतिभोर = मूर्ख। ३—वास = रहने की जगह। उपाति = वास-सामग्री। लोभ क रासि = लोभ का खजाना। थिक = है। ६—अरदहि = अस्थान पर, बुरी जगह। ७—पोआर = पुआल, पुआल। ८—ओछावन = ओछाओन = बिछावन। खँड़तरि = जीर्ण शीर्ण चटाई। पलिया = पलंग।

अभिसार

(१०७)

धनि धनि चलु अभिसार।
सुभ दिन आजु राजपन मनमथ
पाओब कि रीति बिथार ॥२॥
गुरुजन नयन अंध करि आओत
बांधव तिमिर बिसेख।
तुम उर फुरल बाम कुच लोचन
बहु मंगल करि लेख ॥४॥
कुलवति धरम करम भय अब सब
गुरु-मंदिर चलु राखि।
प्रियतम संग रंग करु थिर दिन
फलत मनोरथ साखि ॥६॥
नीरद बिजुरि बिजुरि सयँ नीरद
किंकिन गरजन जान।
हरखए बरखए फुल सब साखी
सिखि-कुल दुहु गुन गान ॥८॥

१—अभिसार=गुप्त मिलन। २—राजपन मनमथ=काम का राज्य है। बिथार=बिस्तार। ३—गुरुजन=बड़े लोग बांधव=बन्धु, मित्र। तिमिर=अन्धकार। ४—फुरल=फड़कना। उर=हृदय। बाम=बायें। लेख=समझो। ६—साखि=शाखी, वृक्ष। ७—नीरद=मेघ। सयँ=संग में। मेघ बिजली के साथ रहता है और बिजली मेघ के साथ (यों ही राधा कृष्ण के साथ और कृष्ण राधा के साथ)। ८—सिकुखिल=मोर।

(१०८)

कह कह सुन्दरि न कर बेआज ।
देखिअ आज अपुरुब साज ॥ २ ॥
मृगमद पंक करसि अंगराग ।
कोन नागर परिनत होअ भाग ॥४॥
पुनु-पुनु उठसि पछिम दिसि हेरि ।
कखन आएत दिन कत अछि बेरि ॥ ६ ॥
नूपुर ऊपर करसि कसि थीर ।
दृढ़ कए पहिरसि तम सम चीर ॥८॥
उठसि बिहँसि हँसि तेजिए सार ।
तोर मन भाव सघन अँधिआर ॥ १० ॥
भनइ विद्यापति सुनु बर नारि ।
धैरज धर मन मिलत मुरारि ॥ १२ ॥

१—बेआज=बहाना । ३—मृगमद पंक=कस्तूरी का लेप (जो काली है) । ४—कोन=कौन । किस नायक का भाग्य परिणत हुआ=किसका भाग्योदय हुआ है । ५—हेरि=देखना । ६—कखन=कब । कत=कितना । अछि—अस्ति=है । बेरि=समय । ७—नूपुर को पैर के ऊपरी भाग में कसकर स्थिर करती हो जिसमें चलने पर शब्द न हो । ८—तम-सम=अन्धकार के समान काला । ९—तेजिए सार=सार त्यागकर, अकारण ही । १०—तोर=तुम्हारे । भाव=अच्छा लगता है । अँधियार=अन्धकार ।

(१०६)

माधव, धनि आएलि कत भाँति।
प्रेम-हेम परखाओल कसौटी
भादव कुहु-तिथि राति ॥ २ ॥
गगन गरज घन तहिँ न गनल मन
कुलिस न कर मुख बंका।
तिमिर-अंजन जलधार घोर अनि
तेँ उपजावति संका ॥ ४ ॥
भाग भुजग सिर कर अभिनय, कर-
झाँपल फनिमनि दीप।
जानि सजल घन से देई चुम्बन
तेँ तुअ मिलन समीप ॥ ६ ॥
नारि-रतन धनि नागर आगमनि
रस गुन पहिरल हार।
गोबिंद चरन मन कह कबिरंजन
सफल भेल अभिसार ॥ ८ ॥

—हेम=सोना। कसौटी भादव कुहु-तिथि राति=भादों की अमावस्या की रात रूपी कसौटी पर। ३—गगन=आकाश। कुलिस=वज्र, ठनका। मुख बंका=मुख टेढ़ा करना, विमुख करना। ४—तिमिर-अंजन=अन्धकार-रूपी अंजन का। अनि=नहीं। ५—भागते हुए सर्प के सिर पर मानों नृत्य करती है और सर्प के मणि को हाथ से ढाँक लेती है। ६—इस भाव का पद गीतगोविन्द में यों है—
श्लिष्यति चुम्बति जलधर कल्पम्, हरिरुपगत इति तिमिर मन-

(११७)

चन्दा जनि उग आजुक राति।
पिआ के लिखिअ पठाओब पाँति॥ २॥
साओन सयँ हम करब पिरीत।
जत अभिमत अभिसार क रीत॥ ४॥
अथवा राहु बुझाएब हँसी।
पिबि जनि उगिलह सीतल ससी॥ ६॥
कोटि रतन जलधर तोहें लेह।
आजुक रयनि घन तम कए देह॥ ८॥
भनइ विद्यापति सुभ अभिसार।
भल जन करथि पर क उपकार॥ १०॥

रूपम् ॥ ७—धनि = बाला (राधे) । नागर = नायक (कृष्ण) ८—कवि रञ्जन = विद्यापति का उपनाम ।

१—जनि = नहीं । उग = उदय हो । पठाओब = पठाऊँगी, भेजूँगी । पाँति = पत्र । ३—साओन सयँ = सावन मास से । ४—अभिमत = मनोनीत । जो अभिसार करने की निश्चित रीति है—निश्चित काल है । ६—पिबि = पीकर । उगिलह = उगल दो । ससी = चन्द्रमा । ७—जलधर = मेघ । लेह = लो । ८—रयनि = रजनी, रात । घन = घना, निबिड़ । तम = अन्धकार । देह = दो । १०—करथि = करते हैं । पर क = दूसरे का ।

Poetry is an emotion realized in tranquillity.
—Wordsworth

(१११)

आजु मोयँ जाएब हरि-समागम
कत मनोरथ भेल।
घर गुरुजन निंद निरूपइत
चन्द उदय देल ॥२॥
चन्दा भलि नहि तुअ रीति।
एहि लगि तोहें कलंक लागल
किछु न गुनह भीति ॥४॥
जगत नागरि मुख जितल जब
गगन गेला हारि।
तइओ राहु गरास पइला
देल तोह कि गारि ॥६॥
एक मास जिहि तोहि सिरिजए
दए कलसओ बल।
दोसर दिन पुनु पुर न रहसी
एही पाप क फल ॥८॥
भनइ विद्यापति सुन तोयँ जुवती
न कर चाँद क साति।
दिना सोरह चाँद क आदत
ताहि पर भलि राति ॥१०॥

२—निंद निरूपइत=नींद का निरूपण करते, सोते न-सोते। ४—भीति=डर। ५—संसार से जब स्त्रियों ने तुम्हारे मुख को जीत लिया—अपनी मुखश्री से तुम्हें पराजित किया—तब तुम हारकर

(११२)

गगन अब घन मेह दारुन, सघन दामिनि झलकई
कुलिस पातन सबद झनझन, पवन खरतर बलगई ॥२॥
सजनी, आजु दुदिन भेल ।
कंत हमर नितांत अगुसरि सँकेत-कुंजहि गेल ॥४॥
तरल जलधर बरिख झर झर, गरज घन घनघोर ।
साम नागर एकले कइसन पंथ हेरए मोर ॥६॥
सुमिरि मझु तनु अवश भेल जनि अथिर थर थर काँप ।
इ मझु गुरुजन नयन दारुन, घोर तिमिरहि झाँप ॥८॥
तुरित चल अब किए विचारह, जीवन मझु अगुसार ।
कवीसेखर वचन अभिसार, किए से विघिन-बिथार ॥१०॥

आकाश में भाग गये । ७—पुर=पूर्ण । ९—साति=शास्ति, निन्दा । १०—आइति=आयत्त, सीमा । ताहि पर=उसके बाद ।

१—गगन=आकाश । घन=घना, निविड़ । दामिनि=बिजली । २—कुलिस-पातन=वज्र का गिरना, ठनके की ठनक । खरतर बलगई=अत्यन्त तेज़ी से सनसनाती हुई बहती है । ४—अगुसरि=अग्रसर होकर, आगे जाकर । संकेत=गुप्त मिलन-स्थान । ५—तरल=अस्थिर, चलायमान । जलधर=मेघ । बरिख=बरस रहा है । ६—साम=श्याम, श्रीकृष्ण । एकले=अकेले । ७—मझु=मेरा । अथिर=चंचल । ८—ई=यह । गुरुजन=बड़े लोग, श्रेष्ठ पुरुष । तिमिरहि=अन्धकार । ९—तुरति=तुरत । किए=क्या । विचारतो=हो । मझु=मध्य, में । अगुसार=अग्रसर होओ, बढ़ो । १०—अभिसर=अभिसार करो । बिथार=विस्तार ।

(११२)

रयनि काजर बम भीम भुजंगम
कुलिस परए दुरबार।
गरज तरज मन रोस बरिस घन
संसअ पड़ अभिसार॥ २॥
सजनी, बचन छड़इत मोहि लाज।
होएत से होओ बरु सब हम अंगिकरु
साहस मन देल आज॥ ४॥
अपन अहित लेख कहइत परतेख
हृदय न पारिअ ओर।
चाँद हरिन वह राहु कवल सह
प्रेम पराभव थोर ॥६॥

१—रयनि=रात। बम=वमन करता है। रयनि काजर बम=रात अन्धकारपूर्ण है। भीम=विशाल, भयानक। भुजंगम=सर्प। कुलिस=वज्र, ठनका। दुरबार=जिससे बचना मुश्किल है। २—रोस=रोष, क्रोध। ४—होएत से होओ बरु=जो होना होगा, वह भले ही हो जाय। अंगिकरु=अंगीकार करूंगी। ५—अहित=बुराई। लेख=समझना। परतेख=प्रत्यक्ष। ओर=सीमा, अन्त। ६—हरिन=चन्द्रमा में जो हरिण के आकार का काला धब्बा है। वह=धारण करना। कवल=कौर, ग्रास। सह=साथ, सहता है। पराभव=हार। राहु का ग्रास हो जाने पर भी चन्द्रमा हरिण को धारण किये रहता है, प्रेम में पराजय है ही नहीं—किसी विघ्न-बाधा से प्रेम का

चरन बेढ़िल फनि हित मानलि धनि
नेपुर न करए रोर।
सुमुखि पुछओं तोहि सरुप कहसि मोहि
सिनेह क कत दुर ओर॥८॥
ठामहि रहिअ धुमि प स चिन्हिअ भूमि
दिग मग उपजु संदेह।
हरि हरि सिव सिव तावे जाइअ जिव
जावे न उपजु सिनेह॥१०॥
भनइ बिद्यापति सुनह सुचेतनि
गमन न करह बिलम्ब।
राजा सिवसिंघ रूपनरायन
सकल कला अवलम्ब॥११॥

नाश नहीं हो सकता। ७—बेढ़लि=लपेटना घेरना। फनि=सर्प। रोर=शब्द झंकार। पैर में सर्प लिपट जाने पर बाला ने उसे अपना हित समझा, क्योंकि (सर्प लिपट जाने से) नूपुर झंकार नहीं करते थे। ८—सरुप=सत्य। ओर=अन्त। सुन्दरी, मैं तुमसे पुछती हूँ, सच-सच बताओ, प्रेम की अन्तिम सीमा कहाँ पर है? ९—दिग=दिशा। घूम घूमकर एक ही स्थान पर चली आती हूँ। स्पर्श से ही पृथ्वी जानी जाती है (अन्धकार के कारण दीख नहीं पड़ती)। दिशा और राह के विषय में सन्देह है। मालूम होता है कि दिग्भ्रम हो गया है, जिससे मैं राह भूल गई हूँ। १०—तावे=तबतक। जावे=जबतक। ११—सुचेतनी=बुद्धिमती, सुचतुरा। गमन=जाने में।

(११४)

सखि हे, आज जाएब मोहि।
घर गुरुजन डर न मानब
बचन चूकब नहि ॥ २ ॥
चानन आनि आनि अंग लेपब।
भूषन कए गजमोति।
अंजन बिहुन लोचन - जुगुल
धरत धवल जोति ॥ ४ ॥
धवल बसन तनु झपाएब
गमन करब मंदा।
जइओ सगर गगन ऊगत
सहस सहस चंदा ॥ ६ ॥
न हम काहुक डीठि निवारबि
न हम करब ओत।
अधिक चोरी पर सयँ करिअ
एहे सिनेह क सोत ॥ ८ ॥
भन बिद्यापति सुनह जुवती
साहस सफल काज।
बूझ सिबसिंघ इ रस रसमय
सोरम देबि समाज ॥ १० ॥

३—चानन = चंदन । आनि = लाकर । ४—बिहुन = रहित । धवल-उजला ५—मंदा=धीरे-धीरे । ६-सगर=समग्र = समूचे । गगन= आकाश । ७-निवारबि = बचा दूंगी । ओत=ओट । ८—सोत=स्रोत।

(११५)

प्रथम जउवन नव गरुअ मनोभव
छोटि मधुमास रजनि।
जागे गुरुजन गेह रासए चाह नेह
संसअ पड़ल सजनि ॥ २ ॥
नलिनी दल निर चित न रहए थिर
तत घर तत हो बहार।
बिहि मोर बड़ मंदा उगि जनु जाए चंदा
सुति उठि गगन निहार ॥ ४ ॥
पथहु पथिक संका पय पय धए पंका
कि करति ओ नव तरुनी
चलए चाह बसि पुनु पड़ खसि खसि
जाल क छेकलि हरिनी ॥ ६ ॥
साए साए कओन बेदन तसु जाने।
निकुज बनहि हरि जाइति कओन परि
अनुखन हन पंचबाने ॥ ८ ॥
बिद्यापति भन की करत गुरुजन
नींद निरूपन लागी।
नयन नीर भरि धीर भपावए
रयनि गमावए जागी ॥ १० ॥

१—मधुमास=चैत्र। २—नलिनी दल निर=कमल के पत्ते पर के पानी के समान। बहार=बाहर। ४—सुति=सोकर। ५ पय=पग। पंका=कीचड़ ६—जाल क छेकलि—जाल में घिरी हुई। ७ साए=सखी। ८—हन=मारना।

अवहु राजपथ पुरुजन जागि।
चाँद-किरन नभमंडल लागि॥ २॥
सहए न पारए नव नव नेह।
हरि हरि सुन्दरि पड़लि संदेह॥ ४॥

कामिनि कएल कतहु परकार।
पुरुष क बेस कएल अभिसार॥ ६॥
धम्मिल लोल झोंट कए बंध।
पहिरल बसन आन करि छन्द॥ ८॥

अम्बर कुच नहि सम्बरु भेल।
बाजन-जंत्र हृदय करि लेल॥१०॥
अइसए मिललि धनि कुंज क माझ।
हेरि न चीन्हइ नागर राज॥१२॥

हेरइत माधव पड़लन्हि धंद।
परसइत भाँगल हृदय क दंद॥१४॥
भनइ विद्यापति सुन वर नारि।
दूध-समुद्र जनि राज-मरालि॥१६॥

३—सहए न पारए=सह नहीं सकती। नव=नया। ५—परकार=प्रकार, उपाय। ७—धम्मिल=केश, वेणी। लोल=चञ्चल। झोंट=झोंटा, खोंपा, जूड़ा। चंचल-वेणी को (साधुओं के ऐसा) जूड़े के समान बाँधा। ८—आन छन्द करि=दूसरी तरह से। ९—अम्बर=कपड़ा। सम्बरु=सँभलना। किन्तु कपड़े से ढके जाने पर भी कुच सँभल न सके—छिप न सके। १०—बाजन-जन्त्र=सितार। हृदय करि

(११७)

चरन नूपुर उपर सारी।
मुखर मेखल कर निवारी ॥ २ ॥
अम्बर सामर देह झपाई।
चलहु तिमिर पथ समाई ॥४॥
समुद कुसुम रभस रसी।
अबहि उगत कुगत ससी ॥६॥
आएल चाहिअ समुखि तोरा।
पिसुन-लोचन भम चकोरा ॥८॥
अलक तिलक न कर राधे।
अंग विलेपन करह बाधे ॥१०॥
कुसुमित कानन कालिन्दि- तीर।
तहाँ चलि आओल गोकुल वीर। १२॥
तयँ अनुरागिनि ओ अनुरागी।
दूषन लागत भूषन लागी ॥१४॥
भनइ विद्यापति सरस कवि।
नृपति-कुल-सरोरुह रवि ॥१६॥

लेल=हृदय पर रख लिया। १३—बंद=संदेह। १४—दंद=द्वन्द्व, दुविधा। १६—समुद्र=समुद्र। राजमरालि—राजहंसिनी।

१, २—पैर के नूपुर को ऊपर चढ़ा लो, और मुखरा (शब्द करने वाली) करधनी को हाथ से निवारण करो। ३—अम्बर=वस्त्र। तिमिर-पथ=अन्धकार पूर्ण राह। समाई=घुसकर। ५—समुद=समूद्र। कुसुम=फूल। रभस=आनन्द। रसी=रस-युक्त। ६—कुगत=जिसका

(११८)

जागल घर पर नींद भेल भोर।
सेज तेजल उठि नंद-किशोर ॥२॥
सघन गगन हेरि नखतर पाँति।
अवधि न पाओल छूटल राति ॥४॥
जलधर रुचिहर सामर काँति।
जुवति-मोहन-वेस धरु कत भाँति ॥६॥
धनि अनुरागिनि जानि सुजान।
घोर अँधियारे कएल पयान ॥८॥
पर-नारी पिरित क ऐसन रीति।
चलल निभृत पथ न मानय भीति ॥१०॥
कुसुमित कानन कालिन्दि-तीर।
तहँ चलि आएल गोकुल बीर ॥१२॥
कविसेखर पथ मीलल जाई।
आएल नागर भेंटल राई ॥१४॥

आगमन अशुभ हो। ससी=चन्द्रमा। ८ पिसुन—दुष्ट। भम=भ्रमण कर रहे हैं। ९—अलक तिलक=महावर और टीका। १०—अंग विलेपन=शरीर में अंगराग लगाना। करह बाधे=बाधा कर दो, मत लगाओ।

१—घर पर जो जगे थे, सभी सो गये। ३-नखतर=नक्षत्र, तारे। ४—रात कितनी बीती, इसका अन्दाज न पाया। ५—जलधर=मेघ। रुचि-हर शोभा हरनेवाला। ६—जुवति मोहन=युवतियों को मोहनेवाला। १० निभृत=सुनसान पूर्ण, अन्धकार। १४—राई=राधा।

(११९)

तपन क ताप तपत भेल महि-तल
तातल बालू दहन समान।
चढ़ल मनो-रथ भामिनि चलु पथ
ताप तपत नहिं जान ॥२॥
प्रेम क गति दुरबार।
नविन जौबनि धनि चरन कमल जिनि
तइओ कएल अभिसार।४॥
कुल-गुन-गौरव सति जस-अपजस
तृन करि न मानए राधे।
मन मधि मदन महोदधि उछलल
बूड़ल कुल-मरजादे।६॥
कत कत बिघिन जितल अनुरागिनि
साधल मनमथ-तंत।
गुरुजन-नयन निवारइत सुबदनि
पाठ करए मन मंत।८॥
केलि कलावति कुसुम-सरिस-कुल
कौसल करल पयान।
सत छल मनोरथ पूरल मनमनमथ
इह कबिसेखर भान ॥१०॥

१—तपन क=सूर्य की। ताप=गर्मी। तपत=तप्त, जलता हुआ। तातल=गर्म हो गया। दहन=अग्नि। २—मनो-रथ=इच्छा-रूपी रथ। भामिनी=स्त्री। ३—दुरबार=प्रबल। ४—जिनि=

(१२०)

निअ मंदिर सयँ पग दुइ चारि।
घन घन बरिस मही भर बारि॥ २॥
पथ पीछर वड़ गरुअ नितम्ब।
खसु कत बेरि नही अवलम्ब॥ ४॥
बिजुरि-छता दरसावए मेघ।
उठए चाहइ जल धारक थेघ॥ ६॥
एक गुन तिमिर लाख गुन भेल।
उतरहु दखिन भान दुर गेल॥ ८॥
ए हरि जानि करिअ मोयँ रोस।
आजुक बिलम्ब दइब निअ दोस॥१०॥

समान। तइओ=तो भी। ५—सति=सती स्त्रियों का। ६—मधि=मध्य, में। महोदधि—महा समुद्र। उछलल=उछलने लगा, तरंगित होने लगा। ७—मनमथ=कामदेव। तंत=यन्त्र। ८—निवारइत=बचती हुई। मन्त=मन्त्र। ९—कुसुम=फूल। सरसि=सरसी, तालाब। कुल (कूल)=किनारे। कोसल=छल से। १०—छल=था।

१—निअ=अपना। सयँ=से। पग=डेग। २—घन घन=घने बादल। महि भर बारि=पृथ्वी जल से भर गया। ३—पीछर=जिसपर पैर फिसल जायँ। गरुअ=भारी। नितम्ब=चूतड़। ४—खसु कत बेरि=कितनी बार गिर पड़ी। ६—जल धारा बाँध कर—मूसलधार—बरसना चाहता है। ७—तिमिर=अन्धकार। ८—उत्तर और दक्षिण का ज्ञान दूर ही हो गया। दिशा-ज्ञान नहीं रहा।

(१२१)

माधव, करिअ सुमुखि समधाने।
तुअ अभिसार कएलि जत सुंदरि
कामिनि करु के आने॥ २॥
बरिस पयोधर धरनि बारि भरि
रयनि महा भय भीमा।
तइओ चललि धनि तुअ गुन मन गुनि
तसु साहस नहि सीमा॥ ४॥
देखि भवन-भित लिखित भुजँग-पति
तसु मन परम तरासे।
से सुबदनि कर झपइत फनिमनि
बिहुसि आएलि तुअ पासे॥ ६॥
निअ पहु परिहरि अइलि कमल-मुखि
परिहरि निअ कुल गारी।
तुअ अनुराग मधुर मद मातलि
किछु न गुनलि बर नारी॥ ८॥
ई रस-रसिक बिनोद क बिन्दक
कवि विद्यापति गावे।
काम प्रेम दुहु एक मत भए रहु
कखने की न करावे॥ १०॥

२—के=कौन। २—आनें=दूसरा। ४—पयोधर=बादल। भीमा=डरावनि। ५—भित=दीवाल। भुजंग=सर्प। ७—कर=हाथ। फनिमनि=सर्प के मणि को। ७—पहु=प्रभु, प्रीतम। गारी—

(१२२)

राहु मेघ भए गरसल सूर।
पथ परिचय दिवसहि भेल दूर ॥२॥
नहि बरिसए अबसन नहि होए।
पुर परिजन संचर नहि कोए ॥४॥
चल चल सुन्दरि कर गए साज।
दिवस समागम सपरत आज ॥६॥
गुरुजन परिजन डर करु दूर।
बिनु साहस अभिमत नहि पूर ॥८॥
एहि संसार सार बतु एक।
तिला एक संगम, जाव जिव नेह ॥१०॥
भनइ बिद्यापति कबिकंठहार।
कोटिहुँ न घट दिवस-अभिसार ॥१२॥

गाली, शिकायत। मेघ—कबने ''''''=कब वर्षा नहीं कराता।

१—मेघ ने राहु बनकर सूर्य को ग्रस लिया है—मेघ के कारण सूर्य हीनप्रभ हो गये हैं। २—पथ-परिचय=राह की पहचान। दिवसहि=दिन में ही। ३—अबसन=अवसन्न, समाप्त। मेघ न बरसता बरसता है, न खुल जाता है ४—गाँव में लोग नहीं आते-जाते। ५—कर गए साज=जाकर साज करो—शृंगार करो। ६—दिवस-समागम=दिन का मिलन। सपरत=सम्पूर्ण होगा। ८—अभिमत=मनोवाञ्छा। ९—सार=तत्त्व, सत्य। बतु=वस्तु। १०—एक क्षण के लिये रति-क्रीड़ा और जीवन-भर प्रेम करना। ११—कोटिहु= करोड़ों उपाय करने पर भी। न घट=न घट सकता, न हो सकता।

(१२३)

आज पुनिम तिथि जानि मोयँ अएलिहुँ
उचित तोहर अभिसार।
देह-जोति ससि-किरन समाइति
के बिभिनावए पार॥ २॥
सुन्दरि अपनहु हृदय बिचारि।
आँखि पसारि जगत हम देखलि
के जग तुअ सम नारि॥ ४॥
तोहँ जनि तिमिर हीत कए मानह
आनन तोर तिमिरारि।
सहज बिरोध दूर परिहरि धनि
चलु उठि जतए मुरारि॥ ६॥
दूती बचन हीत कए मानल
चालक भेल पँचबान।
हरि-अभिसार चललि बर कामिनि
बिद्यापति कबि भान॥ ८॥

१—पुनिम पूर्णिमा। अएलिहुँ=मैं आई। २—देह-जोति=शरीर की कांति। ससि-किरन—चन्द्रमा की किरण (में)। समाइति=घुल जायगी, मिल जायगी। के=कौन। बिभिनावए पार=विभिन्न कर सकता है, अलग कर सकता है। ५—जनि=नहीं। तिमिर=अन्धकार। हीत=मित्र। आनन=मुख। तिमरारि=अन्धकार का शत्रु, चन्द्र। ६—जतए = जहाँ। ७—चालक = प्रेरक पँचबान=काम। हरि-अभिसार=कृष्ण से गुप्त मिलन करने को।

अरुन किरन किछु अम्बर देल।
दीप क सिखा मलिन भए गेल ॥२॥
तेजि तज माधव जएवा देह।
राखब चाहिअ गुपुत सनेह ॥४॥
दुरजन जागत परिजन कान।
सगर चतुरपँन होएत मलान ॥६॥
भमर कुसुम रमि न रह अगोरि।
केओ नहि बेकत करए निअ चोरि ॥८॥
अपनयँ धन हे धनिक धर गोए।
परक रतन परगट कर कोय ॥१०॥
फाब चोरि जौं चेतन चोर।
जागि जाए पुर परिजन मोर ॥१२॥
भनइ विद्यापति सखि कह सार।
से जीवन जे पर उपकार ॥१४॥

१—अरुन-किरन=सूर्य की किरण। अम्बर=आकाश। २—सिखा=लौ,टेम। ३—तज छोड़ो। जएवा देह=जाने दो। ४—गुपुत=गुप्त, छिपा हुआ। ६—सगर=सब। मलान=म्लान, मलिन। ७—भमर=भौंरा। रमि=रमण कर, विहार कर। अगोरि=अगोरकर रहना। ८—बेकत=व्यक्त, प्रकट। ९—१०—धनी लोग अपने धन को भी छिपाकर रखते हैं। फिर दूसरे के धन को कहीं कोई प्रकट करता है ? ११—फाब=फबना, शोभता। चेतन=चतुर। १३—सार=सत्य।

(१२५)

दुहु कर लावनि मनमथ मोहनि
निरखि नअन भुलि जाय।
रजनि-जनित रति विशेष अलापन
अलस रहल दुहु गाय ॥२॥
चाँचर कुन्तल ताहे कुसुम-दल
लोलत आनहि भाँति।
दुहु दुहु हेरि मुख हृदय बाढ़ए सुख
बोलइत भूलत पाँत ॥४॥
निज निज मन्दिर नागरि नागर
चलइत करु अनुबन्ध।
बिरह-विषानल दुहु तनु जारल
लोचन लागल धन्द ॥६॥
भीतक चीत पुतुलि सन दुहु जन
रहल विरायक वेला।
प्रेम-पयोनिधि उछलि उछलि पड़
चेतन अचेतन भेला ॥८॥
दुहु जन चीत-रीत हेरि सहचरि
छन छन गगनहिं चाय।
रजनि पोहाओल सब जन जागल
से डर अधिक डराय ॥ १० ॥
सेखर बुझि तब करि कत अनुभव
दुहु सँग भंग कराव।
निज निज मन्दिर गमन करल दुहु
गुरुजन भेद न पाव ॥ १२ ॥

झूलना

(१२६)

मन्दिर अछलों सहचरि सेलि।
परसंगे रजनि अधिक भई गेलि ॥ २ ॥
जब सखि चलल्हु अप्पन गेह।
तब मझु नींद भरल सब देह ॥ ४ ॥
सूति रहल हम करि एक चीत।
दैब-बिपाक भेल बिपरीत ॥ ६ ॥
न बोल सजनि सुन सपन-सम्बाद।
हँसइत केहु जनि कर परिवाद ॥ ८ ॥
बिषाद पड़ल मझु हृदयक माँझ।
तुरित घोंचायलौं नीबिक काज ॥१०॥
एक पुरुष पुनु आओल आगे।
कोप अरुन आँखि अधरक दागे ॥१२॥
से भय चिकुर चीर आनहि गेल।
कपाल काजर मुख सिंदुर भेल ॥ १४ ॥
भतर कहइ केह अपजस गाब।
विद्यापति कह के पतिआब ॥ १६ ॥

१—अछलों = मैं थी। सहचरि = सखी। २—परसंगे = बातचीत में। रजनि = रात। ५—सूति रहल = सो रही। चीत एक करि = चित्त एकाग्र करके। ६—बिपाक = फल। ७—सपन = स्वप्न। ८—परिवाद = प्रवाद, शिकायत। १०—घोंचायलौं = शिथिल कर दिया। नीबिक काज = नीवी का बंधन। १२—अरुन = लाल। अधरक दागे = ओष्ठ पर चिह्न बना दिया।

(१८७)

कुसुम तोरए गेलहुँ जाहाँ।
भमर अधर खंडल ताहाँ॥ २॥
तें चलिएलहुँ जमुना तीर।
पवन हरल हृदय चीर॥ ४॥
ए सखि सरुप कहल तोहि।
आनु किछु जनि बोलसि मोहि॥ ६॥
हार मनोहर बेकत भेल।
उजर उरग सबआ लेल॥ ८॥
तें धसि मजूर जोड़ल झाँप।
नखर गाड़ल हृदय काँप॥ १०॥
भन विद्यापति उचित भाग।
बचन पाटव कपट लाग॥ १२॥

१३—ते भय=उस डर से। चिकुर=केश। चीर=साड़ी। आनहि गेल=दूसरे ही ढंग का हो गया। १४—कपाल=मस्तक। १५—अंतर=हृदय की बात। १६—पतिआब=विश्वास करेगा।

१—कुसुम=फूल। गेलहुँ=मैं गई। २—भमर=भौंरा अधर=ओष्ठ। ३—तें=वहाँ से। ४—हृदय चीर—वक्षःस्थल की साड़ी, अंचल। ५—सरुप=सत्य। आनु=अन्य। ७—बेकत=व्यक्त, प्रकट। उजर=उज्ज्वल। उरग=सर्प। ९—झाँप जोड़ल=झपट पड़ा। १०—नखर गाड़ल=नख गड़ा गया। १२—पाटव=पटुता, चतुरता।

(१२८)

सखि हे तोहे हमर बहु सेवा।
ऐसनि बानि कबहु जनि बोलबि
जाति कुल किए मोर लेवा ॥ २ ॥
गोकुल नगर कान्हु रति-लम्पट
जौबन सहज हमारा।
तुहु सखि रभसि मोहे जनि बोलबि
लोक करब पतिआरा ॥४॥
केसर कुसुम हेरि हम कौतुक
भुज जुग मेटल ताहि।
दाड़िम भरम पयोधर ऊपर
पड़लहु कीर लोभाहि ॥ ६ ॥
चकित उभय भुज इति उति पेखल
तैं बेम भए गेल आन।
इथे परिवाद कहसि मोहे बैरिनि
इह कबि सेखर भान ॥ ८ ॥

१—हे सखि, मैं तुम्हारी बहुत सेवा करूँगी। २—बानि=बोली। जाति कुल ''=मेरा जाति-कुल क्यों लोगी, क्यों नष्ट करोगी। ४—रभसि=दिल्लगी में। पतिआरा—विश्वास। ५—केशर के फूल देखकर, कौतुकवश, उसे दोनो हाथों से मसल दिया [जिस कारण मेरे अंगों में अंगराग लगे दीख पड़ते हैं]। ६—अनार समझकर सुग्गे मेरे कुचों पर लुभा गये। [उनकी चोंचों के आघात से कुछ क्षतविक्षत हो गये, जिसे तुम नख रेखा समझ रहो हो]। ७—उभय=

खरि नरि-वेग भासलि नाई ।
धरए न पारथि लाल कन्हाई ॥ २ ॥
ते धसि जमुना ऐलहुँ पार ।
फूटल वलआ टूटल हार ॥ ४ ॥
ए सखि ए सखि न बोल मंद ।
विरह बचन बढ़ाए दंद ॥ ६ ॥
कुंडल खसल जमुन माँझ ।
ताहि जोहइत पड़लि साँझ ॥ ८ ॥
अलक तिलक तें बहि गेल ।
सुध सुधाकर वदन भेल ॥ ११ ॥
तटिनि तट न पाइअ बाट
तें कुच गड़ल कठिन काँट ॥ १२ ॥
भनइ विद्यापति अपसाद ।
बचन-कओसल जितिआ बाद ॥ १४ ॥

दोनों । भुज=हाथ । तैं=इससे । बेष=रूप—आन=दूसरा ।

१—खरि=तीव्र । नरि=नदी । भासलि=भग गई । बह चलि । नाइ=नाव, नौका । ३—धसि=तैरकर । ४—वलआ=चूड़ी । ५—मंद=बुरी बात । ६—विरह=विरस, कठोर । दंद=झगड़ा । ७—खसल=गिर पड़ा । ८—जोहइत=खोजने में । ९—अलक=आलता, महावर । तिलक=टीका । १०—सुध=शुद्ध, निष्कलंक । सुधाकर=चन्द्रमा । ११—तटनि=नदि । बाट=रास्ता । १२—गड़ल=गड़ गया । १३—अपसाद=[illegible] ।

ननदी सरुप निरूपह दोसे।
बिनु बिचार बेभिचार बुझओबह
सासू करतन्हि रोसे॥ ४॥
कौतुक कमल नाल सयँ तोरल
करए चाहल अवतंसे।
रोष कोष सयँ मधुकर आओल
तेंहि अधर करु दंसे॥ ४॥
सरबर-घाट बाट कंटक-तरु
देखहि न पारल आगू।
साँकरि बाट उबटि कहु चललहु
तें कुच कंटक लागू॥ ६॥

१४—बचन कओसल = बचन-चातुरी। बाद=मुकदमा।

१—सरूप = स्वरूप, आकृति। निरूपह = निरूपण करती हो मेरी ननद, तुम आकृति देखकर मझे दोष लगाती हो। २—बेभिचार = व्यभिचार, पाप कर्म। बुझओबह = समझाओगी। रोसे=क्रोध। ३—नाल सयँ = मृणाल से। अवतंसे = सिर का आभूषण। ४—रोष=क्रोधित होकर। कोष=कमल का भीतरी भाग। मधुकर = भौंरा। तेंहि=उसीने। दंसे करु=काट लिया (जिससे ओष्ठ मलिन हो गये) ५—सरबर=तालाब। बाट=राह। कंटक तरु=काँटों के पेड़। देखहि न पारल=देख न सकी। आगू= आगे। ६—साँकरि=संकीर्ण पतली। तें=इसमें। कुच=स्तन।

गरुअ कुम्भ सिर थिर नहिं थाकए
तेँ उघसल केस-पास।
सखि जन सयँ हम पाछे पड़लिहु
तेँ भेल दीघ निसास ॥ ८ ॥
पथ अपवाद पिसुन परचारल
तथिहु उत्तर हम देला
अमरख चाहि धैरज नहि रहले
तेँ गदगद सर भेला ॥१०॥
भनइ विद्यापति सुन वर जौवति
ई सभ राखल गोई।
ननदी सयँ रस रीति बढ़ावह
गुपुत बेकत नहि होई ॥१२॥

७—गरुअ = भारी। कुम्भ = घड़ा। सिर थिर नहि थाकए = सिर स्थिर नहीं रहता। उघसल = शिथिल हो गया। ८—सयँ = से। पीछे पड़िलिहु = पीछे पड़ गई। दीघ भेल = तीव्र हुआ। निसास = ऊँची साँस, उच्छ्वास। मैं सखियों के पीछे पड़ गई, अतः दौड़-कर उन्हें पाने की चेष्टा करने के कारण साँस जल्दी-जल्दी आ रही है। ९—पथ = राह। अपवाद = शिकायत। पिसुन = दुष्ट। परचारल = प्रचारित किया, फैलाया। तथिहु = वहाँ। उत्तर देला = उत्तर दिया। १०-अमरख चाहि = अमर्ष वश, क्रोध के आवेग से। गदगद-सर = भर्राई आवाज। ११—ई सभ = यह सब। गोई = छिपाकर। गुपुत बेकत नहि होई = जो प्रकट है, वह छिप नहीं सकता।

जाहि लागि गेल हे ताहि कहाँ लइलि हे
ता पति बैरि पितु काहाँ।
अछलि हे दुख सुख कहह अहत मुख
भूषन गमओलह जाहाँ॥२॥
सुन्दरि, कि कए वुझाओब कंते
जन्हिका जनम होइत तोहे गेलिहु
अइलि हे तन्हिका अंते॥४॥
जाहि लागि गेलहु से चलिआएल
तें मोयँ धाएल लुकाई।

१—जाहि लागि=जिसके लिये (जल के लिये)। गेलि=गई। ताहि=उसे। कहाँ लाइलि=कहाँ लाई (नहीं लाई)। ता पति बैरि पितु कहाँ=उसके (जल के) पति=समुद्र, समुद्र का बैरी=अगस्त्य, अगस्त्य का पिता=घट, घड़ा; घड़ा—घड़ा=कहाँ हैं? २—अछलि=थी। भूषण=अंगराग आदि। गमओलह=खो दिया। जहाँ अंगराग आदि। (रति क्रीड़ा की मस्ती में) नष्ट हो गये, वहाँ के सुख-दुःख अपने ही मुख से कहो। ३—कि कए=क्या कहकर। वुझाओब=समझाओगी। ४—जन्हिका जनम होइत=जिसका (दिन का) जन्म होते ही—प्रातःकाल ही। अइलि हे तन्हिका अन्ते=उसके (दिन के) अन्त में—संध्या को आई। ५—जिसके लिये (जल के लिये) मैं गई, वह (जल-वृष्टि, वर्षा) चली आई—वर्षा होने लगी, जिससे मुझे दौड़कर छिपना पड़ा।

से चलि गेल ताहि लए चललिहु
तेँ पथ भेल अनेआई ॥ ६ ॥
संकर-वाहन खेड़ि खेलाइत
मेदिनि-वाहन आगे ।
जे सब अछलि सँग से सब चललि भँग
उबरि अएलहुँ अति भागे ॥ ८ ॥
जाहि दुइ खोज करइ छ्थि सासुन्हि
से मिलु अपना संगे ।
भनइ विद्यापति सुन वर जौबति
गुपुत नेह रति-रंगे ॥ १० ॥

६—से=वह (जल वृष्टि) चली गई तब उसे (जल) लेकर चली । तेँ=इस कारण । पथ=राह । अनेआई=अन्याय । ७-संकर-वाहन=बैल । खेड़ि खेलाइति=खेल कर रहा था, आपस में लड़ रहा था । मेदिनि वाहन=सर्प । आगे=आगे था । ८—अछलि=थो । भँग=छिटककर । उबरि अएलहुँ=उबर आई, बच आई । भागे=भाग्य से ही । ९—जिन दोनों (जल और घड़ा) की खोज सासुजी कर रही हैं, वे दोनों अपने साथियों से मिल गये-(वर्षा हो रही थी कि घड़ा फूट गया-घड़े का पानी वर्षा के पानी में मिल गया । और मिट्टी का घड़ा मिट्टी में मिल गया) । १०—जौबति=युवती । गुपुत नेह=गुप्त प्रेम । रति-रंगे=रति क्रीड़ा ।

When passion and philosophy meet in a single individual, we have a great poet —Browning.

मान

खनहि खन महँघ भइ   किछु अरुन नयन कइ
कपट धरि मान सम्मान लेही।
कनक जयँ प्रेम कसि   पुनु पलटि बाँक हसि
आधि लयँ अधर मधु-पान देहि॥ ॥
अरेरे इन्दुमुखि अढ़ न कर   पिअ हृदय खेद हर
कुसुम-सर रंग ससार सारा ॥ ३॥
बचन बस होसि जनु   ससरि भिन्न होइत तनु
सहज बरु छाड़ि देब सयन सीमा।
प्रथमे रस भंग भेल   तोसे मुल सोभ गेल
बाँधि भुज-पास पिय धरब गीमा ॥५॥
जदि नयन-कमल-बर   मुकुल कल कान्ति धर
खर नखर-घात कइ सेहे बेला।
परम पर लाभ सम   मोद चिर हृदय रम
नागरि सुरत सुख अमिअ मेला ॥७॥
सरसकवि सुरस भन   चारु तर चतुरपम
नारि अराहिअइ पंचबान।
सकल जन सुजन गति   राम लखिमाक पति
रूप नारायन सिवसिंघ जाना॥ ९॥

[मान-शिक्षा] १—महँघि=महँगा । ३—अढ़=टालमटू । कुसुम-सर=कामदेव । ५—गीमा=ग्रीवा, गरदन । ६—यदि नयन रूपी कमल कली का रूप धारण करे—आँखें झिपने लगें—तो उस समय नख का विकट प्रहार करना ।

लोचन अरुन बुझल बड़ भेद।
र उजागर गदगद निवेद ॥ २ ॥

ततहि जाह हरि न करह लाथ।
रयनि गमओलह जन्हिके साथ ॥ ४ ॥

कुच कुंकुम माखल हिय तोर।
जनि अनुराग राँगिकए गोर ॥ ६ ॥

आनक भूषण तोर बलङ्क।
चइओ भेद मन्द ओ परसङ्ग ॥ ८ ॥

पिटि-गुन चुपड़लि राइक पोरि।
हाओले ताथ बेकत भेल चोरि ॥ १० ॥

भनइ विद्यापति यतयहु हाद।

(११४)

कुंकुम लओलह नख-रत गोइ।
अधरक काजर अएलह धोइ ॥२॥
तइओ न छपल कपट-बुधि तोरि।
लाछन अरुन बेकत भेल चोरि। ४॥
चल चल कान्ह बोलह जनु आन।
परतख चाहि अधिक अनुमान ॥ ६ ॥
कानओ प्रकृति बुझओं गुनसीला।
जस तोर मनोरथ मनसिज-लीला ॥ ८ ॥
बचन नुकावह बेकतओ काज।
तोय हँसि हेरह मोय बड़ लाज ॥ १० ॥
अपथहु सपथ बुझावह राधे।
कोन परि खेओम सठ अपराधे ॥ १२ ॥
भनइ बिद्यापति पिअ अपराध।
उदघट न कर मनोरथ साध ॥१४॥

१—नायिका ने जो अपने नखों से चकोटकर तुम्हारे वक्ष-स्थल पर चिह्न बना दिया था, उसे कुंकुम लगाकर छिपा लाये हो। २—अधरक=ओष्ठ का। अएलह =आये हो। ३—छपल=छिप सका। ४—अरुन=लाल। बेकत=व्यक्त, प्रकट। ५—आन=अन्य। ६—परतख=प्रत्यक्ष। ७—प्रकृति=स्वभाव। ८—जस=जैसा। मनसिज=कामदेव। ९—नुकावह=छिपाते हो। १०—तुम हँसकर (मेरी ओर) देखते हो, किन्तु मुझे लज्जा आती है। ११—अपथहु= बुरी राह जाने पर भी। १२—कोन परि=किस प्रकार। खेओम=क्षमा करूँगी। १४—उदघट=प्रकाश। साध=इच्छा।

(१३५)

आध आध मुदित भेल दुहु लोचन
बचन बोलत आध आधे।
रति-आलस सामर तनु झामर
हेरि पुरल मोर साधे ॥२॥
माधव, चल चल चलतन्हि ठाम।
जसु पद-जावक हृदयक भूषन
अबहु जपत तसु नाम ॥४॥
कत चंदन कत मृगमद कुंकुम
तुअ कपोल रहु लागि।
देखि सौति अनुरुप कएल बिहि
अतए मानिए बहु भागि ॥६॥

१—मुदित = मुँदे हुए। २—रति आलस = काम क्रीड़ा-जनित थकावट। सामर = श्यामता। झामर=मलिन। हेरि= देखकर। साधे=हौसला। ३—चल = जाओ। तन्हि ठाम=उसी जगह। ४—जसु=जिसके। पद जावक=पैर का महावर। जिसके पैर का महावर तुम्हारे हृदय आभूषण हुआ है, उसीका नाम तुम अब भी जप रहे हो। [अकस्मात् कृष्ण के मुँह से उस नायिका का नाम निकल गया था]। ५—कत = कितना। मृगमद=कस्तूरी। कुंकुम = केशर। कपोल = गाल। ६—अनरूप = समान। ६—मैं तो इसीमें अपना सौभाग्य मानती हूँ कि ब्रह्मा ने मुझे एक योग्य सौत दी है।

सुन सुन सुन्दरि कर अवधान।
बिनु अपराध कहसि काहे आन ॥२॥
पुजलौं पसुपति जामिनि जागि।
गमन बिलम्ब भेल तेहि लागि ॥४॥
लागल मृगमद कुंकुम दाग।
उचरइत मंत्र अधर नहि राग ॥६॥
रजनि उजागर लोचन घोर।
ताहि लागि तोहे मोहे बोलसि चोर ॥८॥
नवक बिसेखर कि कहब तोय।
सपथ करह तब परतीत होय ॥१०॥

१—अवधान=मनोयोग, ध्यान देना। कहसि काहे आन = दूसरी बात क्यों कह रही हो। पसुपति=महादेव। जामिनि=रात। ४-गमन=आने में, चलने में। तेहि लागि=इसी लिये। ५—६—उचरइत=उच्चारन करने। राग=लालिमा। कस्तुरी और केशर से शिव की पूजा की शरीर पर उन्हीं के चिह्न है। बार बार मंत्र उच्चारण करने के कारण ओष्ठ की ललाई नष्ट हो गई। ७-रजनि=रात। उजागर=जागरण, घोर=भयानक (लाल) ८—इसी लिये तुम मुझे चोर कहती हो। ९—१०—विद्यापति कहते हैं—तुम क्या कहोगे, जब शपथ करो, तो तुम्हारी बातों पर विश्वास हो।

[अगले पद में श्रीकृष्ण की विचित्र शपथ पढ़िये और गौर कीजिये]

(१३७)

ए धनि माननि करह संजात।
तुअ कुच हेम-घट हार भुजंगिनि
ताक उपर धर हात ॥ २ ॥
तोहे छोड़ि जदि हम परसब कोय।
तुअ हार-नागिनि काटब मोय ॥ ४ ॥
हमर बचन यदि नहि परतीत।
बुझि करह साति जे होय उचीत ॥ ६ ॥
भुज-पास बाँधि जघन-तर तारि।
पयोधर-पाथर हिय दह भारि ॥ ८ ॥
उर-कारा बाँधि राख दिन-राति।
बिद्यापति कह उचित इह साति। १० ॥

१—धनि=बाला। करह संजात=संयत करो, कोप छोड़ो। २—हेम-घट=सोने का घड़ा। भुजंगिनि=सर्पिणी। ताक=उसके। [यदि विश्वास न हो तो शपथ करा लो। सोना छूकर शपथ खाना प्रामाणिक माना जाता है, सो] तेरे कुच रूपी सोने के घड़े तथा हार रूपी सर्पिणी के ऊपर हाथ रखकर मैं शपथ खाता हूँ। ३—छोड़ि=छोड़कर। परसब=स्पर्श करूँगा। कोय=किसी को। ६—साति=शास्ति, दण्ड। ७—भुज-पास=भुजा रूपी जंजीर। जघन तर=जाँघों के बीच में। तारि=ताड़ना करके, खूब ठोक-पीट के। ८—स्तनरूपी भारी पत्थर हृदय पर रख दो। ९—उर-कारा=हृदय रूपी जेलखाने में। राख=रक्खो। १०—इ=यह। साति=शास्ति, दंड।

(१३८)

अरुन पुरब दिसा बितलि सगर निसा
गगन मगन भेला चंदा।
मूदि गेलि कुमुदिन तइयो तोहर धनि
मूदल मुख अरबिंदा ॥२॥
चाँद बदन कुवलय दुहु लोचन
अधर मधुरि बिरमान।
सगर सरीर कुसुम तोंए सिरिजल
किए दहु हृदय पखान ॥४॥
अस कति करइ ककन नहि पहिरइ
हार हृदय भेल भार।
गिरि सम गरुअ मान नहि मुँचसि
अपरुब तुअ वेवहार ॥६॥
अवगुन परिहरि हेरइ हरखि धनि
मानक अवधि विहान।
राजा सिवसिंघ रूप नरायण
कवि विद्यापति भान ॥८॥

१—अरुन=लाल । वितलि=बीत गई । सगरि=समग्र, समूची । मगन=मग्न, डूब जाना । २—अरबिंदा=कमल । ३—बदन=मुख । कुवलय=कमल । मधुरि=एक लाल फूल। ४—कुसुम=फूल । सिरिजल=बनाया । किए दहु=क्यों दिया । पखान=पत्थर । ५—अस=ऐसा । कति=क्यों । ककन=कँगन । ६—गरुअ=भारी । मुंचसि=छोड़ती हो । ७—विहान=प्रातःकाल ।

मदन-कुञ्ज पर बइसल नागर
वृन्दा सखि मुख चाहि।
जोड़ि जुगल कर विनति करए कत
तुरित मिलावह राहि ॥ २ ॥
हम पर रोखि विमुख भइ सुन्दरि
जबहु चललि निज गेहा।
मदन हुताशन मझु मन जारल
जीव न बाँधइ थेहा ॥ ४ ॥
तुअ अति चतुर सिरोमनि नागर
तोहे कि सिखाओब बानि।
तुहु बिनु हमर मरम कोन जानत
कइसे मिलाएब आनि ॥ ६ ॥
चन्दन चाँद पवन भेल रिपु सम
वृन्दावन बन भेल।
कोकिल मयूर झंकार देत कत
मझु मन मनमथ सेल ॥ ८ ॥
छल छल नयन वयन भरि रोअत
चरन पकड़ि गहि जाव।
हा हा से धनि हमए न हेरब
सिंह भूपति रस गाव ॥ १० ॥

१—चाहि = देखना । २—राहि=राधा । ४—मदन-हुताशन=कामदेव रूपी अग्नि । जीव न बाँधइ थेहा=जीव स्थैर्य

(१४०)

माधव, इ नहि उचित विचार।
जनिक एहन धनि काम-कला सनि
स किय करु व्यभिचार ॥२॥

प्रानहु ताहि अधिक कए मानब
हृदयक हार समान।
